डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम

₹100000 01 किलो

सेंसेक्स 75,939.21 -199.76 | डॉलर 86.620 -0.070

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 16 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-123, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु...

## एक नजर

### राष्ट्रपति आज करेंगी आदि महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आदि महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव 16 से 24 फरवरी 2025 तक दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का जश्न मनाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है।

### अमेरिका से 119 अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर आ रहा विमान

**नई दिल्ली।** अमेरिका से 119 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार की रात अमृतसर आ रहा है। इससे पहले भी अवैध प्रवासी भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया जा चुका है। ज्ञात हो कि डोनाल्ड ट्रंप के पिछले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। निर्वासित किए गए 119 लोगों में से सिर्फ पंजाब और हरियाणा के 100 लोग हैं। इनमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का एक-एक नागरिक शामिल हैं।

### भारत की दो महिला नौसैनिकों को 'केप हॉर्नर्स' की उपाधि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व परिक्रमा पर निकली भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों का सामना समुद्र में लगातार बारिश, 75 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चल रही तेज हवाओं और 5 मीटर से अधिक ऊंची समुद्री लहरों से हुआ। इन सभी बाधाओं को पार करते हुए भारतीय नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. ने दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे पर स्थित केप हॉर्न को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ऐसा करके भारतीय नौसेना की इन महिला अधिकारियों ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## देसी कट्टा के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जंगल में इकट्ठा हुए थे अपराधी**

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** पुलिस को 5 अपराधियों को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार करने में शनिवार को सफलता मिली है। सभी अपराधी बुकरू कोल साइडिंग के पास जंगल में कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूआ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल जब उक्त स्थान पर पहुंचा सभी अपराधियों की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी एसडीपीओ विनोद रवानी ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में मोहन गंझू (35 वर्ष) पिता गोपाल गंझू जतरा टांड़ शेरेगड़ा बालूमाथ, सागर तुरी (24 वर्ष) पिता जगदेव तूरी शेरेगड़ा थाना बालूमाथ कुलदीप गंझू (25 वर्ष) पिता लालू गंझु ग्राम डूमरचुंआ चंदवा, लक्ष्मण गंझू उर्फ मोटू (20 वर्ष) पिता दशरथ गंझू ग्राम चामा थाना चाहो जिला रांची व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों के पास से पांच विभिन्न कंपनी का मोबाइल फोन, 4 कीपैड मोबाइल, एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। यह अपराधी साइडिंग के पास कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार अपराधियों में लक्ष्मण गंझू चाहों थाना का नामजद अभियुक्त है। मोहन गंझू बालूमाथ थाना का नामजद अभियुक्त है। इनके गिरफ्तार होने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। गिरफ्तार अपराधियों को विभिन्न धाराओं के साथ न्यायिक हिरासत लातेहार जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूवा के अलावा बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,अमरावडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, मुरपा पिकेट प्रभारी हुसैन डांग, सअनि विकास कुमार, सअनि संतदेव कुमार, आईआरबी 4 अमरवा डीह पिकेट व मुरपा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते 25 पदक

## सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के खिलाड़ियों को दी बधाई



**मुख्यमंत्री ने कहा, खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को 25 पदक मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड के पोस्ट को साझा किया। उन्होंने 25 पदक जीतने पर झारखंड के खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड - **शेष पेज 11 पर**

**सबसे ज्यादा नौ स्वर्ण पदक लॉन बॉल में मिले**

झारखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में 07 स्वर्ण, 06 रजत और 12 कांस्य पदक समेत कुल 25 पदक जीते हैं। सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक लॉन बॉल में मिले हैं। लॉन बॉल में कुल 09 पदक मिले हैं, जिसमें 05 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य पदक शामिल है। तीरंदाजी में 02 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य समेत कुल 06 पदक मिले हैं। मॉडर्न पेंटाथेलॉन में खिलाड़ियों ने एक रजत और तीन कांस्य पदक (कुल 04 पदक) प्राप्त किए हैं। वुशु में एक रजत और दो कांस्य पदक (कुल 03 पदक) मिलें हैं। एक्वेटिक्स में खिलाड़ियों ने दो कांस्य पदक जीते हैं। हॉकी में झारखंड को एक कांस्य पदक मिला है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में लिया भाग, कहा-

# समाज के सभी वर्गों को मिले तकनीक का लाभ

**बोलीं राष्ट्रपति**

- टेक्नोलॉजी और मानवता एक-दूसरे के पूरक होने चाहिए
- पूर्वी भारत का पायनियर इंजीनियरिंग संस्थान है बीआईटी

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को रांची के मेसरा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के प्लैटिनम जुबली समारोह में भाग लिया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में हाशिए पर खड़े लोगों के विकास के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किए जाने की जरूरत है। समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले के मंत्री सुदिव्य कुमार, सीके बिरला, चेयरमैन, सीके बिरला ग्रुप और इंद्रनील मन्ना, वाइस चांसलर मंच पर मौजूद थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी का लाभ समान रूप से समाज के सभी वर्गों को मिलना चाहिए। टेक्नोलॉजी और मानवता को एक-दूसरे का पूरक होना चाहिए। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस दृष्टिकोण पर बल दिया गया है। राष्ट्रपति ने बीआईटी मेसरा के गौरवशाली इतिहास और विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्हें झारखंड के राज्यपाल और इस विश्वविद्यालय के चांसलर के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला है। झारखंड के साथ अपने आत्मीय संबंधों को अभिव्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह जब भी यहां आती हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि वह अपने घर आई हैं। उन्होंने - **शेष पेज 11 पर**

**विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित में अब पीछे नहीं हैं बेटियां**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का उत्साह और उनकी प्रतिबद्धता मील का पत्थर साबित होगी। हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, गणित में पीछे नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार की अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

## महाकुंभ के सेक्टर 19 के एक शिविर में लगी आग



**आग पर पाया गया काबू**

**महाकुंभ नगर (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 19 में लगे एक शिविर में शनिवार को अचानक आग लग गई। इससे सेक्टर 19 में अफरातफारी मच गई। सूचना पर अग्निशमन दस्ते के कर्मचारी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (महाकुंभ) प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि मेला के सेक्टर 19 में एक शिविर में आग लगने की सूचना मिली है। दमकल कर्मी कई गाड़ियों के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में है, अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग कैसे लगी यह अभी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों का व्यवसाय बढ़ाना : सेठ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों को आर्थिक मदद व उन्नत उपकरण देकर उनका व्यवसाय बढ़ाना है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। यह बातें शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एमएसएमई विकास कार्यालय की ओर से पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों के लिए आयोजित प्रदर्शनी सह व्यापार मेला में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने सभी कारीगरों/शिल्पकारों से इस प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर एकसाथ प्रयास करने की आवश्यकता है। इस मौके पर उन्होंने पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों के उत्पादों को बाजार प्रदान करने के लिए इस आयोजन के लिए एमएसएमई-विकास कार्यालय रांची की सराहना की।

### पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग पर सुनवाई कल

**रांची।** ईडी द्वारा रांची की पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। इडी ने अदालत से आग्रह किया है कि वह मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न सौंपे। इडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार पूजा सिंघल को कोई विभाग देती है, तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर सकती हैं, जिससे मामले की जांच प्रभावित हो सकती है। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से अपना जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद दोनों पक्षों की बहस की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इडी ने पूजा सिंघल को साल 2022 में गिरफ्तार किया था। इससे पहले, 5 मई 2022 को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जहां नकदी और निवेश से जुड़ी जरुरी जानकारी मिली थी। खासतौर पर, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से करीबन 20 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई थी।

### 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन

## तेलंगाना बनी विजेता, तीसरे नंबर पर रहा झारखंड

**मंत्री सुदिव्य और राधा कृष्ण किशोर हुए शामिल**

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड में पहली बार आयोजित भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और नगर विकास और विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार बतौर अतिथि शामिल हुए। इस पुलिस मीट की शुरूआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस पुरे प्रतियोगिता की विजेता बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी।

**28 टीमों ने लिया हिस्सा :** उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता बनी, और तेलंगाना की टीम दुसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, और - **शेष पेज 11 पर**

**कई प्रतियोगिताओं में पुलिस टीमों ने लिया था हिस्सा**

राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था।

**इंडिया**

## दंगों के मामले में दुर्जन साबित हुए सज्जन कुमार पर




पूर्व सांसद कांग्रेसी सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख दंगे से जुड़े एक मामले में दोषी पाया है। दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। अब इस घटना के लगभग 41 साल बीतने के बाद सज्जन कुमार को एक और मामले में सजा के बाद सिख दंगों में उनकी बड़ी भूमिका को लेकर चर्चा शुरू हो गई है और साथ ही हरे हो गए वो घाव जो संपति की लूट के साथ सिख पंथ के लोगों की नृशंस हत्या से हुए थे और समय ने उसे लगभग भर दिया था । 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद झारखंड सहित देशभर में सिख-विरोधी दंगे भड़क गए थे। स्वर्ण मंदिर पर कब्जा करने वाले आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाले को भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में मार गिराया था। सिखों के सबसे बड़े धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर में हमले को लेकर लोगों की भावनाएं आहत हुई थीं और इस अभियान की स्वीकृति देने वाली पीएम इंदिरा गांधी से नाराज उनके दो सिख अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद देशभर में सिख विरोधी दंगों में हजारों लोगों की मौत हो गई थी। अकेले दिल्ली में करीब दो हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। कांग्रेस के एक और नेता जगदीश टाइटलर के अलावा एचकेएल भगत और कमलनाथ भी सिख दंगों से जुड़े मामलों में आरोपी रह चुके हैं। पीड़ितों के अनुसार सज्जन कुमार ने कथित तौर पर दिल्ली के सुल्तानपुरी, कैंट और पालम कॉलोनी जैसे इलाकों में1 नवंबर 1984 को भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था- 'हमारी मां मार दी, सरदारों को मार दो।'सज्जन सिंह के खिलाफ दायर मामलों में कई गवाहों ने अपने बयान में कहा कि सज्जन सिंह ने निजी तौर पर सिखों के घरों की पहचान करवाकर भीड़ को हमले के लिए उकसाया था। आरोप ये भी थे कि सज्जन सिंह के समर्थकों ने दिल्ली में वोटर लिस्ट के जरिए सिखों के घर और बिजनेस की पहचान की और उनमें तोड़फोड़ की या आग लगा दी। कई सिखों को उनके घरों से निकालकर मारा गया। पीपल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (पीयूडीआर) और पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की तथ्य खोजने वाली टीमों ने अपनी रिपोर्ट में



बताया था कि दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में जो दंगे हुए थे, उनमें अधिकतर सिख पीड़ितों ने कांग्रेस सांसद पर भीड़ को भड़काने का आरोप लगाया था। कई तथ्य और प्रमाण होने के बावजूद उनके खिलाफ किसी भी मामले में आरोप तय नहीं किए जा सके। 2002 में सिख दंगे से जुड़े एक मामले में दिल्ली की एक निचली अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। 2005 में सीबीआई ने जीटी नानावटी कमिशन की रिपोर्ट के आधार पर सज्जन कुमार के खिलाफ नया केस दर्ज किया। 2010 में इस मामले पर दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में बलवान खोखर, महेंद्र यादव, महा सिंह समेत कई और को आरोपी बनाया गया।2013 में कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया। हालांकि, मामले में पांच लोगों को दोषी करार दिया गया और सजा सुनाई गई। इस घटना के बाद पीड़ित पक्ष में जबरदस्त गुस्सा था। एक प्रदर्शनकारी ने मामले की सुनवाई कर रहे जज की तरफ जूता तक उछाल दिया था।दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले को तब उठाया, जब जगदीश कौर नाम की एक पीड़ित और गवाह ने सीबीआई के साथ सज्जन कुमार के खिलाफ केस दायर किया। सीबीआई ने हाईकोर्ट के सामने कहा था कि इन घटनाओं के चश्मदीद गवाहों ने सज्जन कुमार का नाम जांच के लिए गठित आयोग को दिया था। इसमें नरसंहार में सज्जन कुमार पर लगे आरोपों की जांच की मांग की गई थी। हालांकि, निचली अदालत ने चश्मदीदों की गवाही देने से रोक दिया था। इस मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान एक और चश्मदीद गवाह चम कौर ने कोर्ट को बताया था कि उन्होंने सज्जन कुमार को सुल्तानपुरी इलाके में भीड़ को संबोधित करते देखा था। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि सज्जन कुमार ने भीड़ को उकसा कर बड़े स्तर पर सिखों के घरों-दुकानों पर लूट और आगजनी कराई। इसी दौरान एक घर में लूट और आग लगाने से पहले भीड़ ने दो सिखों की जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी। एसआईटी ने जसवंत सिंह की पत्नी को चश्मदीद के तौर पर पेश किया तो सज्जन कुमार के वकीलों ने उनकी गवाही को नकारने की मांग थी कि सात साल बाद गवाह के तौर पर सामने आईं तो उनकी गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता।इस मामले में पहली एफआईआर घटना के सात साल बाद 1991 में दर्ज हुई थी। वह भी 9 सितंबर 1985 को दिए गए एक एफिडेविट के आधार पर, जिसे शिकायतकर्ता ने जस्टिस रंगनाथ मिश्र के नेतृत्व वाले आयोग को सौंपा था। 2014 में मोदी सरकार की तरफ से गठित एसआईटी ने 1984 के सिख दंगों से जुड़े मामलों की जांच तेज की और पुराने मामलों को खंगालना शुरू किया।

## झारखंड में 20 फरवरी से होगी बारिश

**18 और 19 फरवरी को सुबह में रह सकता है हल्का कोहरा**

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** झारखंड में फिर से ठंड लौटने वाली है। शनिवार को मौसम विभाग द्वारा दिए गए जाानकारी के अनुसार, आगामी 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कोहरा रह सकता है। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। इधर, शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, जमशेदपुर अधिकतम तापमान 31.4 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री, डालटनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# डीसी की समीक्षा बैठक स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सिंचाई कॉलोनी परिसर के पास भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन में सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में प्रस्तावित विकासात्मक समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। जानकारी के अनुसार बैठक में जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारियों को शामिल होना था। मगर शनिवार को जिला मुख्यालय से विभागीय पत्र ईमेल के माध्यम से प्रखंड कार्यालय को भेजा गया। जिसमें बैठक स्थगित किए जाने की सूचना दी गई। बैठक को लेकर तीन दिनों सपहले से ही प्रखंडकर्मी तैयारी में जुटे हुए थे। स्थानीय लोगों में बैठक को लेकर काफी उत्सुकता थी। उन्हें उम्मीद थी कि उपायुक्त के कार्यक्रम के साथ वर्षों से उपेक्षित निरीक्षण भवन के जीर्णोद्धार और अन्य विकास कार्यों पर ठोस निर्णय लिया जा सकता है।

# बाइक सवारों ने बुजुर्ग से 94 हजार रुपए ले उड़े

### पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल लुटेरों की पचाहन में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के अमवा खुर्द निवासी गया राय से 94 हजार रुपए छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा थाने में दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया कि



भारतीय स्टेट बैंक से चेक के माध्यम से 94 हजार रुपए निकाल कर मेदिनीनगर जाने के लिए निकले। रास्ते में जैप 8 के पास स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर मेदिनीनगर जाने लगे। इस क्रम में जैप 8 मुख्यालय से आगे लगभग 200 मीटर दूरी पर अचानक बाइक से दो अपराधी पैसे से भरा बैग को छीन कर मेदिनीनगर जाने के मार्ग की तरफ भाग निकले। मामले में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस आवेदक द्वारा दिए हुए आवेदन के आधार पर बिंदुवार अनुसंधान कर रही है। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज व मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर लुटेरों की पहचान करने में जुट गयी है। जल्द ही घटना का उद्भेदन किया किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिहरगंज।** लंबित वारंट के निष्पादन को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हरिहरगंज थाना पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान हरिहरगंज थाना के प्राथमिकी अभियुक्त सतगावां बांध पर निवासी महंग राम के पुत्र जितेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर लंबित कांडों के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा रहा है।

### लटपौरी में मुखिया ने धोती, साड़ी व लूंगी बांटी

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत में शनिवार को डीलर लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी और लूंगी बांटी गई। मुखिया उमेश राम, उप मुखिया शशि देवी और पंचायत सचिव छोटू जोहरी ने वितरण की औपचारिकता पूरी की। उन्होंने डीलर को किसी भी सामग्रियों के वितरण में कोताही बरतने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

## एक नजर

### गोड़ाडीह में पंचायत सहायकों का चयन

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को आयोजित बैठक में पंचायत सहायकों का चयन किया गया। इसमें सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया शोभा देवी, उप मुखिया नीलेश कुमार सिंह, पंचायत सचिव राजकुमार दास, रोजगार सेवक नरेंद्र बैठा के अलावा महेंद्र रजवार, विश्वनाथ प्रजापति, मिंटू कुमार सिंह, राजदेव, सुधांशु और सईद आलम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में पूर्व के पंचायत स्वयं सेवकों को ही पंचायत सहायक के रूप में चयनित किया गया। जिसमें शशिकांत पासवान, मुकेश कुमार और मिथुन कुमार सिंह के नाम शामिल हैं।

### बिहार से भटक कर पहुंचे सेवानिवृत्त शिक्षक परिजनों के हवाले किया

**मोहम्मदगंज।** घर से भटके एक वृद्ध को स्थानीय व्यावसायी पानू सिंह ने पनाह देकर उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया है। उनकी इस नेकदिली की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। हुआ यह था कि बिहार राज्य अंतर्गत जहानाबाद जिला के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के छरियारी गांव निवासी 110 वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक देवदत्त शर्मा तीन दिनों से लापता थे, जो इसी दौरान भटकर यहां पहुंच गए थे। उन्हें भटकते हुए देख स्थानीय व्यावसायी पानू सिंह ने उनकी स्थिति को देखते हुए रात में उन्हें पनाह देने के साथ उनके भोजन और पानी की व्यवस्था कराई। बातों में उनसे उनके घर के पते की जानकारी लेकर स्थानीय पुलिस और मखदुमपुर थाना को सूचना दी। जिससे उनके परिजनों से संपर्क हुआ।

# इंटर की परीक्षा में शामिल हुए 277 परीक्षार्थी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** श्री सद्गुरु हरि प्रताप पल्स टू उच्च विद्यालय में शनिवार इंटर की परीक्षा हुई। शनिवार को अतिरिक्त विषय की परीक्षा थी, जिसमें कला संकाय में 279 में 277 परीक्षार्थी तथा विज्ञान संकाय में 7 परीक्षार्थी भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त हो इसके लिए अंचल निरीक्षक शशि कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया था। केन्द्र अधीक्षक बृजकिशोर तिवारी, वीक्षक अर्चना कुमारी, उमेश राम, दिलीप कुमार, संजय तिवारी, श्वेता सुमन सहित कई वीक्षक शामिल थे।

### ग्रामसभा का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत शनिवार को लटपौरी पंचायत के राजस्व ग्राम माली में आयोजित ग्राम सभा, बाल सभा एवं महिला सभा में निर्देशानुसार कई निर्णय लिए गए। इसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह दिखा। अध्यक्षता मुखिया उमेश राम ने की। इनके अलावा सभाओं में पंचायत सचिव छोटू जोहरी, उप मुखिया शशि कला देवी, पंचायत समिति सदस्य मालती देवी, रोजगार सेविका नजमा खातून सहित वार्ड सदस्य और राजस्व ग्राम के ग्रामीणों ने भाग लिया।

# सांसद ने पर्वतीय निरीक्षण भवन का कायाकल्प करने की पहल की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम बराज और मुख्य नहर निर्माण के प्रारंभिक चरण में भौंराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए (अब खंडहर) निरीक्षण भवन के दिन बहुरने का आसार बढ़ गया है। इसकी दयनीय स्थिति की खबर मिलने पर सांसद वीडी राम ने इसका कायाकल्प कराने की दिशा में पहल की है। इससे लोगों को इसके दिन बहुरने और गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना की उम्मीद जगी है। इस बात की पुष्टि करते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। जानकर बताते हैं कि जब यह पर्वतीय निरीक्षण भवन बना था, तब मंत्री, विधायक और शीर्ष स्तर के अभियंताओं के विश्राम की पसंदीदा जगह थी। इस जगह से दूरदराज के प्राकृतिक सौंदर्य का नयनाभिराम नजारा देखा जा सकता है। यही वजह है कि खंडहर में तब्दील करने के बाद भी सैलानियों की पसंद में शामिल है। इसका कायाकल्प हो जाता है, तो पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के कोरिडोर में यह भी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में शामिल हो जाएगी। इसका गौरवशाली अतीत लौट आएगा।



### विशेष प्रकार की ईंट से 7 लाख की लागत से बना था

इसका निर्माण शमीम हैदर नामक ठेकेदार ने 7 लाख के टेंडर में सीमेंट से बनी विशेष प्रकार की ईंटों से करवाया था। हालांकि आज के समय में ऐसी ही ईंटों का प्रचलन शुरू हो गया है। करीब तीन हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भवन तक घुमावदार रास्ते से वाहनों या पांव पैदल पहुंचना रोमांचक लगता है। वैसे, पहुंच पथ भी पहले जैसी नहीं रह गई है। इसकी 10 कमरों की खंडहरनुमा बिल्डिंग को देखने से यह कहावत चरितार्थ होती है कि खंडहर बताती है कि इमारत कभी कितना बुलंद थी।

# कोल्हुआ-सोनबरसा में लगे राजस्व कैंप में 2 मामले निष्पादित, 4 प्रक्रियाधीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत सचिवालय में शनिवार को निर्धारित दिवस पर राजस्व कैंप लगा। कैंप में मौजूद राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित राजस्व कैंप में भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में पंजी-2 में नाम सुधार के एक, केवाला के एक, चेकस्लिप और रसीद के 2-2 मामले लाए गए। इनमें से चेकस्लिप के 2 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया है।शेष का निष्पादन प्रक्रियाधीन हैं। कैंप में उनके अलावा मुखिया प्रिया सिंह,



युवा समाजसेवी प्रशांत कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा, अमीन विनय यादव सहित अन्य कई लोग शामिल थे।उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी 8 पंचायतों में चालू माह के प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर भूमि समस्या संबंधित आवेदनों का निष्पादन का काम शुरू किया गया है। इसमें खासकर, म्यूटेशन, लगान रसीद, रैयत के नाम, खाता और प्लाट संख्या की त्रुटियों में सुधार करने का काम किया जा रहा है। रामबांध, पंसा और कोल्हुआ-सोनबरसा के बाद अब लटपौरी 17, गोड़ाडीह 20, मोहम्मदगंज 22, भजनियां 24 और 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायतों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। मामलों के निष्पादन में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। उन्होंने संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर ज्यादा से ज्यादा भूधारकों को कैंप में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# नए दौर में संस्कार व संस्कृति जानने की जरूरत : प्रो. मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के ढेला रोड लेस्लीगंज स्थित ग्लोबल ऐरा पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सतीश चंद्र मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण मुरारी दुबे, सत्यनारायण तिवारी, नंदकिशोर सिंह उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के मौके पर छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य,नाटक व झांकी प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा नशा से होने वाले नुकसान को नाटक के माध्यम बताया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षक एवं छात्रों का संबंध बहुत ही मधुर होता है। एक शिक्षक ही है जो उच्च पदों पर बैठें पदाधिकारी को भी शिक्षा दे कर उन्हें



उस काबिल बनाता है। इस नए दौर में बच्चे संस्कृति और संस्कार के अभाव में अक्सर मार्ग भटक रहे हैं। हम सभी को मिलकर अपनी संस्कृति और संस्कार को जानने और अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए जागरूक बनना होगा। मौके पर समाज सेवी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मानव हृदय को एक सामाजिक जागृति लाने के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है। मौके पर स्कूल फाउंडर श्याम बिहारी दुबे, डायरेक्टर राजीव रंजन दुबे, विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, मुखिया पूनम देवी, सुरेंद्र शुक्ला, बजरंगी प्रसाद सोनी,अजीत कुमार सिन्हा, विद्यालय के शिक्षक सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं अभिभावक के साथ उपस्थित थे।

# सड़क पर नाली का दुर्गंधयुक्त पानी बहने से लोगों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के टोला पूणाडीह के कई दलित परिवारो ने सड़क पर बह रहे नाली के गंदे पानी के दुर्गन्ध से काफी परेशान है। लोगों का रहना दुश्वार हो गया है। राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाली की पानी को व्यस्थित रूप से करने की मांग की है। सड़क पर गड्ढे है, जिसमे नाली का पानी जमा रहता है ,कई बार राहगीर वाहन सहित गिर गए है, पूर्व वहां की स्थिति ठीक था। लेकिन ग्रामीणों के विरोध करने के बाद भी प्रशासन ने गांव के ही दर्जनों घरों का नाली की पानी को उसी नाली में मिला दिया है, जिससे नाली का पानी सड़क पर बह रहा है, इस संबंध में देवरी खुर्द के मुखिया ममता



### क्या कहना है जिला परिषद सदस्य का

हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कहा कि सभी ग्रामीण हमारे लिए एक समान है, किसी परिवार के घर के सामने नाली का गंदी पानी बहने देना ठीक नही है। प्रशासन को इस दिशा में संज्ञान लेकर उक्त समस्या का समाधान करना चाहिए, जिससे उक्त परिवारों को दिक्कत न हो। उन्होंने जिला प्रशासन से इसका समाधान कराने का आग्रह किया है।

देवी ने बताया आगे रैयती जमीन होने के कारण रैयतों द्वारा नाली की पानी की निकासी के लिए रोक लगा दी गयी है, जिससे नाली निर्माण नहीं हो सका और कुछ घरों का नाली का पानी हुसैनाबाद अंचल अधिकारी व पुलिस ने उसी नाली में मिला दिया गया,जिससे उन परिवार के घरों के आगे नाली की पानी का जमाव होकर सड़क पर बहने लगा हैं। और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**डीएफसी फुटबॉल क्लब डालटनगंज ने चंदनपुर को 1 गोल से किया पराजीत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत के जरही टोला स्थित आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति द्वारा वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के तत्वावधान में पिछले 10 दिनों से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट समाप्त हो गया। एक गोल दागकर फाइनल मैच के विनर बने डीएफसी फुटबॉल क्लब डाल्टनगंज की टीम को विनर ट्रॉफी को टूर्नामेंट के निर्णायक कमेटी ने प्रदान किया। रन टीम नवचेतना फुटबॉल क्लब चंदनपुर को ट्रॉफी अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह,विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के श्रम नियोजन व खाद्य आपूर्ति सलाहकार समिति के सदस्य रामाशीष यादव, जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी, उंटारी रोड थाना प्रभारी प्रदीप दुबे सहित अन्य लोगों ने वीर भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबूतर को आसमान



में उड़ाकर खेल की शुरूआत किया। मौके पर जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी ने आजनवन विकास समिति सह वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष दशरथ साव, सचिव मनोज कुमार पाल,कोषाध्यक्ष सनोज कुमार रवि, संरक्षक समाज सेवी रामकृष्ण पाल, सीताराम साव, विनोद पाल, विवेक पाल, अश्रेष पाल, विक्रमा चौधरी, बैजनाथ राम, मुकेश कुमार चौधरी ने इस खेल आयोजन को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# के राजू के झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनने पर खुशी जताई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सत्यनारायण सिंह ने आंध्रा कैडर के 1981 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे के राजू के राज्य का पार्टी प्रभारी बनाए जाने पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि के. राजू एक कुशल प्रशासक के साथ ही अनुभवी राजनेता भी हैं। यूपीए सरकार के वक्त सोनिया गांधी के नेतृत्व में गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सचिव और सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का



ड्राफ्ट तैयार करने में इनकी अहम भूमिका रही है। एक बेहतर राजनीतिक अनुभवी को एआईसीसी ने झारखंड कांग्रेस की जिम्मेदारी देकर पार्टी को बड़ा मजबूत स्तंभ दिया है।

## यज्ञ

### देवी मां प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर जलयात्रा आज, तैयारी पूरी

# 21 फरवरी को हवन, महाभंडारा व पूर्णाहुति होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर 16 फरवरी को जलयात्रा का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी देते हुए महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त शिक्षक राम प्रवेश सिंह ने बताया कि यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में महायज्ञ पूरी की जाएगी। कार्यक्रम में 16 को जलयात्रा,17 को अग्नि प्रवेश,18 को अधिवास,19 को नगर भ्रमण,20 को प्राण प्रतिष्ठा, 21 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की



पूर्णाहुति होगी। इस दौरान 16 फरवरी से अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रयागराज के पं मनोज कृष्ण महाराज जी द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विजय सिंह, लालमोहन प्रजापति, कैलाश विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, विश्वनाथ पासवान, सुमेर सिंह, विध्यांचल सिंह उर्फ पाठक बाबा, जगत यादव, श्रीराम सिंह, राम बुझावन सिंह, हरिमोहन पाल, राम बुझावन सिंह, भगत यादव, लक्ष्मण पाल,रामजी पासवान, रामदास यादव, सीता पाल, संतन पाल, सुदेश शर्मा,ललन राम समेत समिति के लोग व समस्त ग्रामीण सक्रिय हैं। महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धमार्नुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन- धन से सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है।

# ड्रोन तकनीक से खेती में क्रांति प्रखंड के किसानों ने उठाया लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के कुसुआ, दंगवार, डुमरहाथा, बरवाडीह और नदियाइन गांवों में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर फसलों पर नैनो यूरिया और सागरिका का छिड़काव किया गया। उक्त आशय की जानकारी वीकेएस एग्रीफार्म प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड, हुसैनाबाद के निदेशक प्रिय रंजन सिंह ने देते हुए कहा कि यह कार्य आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने और किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन देने के उद्देश्य से किया गया। ड्रोन के माध्यम से आधा मिलीलीटर नैनो यूरिया और आधा मिलीलीटर सागरिका प्रति एकड़ फसल पर छिड़काव किया गया। इस प्रक्रिया से कई महत्वपूर्ण लाभ सामने आए। जैसे-पर्यावरण-संवेदनशील तकनीक झ यह विधि मिट्टी और जल प्रदूषण को कम करने में सहायक है। कम लागत, अधिक लाभ, पारंपरिक



तरीकों की तुलना में इसमें मजदूरी की आवश्यकता नहीं होती, जिससे किसानों का खर्च बचता है। समय की बचत, ड्रोन द्वारा छिड़काव तेजी से और समान रूप से किया जाता है, जिससे फसलों को पूरा पोषण मिलता है। फसल की गुणवत्ता में सुधार व नैनो यूरिया और सागरिका के उपयोग से फसलें अधिक स्वस्थ और उत्पादन में वृद्धि होती है। ड्रोन छिड़काव से लाभान्वित किसानों में कुसुवा के सुनील सिंह, वीरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, डुमरहाथा के तेजू कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, अशोक मिस्त्री और लालबहादुर सिंह शामिल हैं।

# पलामू जिला स्कूल के 1972 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन

### संवेदनाओं और प्रेरणाओं से भरा यादगार आयोजन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्कूल की गौरवशाली परंपरा रही है, जहाँ शिक्षा प्राप्त करना एक सम्मान की बात मानी जाती थी। इसी गौरव को पुनः संजोने और अपनी यादों को ताजा करने के लिए 1972 बैच के पूर्ववर्ती छात्र एकत्रित हुए। इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जिला स्कूल के नए हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक अमित कुमार पांडेय ने की, जबकि प्रधानाचार्य रोहित तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्मृतियों का संकलन और प्रेरक संवाद

इस आयोजन में 1972 बैच के कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद सेवानिवृत्ति प्राप्त की है। इनमें रेलवे में चीफ सेक्रेटरी कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त हरानंद, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस एवं वर्तमान में बिहार विधि आयोग के अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा, झारखंड सरकार के वित्त विभाग में संयुक्त सचिव पद से सेवानिवृत्त हिमांशु कुमार सिंह, डब्ल्यूसीएल में जीएम पद से सेवानिवृत्त रत्नेश कुमार सिंह, पलामू के सफल व्यवसायी प्रभात कुमार अग्रवाल, विजय गर्ग, शशि कुमार मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक साहनी, सफल व्यवसायी सीताराम सिंह, पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त वन अधिकारी विनोद कुमार उरांव, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखा पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, सफल व्यवसायी सुभाष चंद्र सिंह, प्रोफेसर डॉ. अमल कुमार पांडेय, पूर्व प्राचार्य डॉ. महेंद्र राम, समाजसेवी आलोक कुमार



सुभाष चंद्र सिंह



आलोक कुमार वर्मा



डॉ. महेंद्र राम

वर्मा, सत्यनारायण पांडेय, प्रभात कुमार, डॉ. अरशद जमाल समेत 25 पूर्ववर्ती छात्र शामिल थे। पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के दिनों की स्मृतियों को साझा किया और वर्तमान छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपने अनुभव सुनाए। पूर्व प्राचार्य डॉ. महेंद्र राम ने बताया कि किस तरह बरवाडीह मिडिल स्कूल से उच्च अंक प्राप्त करने के बाद उन्हें जिला स्कूल में प्रवेश मिला और वहाँ शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल के दिनों में मित्रता और परस्पर सहयोग ने उनके अंग्रेजी सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुभाष चंद्र सिंह, हिमांशु कुमार सिंह और डॉ. अरशद जमाल ने अपने छात्र जीवन की कई रोचक कहानियाँ साझा कीं। सुभाष चंद्र सिंह ने एक दिलचस्प घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार सिनेमा देखने जाने के लिए उन्होंने स्वयं स्कूल की घंटी बजा दी, जिससे समय से पहले ही छुट्टी हो गई। लेकिन जब वे सिनेमा हॉल से बाहर निकले, तो वहाँ स्कूल के शिक्षक भी मौजूद थे। यह देखते ही कई छात्र इधर-उधर हो गए, लेकिन सुभाष चंद्र सिंह उनसे टकरा गए और शिक्षकों से डांट सुननी पड़ी।

### पूर्व छात्रों की प्रेरणादायक पहल

कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने न केवल अपने अनुभव साझा किए, बल्कि छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए। हरानंद, अशोक साहनी और विनोद कुमार सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को पांच पांच हजार की नगद राशि प्रदान की। वहीं, पलामू के प्रतिष्ठित व्यवसायी और 1972 बैच के पूर्ववर्ती छात्र प्रभात कुमार अग्रवाल ने गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया। पूर्व छात्रों ने जिला स्कूल की प्रतिष्ठा और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन दिनों शिक्षकों की डांट-फटकार भी हमारे भविष्य निर्माण में सहायक बनी। सभी ने एकमत होकर कहा कि आज भी छात्रों को शिक्षकों के मार्गदर्शन को गंभीरता से लेना चाहिए और अनुशासन का पालन करना चाहिए, ताकि वे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

### छात्रों के लिए प्रेरणादायक संदेश

इस मिलन समारोह में विभिन्न पदों से सेवानिवृत्त अधिकारी, न्यायाधीश, अधिवक्ता और व्यवसायी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। सभी पूर्व छात्रों ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, और जो छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करते हैं, वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व छात्रों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करते रहने और अपने स्कूल के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

## विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कुलपति की नियुक्ति की मांग

### शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सुधार की आवश्यकता



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), पलामू ने शनिवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेश मिश्र के माध्यम से राज्यपाल सह कुलाधिपति को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय में कुलपति और अन्य प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति की मांग की। ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से विश्वविद्यालय में कुलपति नहीं हैं, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि कुलपति की नियुक्ति नहीं होने से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां ठप पड़ी हैं, जिससे छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि छात्रों को माइग्रेशन और डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थायी परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की भी मांग की ताकि परीक्षा विभाग का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश लॉज प्रमुख राम शंकर पासवान, जिला संयोजक नीतीश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा, गोविंद मेहता, चंदन रजक, सचिन कुमार, अमन कुमार, राहुल चेरो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## के. राजू की झारखंड कांग्रेस प्रभारी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त



**मेदिनीनगर।** के. राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी हृदयानंद मिश्र ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि के. राजू ने 2013 में आईएएस की नौकरी छोड़कर कांग्रेस को समर्पित किया और वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन भी रह चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने राहुल गांधी के कार्यालय में कार्य करते हुए पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत किया। हृदयानंद मिश्र ने विश्वास जताया कि उनकी दूरदर्शिता और सांगठनिक अनुभव झारखंड कांग्रेस को एक नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ समन्वय बनाकर प्रदेश कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा।

## एनपीयू में जेसीएम छात्र संगठन का धरना एसडीएम सुलोचना मीना ने की वार्ता

### - विद्यार्थियों ने बीएड परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग उठाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में सौतेले व्यवहार के खिलाफ जेसीएम छात्र संगठन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संगठन के नेता कौशल किशोर ने आरोप लगाया कि पीजी, स्नातक और जेनरिक बैकलॉग के विद्यार्थियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय बीएड सत्र 2022-24 के फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित कर रहा है, जबकि पीजी सत्र 2024-26 का नामांकन अब तक नहीं हुआ है। इस उदासीन रवैये के खिलाफ छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं। धरना स्थल पर एसडीएम सुलोचना मीना, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक ने छात्रों से वार्ता की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि परीक्षा नियंत्रक की ओर से लिखित पुष्टि की गई है कि फरवरी के अंत तक परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर दिया जाएगा। उनके आश्वासन के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान सुमित पाठक, फैजल, सौरभ किसलय, ओम मिश्रा, रोहित पाण्डेय, अवध, आशीष कुमार ठाकुर, रिशु दुबे समेत कई छात्र उपस्थित रहे।

## वीर शहीदों की स्मृति में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट 16 फरवरी से



### नेपाल और नॉर्दर्न रेलवे के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों की स्मृति में पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 16 फरवरी से 23 फरवरी तक पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होगी, जिसमें कई राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने पत्रकार वार्ता में बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नेपाल फुटबॉल क्लब और नॉर्दर्न रेलवे फुटबॉल क्लब, दिल्ली के बीच खेला जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना और खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की नामी फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति, पुलिस प्रशासन और खेल प्रेमियों ने मिलकर व्यापक तैयारियां की हैं। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट खासा रोमांचक होने की उम्मीद है।

## प्रमंडल स्तरीय किसान मेला 19 फरवरी को शिवाजी मैदान में

### कृषि और पशुपालन में नवाचारों से रूबरू होंगे किसान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को कृषि और पशुपालन क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दें और उन्हें उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

उपायुक्त ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकेंगे। मेले में किसान उन्नत बीज, नई कृषि तकनीकों और जल संरक्षण के तरीकों से अवगत होंगे। पशुपालक भी उन्नत नस्लों और पशु प्रबंधन तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सखी मंडल की महिलाएं भी अन्य सफल महिला उद्यमियों के कार्यों से प्रेरणा लेंगी।

### 40 से अधिक स्टॉल और सम्मान समारोह

इस किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें कृषि विभाग, नाबार्ड, अग्रणी बैंक, कृषि विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, ग्रामीण विकास, शहरी आजीविका मिशन, जेएसएलपीएस, पशुपालन, मत्स्य विभाग और इफ्को सहित कई संस्थान भाग लेंगे। स्टॉल के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा और लाभुकों के बीच अनुदान सहायता का वितरण किया जाएगा। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पलामू जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बिरसा हरित ग्राम योजना की तैयारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## प्रशिक्षणार्थियों ने क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र का किया भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला ग्रामीण विकास शाखा द्वारा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना की तैयारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला ग्रामीण विकास शाखा के निदेशक रतन कुमार ने की, जिसमें मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, और जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शामिल हुए।




कार्यशाला में क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के दिलीप कुमार पांडेय, और जेएसएलपीएस की डीपीएम ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए लाभार्थी और स्थल चयन की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि टांड़ भूमि, जहां किसान कुल्थी, उरद आदि की खेती करते हैं, को इस योजना के लिए चुना जा सकता है, बशर्ते वहां से 100 मीटर की दूरी पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो। लाभार्थी वर्ग में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीटीजी, एफआरए, सीमांत और लघु किसान, तथा आवास योजना के लाभार्थी शामिल हो सकते हैं। इस योजना के तहत न्यूनतम 25 डिसमिल और अधिकतम 1 एकड़ भूमि पर आम्रपाली और मल्लिका किस्म के आम, इलाहाबाद सफेदा और लखनऊ 49 किस्म के अमरूद, ताइवान पिंक प्रजाति के अमरूद, कागजी नींबू, संतरा, और मौसमी के पौधे लगाए जाएंगे। प्रशिक्षण के पश्चात, प्रतिभागियों को क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी का भ्रमण कराया गया। वहां वैज्ञानिकों ने आम, अमरूद, नींबू, और संतरा के पौधों में कैनोपी प्रबंधन और गुटी बनाने की विधि सिखाई। साथ ही, उन्हें ताइवान पिंक प्रजाति के अमरूद के अनुसंधान प्लॉट का निरीक्षण कराया गया और इस प्रजाति का स्वाद भी चखाया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस प्रजाति को अपने क्षेत्रों में लगाने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर फेलो, प्रादन के लंकेश कुमार, विकास सहयोग केंद्र के जवाहर मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

बिरसा हरित ग्राम योजना का उद्देश्य झारखंड के किसानों की आय में वृद्धि करना है। इस योजना के तहत, किसानों को अपनी भूमि पर फलदार वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय स्रोत प्राप्त हो सके। इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## किसान मेला की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** 'किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समृद्धि के लिए सिंचाई की मजबूत व्यवस्था जरूरी है।' यह विचार रामगढ़ प्रखंड के अड़ागड़ा में आयोजित किसान संगोष्ठी में विनोद कुमार ने व्यक्त किए। संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में 'किसान गरीब क्यों हैं, उनकी समस्याएं क्या हैं और समाधान क्या हो सकता है?' विषय पर समूह चर्चा हुई। चर्चा में किसानों ने बताया कि आपसी एकता की कमी, उन्नत बीज व खाद-पानी का अभाव, खराब भूमि और बाजार की अनुपलब्धता उनकी गरीबी के मुख्य कारण हैं। संगोष्ठी का समेकन करते हुए संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के अध्यक्ष जवाहर ज्योति ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी और ग्राम सभा की सक्रियता से किसानों की स्थिति सुधर सकती है। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि 'किसान सबसे धनी होता है, लेकिन वह खुद को गरीब समझता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब किसान खेती को व्यापार की तरह अपनाएंगे, तब उनकी आर्थिक स्थिति बदलेगी।

## न्यूज बॉक्स

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की बैठक शताब्दी मार्केट स्थित देवेंद्र ठाकुर के सैलून में हुई, जिसमें 17 फरवरी को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि चैनपुर के टेंपो स्टैंड में स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय ठाकुर, महानगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर, उपाध्यक्ष मंदिर ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, शैलेश ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### राजहरा नॉर्थ कोल माइंस का उद्घाटन आज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। केंद्र सरकार द्वारा फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित राजहरा नॉर्थ कोल माइंस का उद्घाटन रविवार को किया जाएगा। इस संबंध में माइंस के डाइरेक्टर राजीव कुमार सिंह ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माइंस का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू सांसद बीडी राम संयुक्त रूप से करेंगे। यह कोल ब्लॉक निर्धारित समय से दस माह पूर्व शुरू हो रहा है, जिसे पलामू समेत पूरे राज्य के विकास के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। डाइरेक्टर ने बताया कि इस कोल ब्लॉक से सरकार को लगभग 100 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा और स्थानीय स्तर पर हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने माइंस को चालू कराने में जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर डायरेक्टर राजीव शेखर, डीजीएम यशवंत कुमार, अशोक मिश्रा, विजय कांत झा और आनंद कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा कार्यालय सहायक की पत्नी का निधन, शोक व्यक्त



**मेदिनीनगर।** शिक्षा विभाग में कार्यरत एवं कुंड मुहल्ला निवासी प्रेम पाठक की पत्नी संगीता पाठक का असामयिक निधन हो गया। वह 45 वर्ष की थीं और कुछ समय से बीमार चल रही थीं। संगीता पाठक अपने पारिवारिक संस्कार और वात्सल्य भावना के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से शिक्षा विभाग सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र शशांक पाठक ने मुखाग्नि दी। उनके दो पुत्र हैं। अंतिम संस्कार में शिक्षक नेता हरिशंकर मिश्र, शिक्षक परशुराम तिवारी, सहायक राजीव रंजन पांडेय, प्रदीप सिंह, अनुज शुक्ला, प्रदीप कुमार, शशिकांत पांडेय, रविरंजन पाठक, प्रशांत बिहारी, अरुण गिरि, विनय सिंह, बलराम कुमार, लल्लू साहू, अशोक चौधरी, ओमप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों शहरवासी, परिजन और शुभचिंतक उपस्थित थे। सभी ने शोक-संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार देर शाम पाटन थाना क्षेत्र के नीलम कुमारी ने प्रेम प्रसंग के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, नीलम का गांव के ही युवक से प्रेम संबंध था। दोनों के बीच अक्सर फोन पर बातचीत होती थी। शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया, जिससे आहत होकर नीलम ने गांव से 200 मीटर दूर सखुआ के पेड़ से फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पाटन थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पाटन थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि घटना के बाद से प्रेमी लापता है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस बीच, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और अपनी देखरेख में शव का पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए और अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सतर्क रहना चाहिए।

### एम बाजार का 190वां ब्रांच मेदिनीनगर में खुला, शहर के विकास पर जोर



**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित बीएनटी कॉम्प्लेक्स में एम बाजार का शुभारंभ किया गया। मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने उद्घाटन करते हुए कहा कि मेदिनीनगर तेजी से बड़े शहर का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि पहले लोग रांची जाकर ब्रांडेड वस्त्र खरीदते थे, लेकिन अब यह सुविधा मेदिनीनगर में भी उपलब्ध है। एम बाजार झारखंड का 11वां और भारत का 190वां ब्रांच है। इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, विजयानंद पाठक, अभिमन्यु तिवारी, विश्वजीत पाठक, सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जलमीनार खराब, ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत के पनियाखोह टोला में नल-जल योजना के तहत लगे जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल कि समस्या उत्पन्न हो गई है। जलमीनार खराब होने से ग्रामीण दूसरे मुहल्ले से पेयजल लाने को विवश हैं। ग्रामीण राकेश एक्का, अशोक उरांव, लवकुश एक्का, बसंती देवी, सुचिता देवी, ज्ञांती देवी, मनीष कुमार, कौशिल्या देवी ने बताया की नल जल योजना के तहत एक वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण हुआ है। एक महिने से जलमीनार का स्टार्टर खराब हो गया है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से उक्त खराब पड़े जलमीनार मरम्मत कराने कि गुहार लगाई है।

# दहेज की बली चढ़ी सुलसुलिया गांव की बेटी

## पति समेत सात पर प्राथमिकी दर्ज, चार हिरासत में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में शुक्रवार की रात दो बच्चे की मां 32 वर्षीय चंचला मिश्रा को पति सहित परिवार वालों ने मिलकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में मृतका के भाई मुकेश चौबे सुलसुलिया गांव निवासी ने सुबह मेराल थाना को सूचना दिया। सूचना मिलने पर मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि मृतक चंचला मिश्रा के भाई मुकेश चोबे द्वारा दहेज प्रताड़ना व मारपीट करने के संबंध में नामजद सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मृतक के पति समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पति विवेक मिश्रा, ससुर सतीश मिश्रा, भसुर राजू मिश्रा, सास आरती देवी का नाम हैं। उक्त मामले में पति सहित सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है इसमें गोतनी रानी देवी देवर विशाल मिश्रा तथा छोटी गोतनी पुलिस गिरफत से बाहर है। जानकारी के अनुसार मृतका का एक लड़का व एक लड़की है। मृतिका की शादी 2014 में हुई थी। जानकारी के अनुसार मृतका चंचला मिश्रा एक दिन पहले ही महिला थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

## न्यूज बॉक्स

### तीन पंचायत सहायक चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध, एक के लिए सहमत



**रमना।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय में चार पंचायत सहायक का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया जा रहा है। अधिकतर पंचायत में स्वयं सेवक को प्राथमिकता देते हुए चयन कर लिया गया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय द्वारा सभी पंचायतो को निर्देश दिया गया था। सिलीदाग पंचायत में आवास योजना में अनियमितता को लेकर इस योजना से मुक्त स्वयं सेवकों को पंचायत सहायक के पद पर चयन का ग्रामीणों ने विरोध किया था। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ को लिखित आवेदन देकर इस चयन को रद्द करने के मांग किया था। उक्त तिथि को हुई चयन प्रक्रिया को रद्द कर पुनः चयन का पंचायत को निर्देश दिया गया था। पुनः पंचायत सहायक के चयन के लिए शनिवार को पंचायत सभागार में ग्राम सभा किया गया, जिसमें पहले कार्य किये स्वयं सेवकों को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता के बात पर ही ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। आवास में उनकी खराब कार्य शैली को उठाया और पैसे लेने को आरोप लगाया। ग्रामीणों के विरोध के कारण तीन स्वयं सेवक राकेश कुमार सिंह कुशवाहा, पवन मेहता और आशा कुमारी का चयन नहीं हुआ। एक स्वयं सेवक प्रदीप कुमार को ग्रामीणों ने सर्वसम्मती चयन पर सहमति जताया।

# संस्कारवान बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहिएः डॉ.मनीष सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का तृतीय वार्षिक उत्सव 'उमंग 25' कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनीष सिंह,इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ.बीडी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र तिवारी, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अभिमन्यु सिंह सोनू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज व अवधूत प्रियदर्शी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर किया। इसके बाद कक्षा नवम के अभिज्ञ सिंह,आभास कुमार,हर्ष प्रताप देव,प्रीति कुमारी,रिया मेहता, मुस्कान मिश्रा,प्रियांशी कुमारी, नर्गिस नाज,रितिका कुमारी एवं रिशु कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. मनीष सिंह ने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहिए। उन्होंने एमके इंटरनेशनल स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बच्चों का मेहनत देखकर ऐसा लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते है। पुलिस निरीक्षक रतन सिंह ने कहा की शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने झारखंड का प्रसिद्ध आदिवासी छउ नृत्य,एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ.अभिमन्यु सिंह सोनू, निदेशक मनीष कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर प्रीति सिंह, प्रिंसिपल डॉ राय रॉस, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, मैनेजर रविन्द्र नाथ शर्मा, सौरभ यादव, विजय कुमार गुप्ता, सुनील यादव, जितेंद्र यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा कुमारी व हर्ष प्रताप देव ने व जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमृता सिंह ने किया।




# कचरा उठाने वाला गाड़ी से हो रही गल्ली मुहल्ला की साफई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चलाये जा रहे स्वछता अभियान के तहत इस प्रखंड के एक पंचायत को छोड़ कर 10 पंचायतों को ग्रामीण स्वछता के लिए तीन पहिया गाड़ी मिले करीब आठ माह हो चुके हैं। इसमें सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी द्वारा इस गाड़ी को करीब एक माह से चलाया जा रहा है। गांव के सभी गली मुहल्ले में स्वछता वाला गाना 'कचरे वाला आया घर से कचरा निकाल'बज रहा है। इस कार्य से ग्रामीणों में भी इस प्रकार से जागरूकता आ रही है और लोग अपने घर के कचरे को इस कचरा उठाने वाला गाड़ी में डाल कर गली मुहल्ले को स्वच्छ रखने में सहयोग कर रहे है। जिससे गली मुहल्ले में अब लोग सड़क पर कचरा जहां तहां नहीं फेंक रहे है।

# गर्मी को लेकर उपायुक्त ने की पेयजल स्वच्छता विभाग अधिकारियों के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गर्मी के मौसम को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में जलापूर्ति योजनाओं के तहत खराब चापनलों व जमीनारों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी गर्मी मौसम के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट से निपटने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, सोशल मोबलाइजर तथा संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुए चापानलों, जलमीनारों, पेयजल के अन्य स्त्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर ने निर्देश दिया। बैठक के दौरान सभी प्रखंडों हेतु एक-एक अदद चापानल के मरम्मती के लिए वाहन संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया गया तथा कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन समय पर करने के लिए जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई। साथ ही सभी निमार्णाधीन योजनाओं का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिन क्षेत्रों में रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, वहां पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अन्य विकल्प तलाशने की बात कही गई। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में पानी टैंकर समेत अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। वैसे क्षेत्र जहां पर जलस्तर नीचे चला गया है। उन क्षेत्रों में भी पानी टैंकर जैसी व्यवस्था करने को कहा गया ताकि आमजनों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, अजय कुमार सिंह, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

# सबकी योजना-सबका विकास अभियान के लिए तिथि निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने ग्राम पंचायतों में सबकी योजना-सबका विकास कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय ग्रामसभा के लिए तिथि निर्धारित किया है। बीडीओ ने कहा कि सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा कर वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए पंचायत के विकास योजनाएं तैयार कि जानी है। अभियान कि सफलता के लिए संबंधित मुखिया, रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को जिम्मेवारी सौंपी गई है। बीडीओ ने इससे पूर्व 17 फरवरी से 19 फरवरी तक सभी सात पंचायतों के सभी राजस्व गांव में तीन दिन का ग्राम सभा भी आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद 20 फरवरी से पंचायत स्तरीय ग्रामसभा आयोजित होगा। पंचायत स्तरीय ग्रामसभा के लिए पंचायत वार तिथि निर्धारित किया गया है। इसमें परती कुशवानी और मुकुंदपुर सचिवालय में 20 फरवरी को, बलिगढ़ और परसोडीह पंचायत सचिवालय में 22 फरवरी को, केतार में 24 को, पाचाडुमर और लोहरगाडा पंचायत सचिवालय में 27 को विशेष ग्राम सभा आयोजित किया जाएगा। ग्राम सभा का सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# उपायुक्त ने कल्याण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा चलाये जा रहें 17 योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित योजना में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए ससमय निष्पादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश को दिया। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, साइकिल वितरण, बिरसा आवास, धुमकुड़िया भवन का निर्माण, वन अधिकार अधिनियम-2006, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, एमएसडीपी योजना, सरना घेराबन्दी, कब्रिस्तान घेराबन्दी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावास जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजन, शहीद ग्राम विकास योजना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय निर्माण की समीक्षा की गई। प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के तहत अब तक बचे योग्य लाभुकों के खाते में स्कॉलरशिप की राशि सभी आवश्यक जांच करते हुए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार साइकिल वितरण योजना के तहत भी शेष योग्य लाभुक जिनको साइकिल योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल सका उनके बीच शीघ्र साइकिल वितरित करने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा ऐसे सभी लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए सभी का भौतिक सत्यापन करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही गई। बिरसा आवास, स्वास्थ्य केंद्र एवं शौचालय का निर्माण, सरना स्थल घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी आदि के तहत लंबित योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने वालों को नोटिस करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

## पत्रकार को मातृ शोक

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय नवीन मेल के खरौंधी प्रखंड के पत्रकार अरविन्द गुप्ता की मां इमला देवी का निधन शनिवार को हार्ट अटैक के कारण उनके घर पर हो गया। इमली देवी को अचानक सीने में तेज दर्द और सांस लेने में तकलीफ महसूस करने लगी। परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर प्रखंड में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार,ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। शनिवार को मझिगांवा श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। पति अवधेश साह नें मुखाग्नि दी। पत्रकार प्रदीप चौबे, दयाशंकर पाठक, अंजनी द्विवेदी, संकेत श्रीवास्तव, सुनील कुमार, संदीप कुमार, विमलेश कुमार, रवि यादव, राजा उस्ताद अंसारी ने घर पहुंच कर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)**
**(sportsdsogarhwa@gmail.com)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–128/राँची, दिनांक–31.01.2025 के द्वारा Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में गढ़वा जिलान्तर्गत पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े व्यवसायी, जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या कारोबार चलाना चाहते है, उनका पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इच्छुक व्यवसायी निम्न Category में अपना Registration कराने हेतु पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, गढ़वा या sportsdsogarhwa@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है:–

1. Accommodation Units.
2. Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO).
3. Boat Operator.
4. Entertainment related unit.
5. Tour Operator/Travel Agent/Tourist Transport Operator.
6. Tourist Guide.
7. Professional Tourist Photographers.

विश्वासभाजन,
ह0/–
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, गढ़वा

PR 346468 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)#D

# मनरेगा में मजदूरों की जगह जेसीबी का उपयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में मजदूरों के जगह जेसीबी मशीन के माध्यम मनरेगा योजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का काम किया जा रहा है। जेसीबी मशीन ही प्रखंड क्षेत्र के लिए मनरेगा मजदूर बनकर रह गया है। किसी भी पंचायत में मनरेगा की योजना जेसीबी के बिना वह पूर्ण नहीं हो पा रहा है। दिन के दोपहर में भी जेसीबी का उपयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा गांव के ही सुनील सोनी नामक व्यक्ति का उक्त डोभा होने की बात बताया गया। उन्होंने बताया कि यह डोभा पहले भी जेसीबी के माध्यम ही खोदा गया था। इस डोभा में दूसरी बार जेसीबी मशीन चल रहा है। साथ ही कहा कि सिर्फ यही डोभा नहीं बल्कि प्रखंड में जितनी भी मनरेगा की योजनाएं चल रही हैं, उसमें लगभग सभी में जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया होगा। शनिवार को जेसीबी से खुदाई हो रहे डोभा में मजदूर लगा ही नहीं तो योजना मद में मजदूर की राशि भुगतान कैसे हो गया यह एक बड़ा सवाल बन गया है। इस मामले मे जानकारी के लिए सुनील से मोबाईल फोन से संपर्क को लेकर कई बार प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। मामले में बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव और रोजगार सेवक से इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में पुष्टि हो जाने के बाद लाभुक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा।



# पुलवामा के शहीदों को सनराईज फैंस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा में मारे गए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के जवानों की याद में सनराइज फैंस क्लब के सदस्यों द्वारा कैंडल जलाने के बाद श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में थाना प्रभारी विष्णु कांत उपस्थित थे। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद युवाओं को राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुखिया रामसागर महतो 2019 में आतंकवादियों की कार्यकतापूर्ण हमले को मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने शहीद जवानों को के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों की कायरता तथा बर्बरता पूर्ण हमले से देश के जवानों का मनोबल गिरा नहीं है, बल्कि और सशक्त हुआ है। इस अवसर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रितेश कुमार चौबे, रुपु महतो, प्रमोद कुमार, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, सुधांशु शेखर, सियाराम कुमार, अजीत कुमार, बृजेश कुमार, नागेंद्र कुमार, अभिनव कुमार, अमित गुप्ता, राजेश गुप्ता, दीपक कुमार, नंदन कुमार, विवेक कुमार, सूरज गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, पंकज कुमार, मनोज कुमार, मनीष गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

समाहरणालय, गढ़वा
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
(sportsdsogarhwa@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के निदेश के आलोक में गढ़वा जिला में पूर्व से स्वीकृत एवं नवस्वीकृत डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षकों के कुल पांच (05) रिक्त पद एवं क्रीड़ा किसलय केन्द्र में प्रशिक्षक के कुल एक (01) रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित कर मेधा सूची के आधार पर अस्थाई रूप स नियुक्त किया जाना है, जिन्हें श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अतिकुशल दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक राशि भुगतान किया जायेगा।

उक्त पदों पर आवेदन हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी आवेदक दिनांक–22.02.2025 तक अपना आवेदन केवल ई–मेल (sportsdsogarhwa@gmail.com) के माध्यम से आवेदन कर सकते है अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अस्थाई क्रीड़ा प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु निम्नांकित अहर्त्ताएं होनी चाहिए:–

| क्र0 | योग्यता | डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र (एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती) क्रीड़ा किसलय केन्द्र (बैडमिंटन) हेतु | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक एवं खेल विशेष योग्यता | A. शैक्षणिक योग्यता– स्नात्तक उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– भारतीय खेल प्राधिकरण अंतर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स/विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र (Level-C to A)/एम०पी०एड०/बी०पी०एड०/ बी०पी०ई०। अथवा B. शैक्षणिक योग्यता– इंटरमिडिएट उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– राष्ट्रीय खिलाड़ी पदक विजेता/अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी। | सभी अहर्त्ताओं के लिये अलग–अलग अंक निर्धारित है। |
| 2 | आयु सीमा | 20–50 वर्ष | |
| 3 | प्राथमिकता | गढ़वा जिला में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी। | |

नोट:– विस्तृत जानकारी हेतु समाहरणालय, गढ़वा स्थित पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा, कमरा संख्या–413 में संपर्क किया जा सकता है अथवा संबंधित जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट garhwa.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला खेल पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 346467 (Art Culture Sports and Youth Affairs)24-25*D

**प्रवचन**

## शतचंडी महायज्ञ में प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# प्रभु से बढ़कर कोई और सुख संपदा नहीं: देवी प्रतिभा




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ में प्रवचन सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शाम में सुप्रसिद्व कथावाचिका देवी प्रतिभा ने भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। देवी प्रतिभा ने भागवत कथा कि शुरूआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे हैं। श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं, क्योंकि जिन्हें गोविंद जितना प्रदान करते हैं, उसे उतना ही मिलता है। अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं, तो कथा में प्यासे बन कर आएं। कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं। तो ये भागवत कथा आपको बहुत कुछ सिखने को देगी। देवी प्रतिभा ने कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और संपदा नहीं है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है। मनुष्य का जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा है। मौके पर राजीव रंजन तिवारी, हेमंत पाठक, प्रमोद शुक्ला,मंदिर विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, राजकुमार पाठक, कुंडल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उदयकांत विश्वकर्मा, लल्लू पाल, उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड के खिराखाड़ गांव में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन

# राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनिका प्रखंड के ग्राम खिराखाड़ में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने तथा आदिम जनजाति लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने को लेकर मनिका प्रखंड के पंचायत बिसुनबांध के ग्राम खिराखाड़ में प्राथमिक विद्यालय नेवाड़ में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मनिका प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम खिराखाड़ में जनता दरबार सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। विकास मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने और योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने के लिए स्टॉल लगाया गया था। उन्होंने ग्रामीणों से कहा विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। जिला प्रशासन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचकर आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि युवाओं के विकास के लिए युवक व युवतियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का विशेष जोर है कि बेरोजगार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराए जा सकें। उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया एंव योजना का लाभ उठाकर जीवन स्तर में सुधार लाने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी ग्रामीणों की समस्या है उसे ससमय पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जनता दरबार सह विकास मेला के माध्यम से सुदूरवर्ती गांव खिराखाड़ के ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभांवित करने के लिए उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण जानकारी के आभाव में योजना के लाभ से वंचित ना रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए पूरा जिला प्रशासन आपके के बीच उपस्थित है। बेझिझक अपनी समस्याओं को रखें। यह दौरा इस उद्देश्य से है कि खिराखाड़ गांव की समस्याओं को समझ सकें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले सकें। जनता दरबार में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी,लातेहार अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका, जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।



## झारखंड के नए प्रभारी के. राजू को कांग्रेसियों ने दी बधाई

**चंदवा।** के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाये जाने पर चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बधाई दी है। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद वह 2013 में कांग्रेस पार्टी से जुड़े। वर्तमान में वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। इनके झारखंड के नए प्रभारी बनने से राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। नए प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में उनके नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। झारखंड में कांग्रेस को नया रणनीतिक दृष्टिकोण देने के लिए के राजू की प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संतोष साहु,मोफिल खान, बाबर खान, श्रीराम शर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### किसानों के बीच बीज वितरण

**चंदवा।** शनिवार को प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पांडेय द्वारा चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के चिन्हित दर्जनों किसानों के बीच 4-4 किलो का मूंग का पैकेट वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार ने दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीज का वितरण किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड के कई किसान मौजूद थे।

### आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर बैठक में लिए गए निर्णय

**लातेहार।** समाहरणालय भवन के समीप आदिवासी वासा ओड़ा मे शनिवार को आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरि कुमार भगत ने की। बैठक में आदिवासियों का कैसे उत्थान हो, आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर हरि कुमार भगत ने बैठक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। सेल्सटीन कुजूर ने भी बैठक के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में सरकार से आदिवासी समाज के समुचित विकास की मांग करने समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। अवसर पर जिप सदस्य विनोद उरांव, बिरसा मुंडा समेत काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

### अंडर 19 में राज्य स्तरीय चैंपियन बनने पर सांसद ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 19 राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिप अध्यक्ष पूनम देवी,डीटीओ सुरेंद्र कुमार मौजूद थे। मौके पर सासंद ने कहा कि चतरा लोक सभा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। आपकी कड़ी मेहनत का ही यह नतीजा है कि पूरे राज्य में अन्य जिले के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए विजयी हुई है। आने वाले दिनों में मै मां भगवती से प्रार्थना करता हूं कि आप सभी इंडिया टीम में शामिल होकर देश के साथ अपने क्षेत्र का मान बढ़ाए। उस दिन मैं आपके स्वागत मे लंबी रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करूंगा। संचालन जिला क्रिकेट संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सह लातेहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह, चतरा क्रिकेट संघ के जिलाध्यक्ष विनय सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, नरेश पाठक, असीम बाग, जय सिंह, बंशी यादव, सुरेंद्र प्रसाद, विष्णुदेव गुप्ता, शैलेश कुमार, आशीष नाथ शाहदेव समेत अंडर 19 के बिजयी खिलाड़ी मौजूद थे। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।

### तीन माह से नहीं मिल रहा वृद्धा पेंशन, बुजुर्ग लगा रहे बैंक का चक्कर

**महुआडांड़ (लातेहार)।** पिछले तीन महीने से बुजुर्गों को मिलने वाला वृद्धा पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे बुजुर्ग लाभुकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 3 महीने से लगातार बुजुर्ग पेंशन की आस में महुआडांड़ प्रखंड स्थित बैंकों व सीएसपी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है। बुजुर्गों के दवा समेत अन्य जरूरतों का एकमात्र सहारा पेंशन है। लाभुक बताते हैं कि पहले एक महीना से अधिक देर नहीं होती थी। पेंशन समय-समय पर मिलता रहता था, लेकिन जब से मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई है, हम बुजुर्गों पर से सरकार का ध्यान शायद उठ गया है। कई बुजुर्ग बताते हैं कि पेंशन के पैसा दवा और छोटी जरूरतें के लिए उपयोग करते थे। वृद्धा पेंशन के लाभुकों ने जल्द उपायुक्त से वृद्धा पेंशन का भुगतान करने की मांग की है।

### झारखंड विकास समिति ने टोरी टीआई को सौंपा 9 सूत्री ज्ञापन

**चंदवा।** झारखंड विकास समिति के द्वारा हर महीने करोड़ों का राजस्व देने वाला टोरी जंक्शन की घोर उपेक्षा को लेकर रेल मंत्री,रेल महाप्रबंधक हाजीपुर व डीआरएम धनबाद के नाम टीआई संजय कुमार को 9 सूत्री मांग पत्र सौपा है। मांगपत्र में टोरी जंक्शन के पूर्वी भाग पर आरओबी निर्माण करने व पश्चिमी छोर पर बन रहे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अविलंब पूरा करने,टोरी रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेलवे फाटक के समीप अंडर पास को चालू करने,टोरी जंक्शन पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने समेत अन्य मांग शामिल हैं। समिति ने कहा कि इन सभी मांगों को धनबाद के डीआरएम के द्वारा अविलंब मंत्रालय में भेज कर कार्य शुरू कराया जाय। मौके पर झाविस के रवि कुमार डे,प्रमोद कुमार साहु,सतेंद्र प्रसाद यादव,पप्पू ,अनील कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार में उच्च शिक्षा का अलख जगा रहा है बीएस कॉलेज : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** चतरा सांसद सह बनवारी साहू महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष कालीचरण सिंह ने कहा कि बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार जिला में उच्च शिक्षा का अलख जगा रहा है। यहां कार्यरत व्याख्याता व अन्य कर्मी निःस्वार्थ छात्र व छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने महाविद्यालय भूमि दानदाता सदस्य व उनके परिवार की भी प्रशंसा की। कहा कि उनकी बदौलत लातेहार में यह महाविद्यालय छात्र व छात्रों को उच्च शिक्षा दे पा रहा है। सांसद शनिवार को बनवारी साहू महाविद्यालय पहुंचे थे। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी व सचिव अंजू गुप्ता ने बुके व अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। इससे पहले महाविद्यालय की छात्राओं ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया। सांसद ने महाविद्यालय परिसर में स्व बनवारी साहू की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण जागरूकता के लिए महाविद्यालय में एक पौधा लगाया। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन को हर संभव मदद करने की बात कही। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि जब भी प्रबंधन को जरूरत हो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। वह हमेशा उपलब्ध रहेगें। सांसद ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कई निर्देश भी दिए। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा माय भारत पोर्टल पर किये जा रहे कार्यों से अवगत हुए और अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर वरीय भाजपाई राजधनी प्रसाद यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद समेत महाविद्यालय के कई व्याख्याता व अन्य कर्मी मौजूद थे।



## दो अलग-अलग सड़क हादसे में 5 घायल

● थाना क्षेत्र के हिसरी और लोहरसी के समीप हुई दुर्घटना

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** रांची चतरा मुख्य मार्ग स्थित हिसरी गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम ट्रेलर व बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार सिकेंद्र तूरी, जीतेन्द्र मुंडा और बबलू तूरी (सभी पुरना टोली, चकला) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया, जहां प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी व उनकी टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना में दो की हालत नाजुक बताई रही है। दूसरी दुर्घटना चंदवा मालहन मैकलुस्कीगंज मार्ग पर लोहरसी गांव के समीप बाइक सवार असंतुलित होकर गिर पड़ा। इस घटना मे बाइक सवार प्रमोद गंझू (खलारी) गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में इलाज के बाद उसे भी रिम्स रेफर कर दिया गया। प्रमोद के सिर पर गंभीर चोट आयी है। बताते चले कि चंदवा थाना क्षेत्र में सड़क हादसों में बढ़ोतरी हुई है। तीव्र गति से वाहन चलाने व नशापान दुर्घटना का कारण बन रहा है।



## झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान जारी

**लातेहार।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड इंप्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) की ओर से चार्टर्ड ऑफ डिमांड की मांगों को लेकर जिले भर में हस्ताक्षर अभियान जोरशोर से चल रहा है। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह व प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर यह अभियान शुरू किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, महासचिव प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग, प्रखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय और भविष्य निधि कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से सरकारी कर्मियों की प्रमुख मांगों में सभी सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने ,शिक्षक संवर्ग को एमएसपी (मिलिट्री सर्विस पे) का लाभ देने साथ ही सभी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान करने मांग शामिल है। अभियान में शिक्षा विभाग से राहुल कुमार, अरुण कुमार वर्मा, अनिल कुमार, परमेश्वर कुमार, संजय कुमार, भविष्य निधि कार्यालय से अनिल कुमार, वन विभाग से उमेश कुमार, सरिता देवी, विनय कुजूर, धर्मेंद्र कुमार, सोनू यादव, जितेश्वर राम और अंजना यादव सहित कई शामिल रहे। झारोटेफ के इस अभियान से कर्मचारियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

## पुलिस ने 180 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को किया नष्ट, 105 लोगों पर प्राथमिकि दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम गुरुवे में 60 एकड़ के क्षेत्र में लगे अवैध अफीम के फसल को ट्रैक्टर व ग्रास कटर, लाठी डंडों से पीटकर नष्ट किया। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन कर उक्त क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। साथ इस अवैध मादक पदार्थ की खेती करने वालो को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम डाकादिरी व ग्राम इंडुआ में लगे पोस्ता की खेती के नष्ट के पश्चात बारियातू थाना में मामला दर्ज किए गए हैं, जिसमें दोनों कांडों को मिलाकर दोनों वार्ड के वार्ड सदस्य सहित 70 लोगों से भी अधिक पोस्ता खेती करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस वर्ष अब तक बालूभांग, गोनीया , शिबला पंचायत के विभिन्न गांवों में 180 एकड़ से भी अधिक अफीम के फसल को नष्ट किया गया है। 105 से भी अधिक नामजद व अन्य अज्ञात को दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## सीआरपीएफ कमांडेंट ने ग्रामीण विकास व स्वास्थ्य को लेकर बैठक की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** 11 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट याद राम बुनकर की अध्यक्षता में सदर प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के मुखिया, सरपंच व ग्रामीण प्रतिनिधियों की बैठक प्रखंड परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उदयपुरा, जालिम खुर्द, ईचाक, पेशरार, नवागढ़ सहित अन्य गांवों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। कमांडेंट ने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रद्दी कागज से उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया और वीडियो के माध्यम से इस प्रक्रिया को समझाया। इसके अलावा, ग्रामीण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शुक्रवार को सीआरपीएफ कैंप परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की पहल की गई है। इस सप्ताह के शिविर में सीआरपीएफ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमूल्या कुजूर ने आसपास के गांवों से आए 50-60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां वितरित की गई और स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।



## आवेदन देकर केस से नाम हटवाने की लगाई गुहार

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम निवासी रामखेलावन गंझू पिता पिता लक्ष्मी गंझू ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बारियातू थाना में एनडीपीएस एक्ट में दिए गए नाम को हटाने की गुहार लगायी है। आवेदन के माध्यम से बताया कि उक्त कांड मेरे और अन्य के विरुद्ध दर्ज हुआ है। ग्रामीण व गुप्तचर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुआ है कि मेरे नाम से प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जबकि पोस्ता जैसे किसी भी अपराध में मै शामिल नहीं रहा हूं। मेरे द्वारा पोस्ता से संबंधित किसी प्रकार का केस दर्ज है। किसी ने व्यक्तिगत विवाद को साधने के उद्देश्य से उक्त कांड मे नाम देकर फंसाया जा रहा है। मैं खेती बारी कर अपना परिवार का जीवन यापन करता हूं। मेरे चार बच्चे है, जो पढ़ाई करते हैं। इस मुकदमा में फंसाये जाने से मेरे परिवार का जीवन अंधकार में फंस जायेगा।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
**(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**–सूचना–**

एतद द्वारा सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत सिमरिया मतस्य विभाग कार्यालय के सामने सिमरिया–बगरा पथ में 24 दुकानो का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

दुकान लीज/किराया पर लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन की मांग की गयी थी। आवेदित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.02.2025 को 12:30 बजे जिला परिषद सभागार में लॉटरी का आयोजन किया जायेगा।

अतः आवेदक उक्त निर्धारित तिथि को यथा स्थान लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने पर किसी भी तरह के आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 346457 (District)24-25*D


### दर्जनों गांव में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बरकरार

## बीएसएनएल टॉवर लगने के बाद भी नहीं मिल रहा नेटवर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा व प्रतापपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या अभी भी बरकरार है। बीएसएनएल मोबाइल टॉवर लगने के बाद भी ग्रामीणों को नेटवर्क की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अपने घरों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलता है। यदी कहीं उन्हें बात करनी हो तो ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, ताकि वह अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकें। नेटवर्क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को डिजिटल कार्य करने में बहुत परेशानी होती है। उन्हें अपने बैंकिंग कार्य, ऑनलाइन सेवाएं , अन्य डिजिटल कार्यों के लिए पांच से दस किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। हालांकि ग्रामीण कई वर्षो पूर्व से लगातार प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र में टॉवर लगवाने की मांग सरकार व जिला प्रशासन से कर रहे हैं। इस क्रम में उक्त प्रभावित क्षेत्र में बीएसएनएल टॉवर लगा तो ग्रामीणों में बहुत बड़ी आस जगी की शायद अब हम लोगों को फोन समेत कई अन्य डिजिटल सेवाएं ग्रामीण स्तर पर मिल पाएगा। लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी बीएसएनल का नेटवर्क सिर्फ शोभा की वस्तु बनी हुई। एक बार पुनः ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि वह इस समस्या का समाधान कर उन्हें स्थिर और मजबूत मोबाइल नेटवर्क प्रभावित क्षेत्र में प्रदान करें।




**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–27/2024–25**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
**निविदा शुद्धी पत्र**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–27/2024-25/EE/BCD/GARHWA दिनांक–13.02.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरौंधी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केतार (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांडी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरडीहा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 5 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमना (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 6 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिषुनपुरा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 7 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सगमा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 8 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनियां (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 9 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 10 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 11 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरगड़ (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.02.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 28.02.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 03.03.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.
नोट:– PR 345715 Building(24-25).D द्वारा प्रकाशित निविदा का शुद्धी पत्र।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 346465 (Building) 24-25 (D)



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक 582 दिनांक 15.02.2025

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 29/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत परिसदन भवन, मेदिनीनगर परिसर में अनुपयोगी फर्नीचर एवं अन्य सामग्री निलामी करने की आवश्यकता है। सामग्री निलामी हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में कोटेशन दिनांक 25.02.2025 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। अनुपयोगी सामग्री निम्नवत् है :–

| क्र0 | निलामी सामग्री | संख्या | अनुमानित राशि | क्र0 | निलामी सामग्री | संख्या | अनुमानित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नारमल चेयर | 35 Pic. | 15000 | 15 | सोफा सिंगल सिटर | 21 Pic. | 18000 |
| 2 | रिवॉल्विंग चेयर | 17 Pic. | 17000 | 16 | सोफा टू सिटर | 02 Pic. | 3000 |
| 3 | ड्रेसिंग टेबल (डैमेज) | 03 Pic. | 500 | 17 | सोफा थ्री सिटर | 14 Pic. | 15000 |
| 4 | वॉल फैन (डैमेज) | 14 Pic. | 500 | 18 | मैट्रेस (डैमेज) | 07 Pic. | 350 |
| 5 | सिलिंग फैन (डैमेज) | 13 Pic. | 500 | 19 | रूम हिटर (डैमेज) | 02 Pic. | 100 |
| 6 | पलंग (डैमेज) | 05 Pic. | 5000 | 20 | टेबल (डैमेज) | 18 Pic. | 3600 |
| 7 | ए०सी० (डैमेज) | 07 Pic. | 1500 | 21 | अलना | 02 Pic. | 400 |
| 8 | फोटो सिनेरी | 28 Pic. | 500 | 22 | साईड टेबल (डैमेज) | 08 Pic. | 800 |
| 9 | फिज छोटा (डैमेज) | 03 Pic. | 600 | 23 | फ्लावर पॉट (डैमेज) | 08 Pic. | 400 |
| 10 | फिज बड़ा (डैमेज) | 01 Pic. | 1000 | 24 | गिजर (डैमेज) | 06 Pic. | 500 |
| 11 | टी०भी० (डैमेज) | 11 Pic. | 2000 | 25 | डायनिंग टेबल का शीशा | 01 Pic. | 500 |
| 12 | मीटिंग हॉल टेबल | 01 Pic. | 500 | 26 | जेनरेटर | 02 Pic. | 8000 |
| 13 | डायनिंग टेबल (छोटा) | 03 Pic. | 600 | 27 | बर्तन (डैमेज) | 01 पेटी | 100 |
| 14 | डायनिंग टेबल (बड़ा) | 01 Pic. | 500 | 28 | परदा, मच्छरदानी, बेड शिट, तकिया कॉवर | 04 ट्रंक | 2500 |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 346479 (District) 24-25 (D)

# तीसरे दिन भी कदाचारमुक्त हुईं मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सी सी टीवी की निगरानी में कदाचारमुक्त वातावरण में शनिवार को तीसरा दिन को वार्षिक माध्यमिक और इंटर परीक्षा हुआ । मैट्रिक में जिले भर के 16 परीक्षा केंद्रों में और इंटर में 12 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुआ। शनिवार को आयोजित मैट्रिक परीक्षा के अरबी/फारसी, उरांव आदि स्थानीय विषय की परीक्षा में 1441 में 1432 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडियेट के एलिक्टिव लैंग्वेज (संस्कृत /उरांव/ कुडूख ) अनिवार्य विषय की परीक्षा में



3913 परीक्षाथीयों में से 3881 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताते चले कि जिले भर में मैट्रिक की परीक्षा में कुल 7,205 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं और वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 4,725 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को कदाचारमुक्त परीक्षा को ले जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सजग नजर आई। कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजन को ले सीसी टीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है साथ ही समुचित मात्रा में स्टेटिक पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, फ्लाइंग स्क्वायड और प्रश्नपत्र लाने के लिए मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी नियुक्त किये गए हैं। वहीं परीक्षा केंद्र पर पहुंचने वाले परीक्षाथीयों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व गहन जांच की जा रही है । परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी परीक्षार्थी को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले कर जाने की इजाजत नही दी जा रही है और कदाचार मुक्त परीक्षा निमित्त चेतावनी और सलाह दिया जा रहा है ।

## जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजित




**लोहरदगा।** निदेशक, झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2025 का आयोजन आज दिनाँक 15.02.2025 को जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के नेतृत्व में कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम आईलीन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, डॉ शम्भू नाथ चौधरी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, विनय बंधु कच्छप, तृषा पाण्डे, लीगल एडवाइजर, जेईपी, लोहरदगा उपस्थित हुए।प्रतियोगिता में जिले के सभी सात प्रखंडों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है।

## न्यूज बॉक्स

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक को भेजा जेल

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने नाबालिग युवती के अपहरण और दुष्कर्म मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गौर तलब है कि नाबालिग की मां ने कुडू थाना में लिखित आवेदन देकर रांची जिले के चान्हो थाना अंतर्गत बरहे गांव निवासी जयराम लोहरा के पुत्र राहुल लोहरा पर बेटी को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसपर पुलिस ने नामजद युवक के विरुद्ध कांड संख्या 19/25 धारा 96/65(1)/351(2)बीएनएस एवं 4/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। 14 फरवरी को कारवाई करते हुए रांची से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### स्कूल में होगा लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन

**लोहरदगा।** लोहरदगा के करमटोली स्थित एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में 23 फरवरी को लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के कर कमलों द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। क्लब के गठन को लेकर पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा ने कार्यालय कक्ष में एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा के साथ समीक्षा बैठक की। इस मौके पर सीजेएम श्री कृष्ण कांत मिश्रा, डीएलएसए सचिव श्री राजेश कुमार और पीएलवी गौतम लेनिन मौजूद थे। इस अवसर पर डीएलएसए सचिव श्री राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के पहल पर 23 फरवरी, 2025 को झारखंड राज्य के सभी 74 डीएवी स्कूलों में लिगल लिट्रेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी देने का कार्य डीएलएसए के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में निरंतर कानूनी साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका लाभ जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को मिल रहा है। वहीं एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी निदेर्शानुसार पूरी कर ली जाएगी। साथ ही स्कूल के लिगल लिट्रेसी क्लब के गठन में दिशा निदेर्शों का पूरा पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों में कानूनी साक्षरता का लाभ मिलेगा।

### स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**कुडू-लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू में शनिवार को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव एवं सचिव अनुराधा सिंह,प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह एवं सेंसई अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 10वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले भैया बहनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाली अनुष्का लोहरा, आर्या सिंह, गायत्री कुमारी और रिया कुमारी को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव ने छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर अपने साथ विद्यालय परिवार और परिजनों का नाम रौशन करने का आह्वाहन किया। इस दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने विद्यालय में बिताए खट्टी मीठी यादों को साझा किया। कार्यक्रम रूपेश कुमार, पार्वती देवी, पिंकी कुमारी,धनोज महतो आदि ने भी संबोधित किया।

### मैट्रिक में 233 विद्यर्थियों ने दी कुडुख की परीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा शनिवार को हुआ.वही परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ.मैट्रिक परीक्षा आयोजित कराने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 171 विद्यार्थियों में से 169 छात्र छात्राओ ने और कन्या मध्य विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र में 64 विद्यार्थियों ने कुडुख का परीक्षा दिया। वही कुडुख की परीक्षा में शनिवार को दो छात्र अनुपस्थित रहे। केन्र्दधीक्षक सीमा नैंसी लकड़ा ने जानकारी देते हुए। कहा कि कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है।जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। जिसे गुरुवार को कुडुख का परीक्षा समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के 235 छात्र छात्राओ में से 233 परीक्षा विद्यार्थी उपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार,शिवशंकर उरांव एवं मेराज अंसारी,सुनीता देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी,रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ मौजूद थे।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर का 24वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का 24वां वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस पूरे भक्तिभाव और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर को भव्य और आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर प्रांगण में उमड़ पड़ी। पुजारियों और श्रद्धालु महिलाओं द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा माहौल हनुमान भक्ति में डूब गया। हनुमान जी के विग्रह को सिंदूर, और सुगंधित पुष्पों से श्रृंगारित किया गया, जिससे उनकी दिव्य छवि और अधिक मनमोहक लग रही थी। दोपहर से मंदिर प्रांगण में महाप्रसाद और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। भक्तों ने श्रद्धाभाव से, पूड़ी-सब्जी, हलवा और अन्य प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। घंटे-घड़ियालों और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। 24वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 24 किलोग्राम मेवे से हनुमान जी को भोग अर्पित किया गया और इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। इस पूरे आयोजन ने लोहरदगा वासियों के लिए एक भव्य आध्यात्मिक उत्सव का रूप ले लिया। दूर-दूर से श्रद्धालु इस पावन अवसर का हिस्सा बनने आए। भक्तों की आस्था और सेवा भावना ने इस आयोजन को और अधिक भव्य बना दिया।

## पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VII
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन शाखा),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)**

अधिघोषणा संख्या :- /भू0अ0, पलामू, दिनांक :-

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ परियोजना प्रयोजन हेतु ग्राम-कोल्हुआ सोनवरसा, थाना सं0-525, थाना-मोहम्मदगंज, अंचल-मोहम्मदगंज, जिला-पलामू** में कमोवेश **8.6948 एकड़** यानि **3.5187** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू-खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश **8.6948 एकड़** यानि **3.5187** हेक्टेयर है। **ग्राम-कोल्हुआ सोनवरसा, थाना सं0-525, थाना-मोहम्मदगंज, अंचल-मोहम्मदगंज, जिला-पलामू** में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

**ग्राम-कोल्हुआ सोनवरसा, थाना सं0-525, कुल रकबा-8.6948 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | |
| 1 | 56 | 1051 | धनहर दो | रैयती | 0.1331 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 2 | 21 | 1052 | धनहर दो | रैयती | 0.1082 | इन्द्रनाथ मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो इन्द्रनाश मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो कुलमनि मिश्र वो जय कुमार मिश्र पिता नरेश राम मिश्र वो मुनेश्वर मिश्र वो रघुविर मिश्र वो यदुविर मिश्र पिता कैलाश मिश्र वो मुकरज पिता कैलाश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 3 | 115 | 1055 | धनहर दो | रैयती | 0.1211 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 4 | 56 | 1056 | धान दो | रैयती | 0.1671 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 5 | 21 | 1062 | धनहर दो | रैयती | 0.0954 | इन्द्रनाथ मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो इन्द्रनाश मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो कुलमनि मिश्र वो जय कुमार मिश्र पिता नरेश राम मिश्र वो मुनेश्वर मिश्र वो रघुविर मिश्र वो यदुविर मिश्र पिता कैलाश मिश्र वो मुकरज पिता कैलाश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 6 | 21 | 1063 | धनहर दो | रैयती | 0.0431 | तदैव | – | – | – | – | |
| 7 | 234 | 1068 | धान दो | रैयती | 0.0739 | रामेश्वर मिश्र पिता गुप्तेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 8 | 115 | 1067 | धनहर दो | रैयती | 0.0089 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 9 | 56 | 1069 | धनहर दो | रैयती | 0.0268 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 10 | 21 | 1009 | धनहर दो | रैयती | 0.1051 | इन्द्रनाथ मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो इन्द्रनाश मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो कुलमनि मिश्र वो जय कुमार मिश्र पिता नरेश राम मिश्र वो मुनेश्वर मिश्र वो रघुविर मिश्र वो यदुविर मिश्र पिता कैलाश मिश्र वो मुकरज पिता कैलाश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 11 | 90 | 1070 | धनहर दो | रैयती | 0.003 | धनेश्वर मिश्र पिता देवाराम मिश्र एवं देवपति कुंवर पिता जदुवंश मिश्र एवं अवध विहारी मिश्र वो बलराम मिश्र वो गोपाल मिश्र वो बंसंत मिश्र पिता गयादत मिश्र एवं रामेश्वर मिश्र वो अजय मिश्र वो संजय मिश्र पिता जगवंश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 12 | 90 | 1071 | धनहर दो | रैयती | 0.0304 | तदैव | – | – | – | – | |
| 13 | 56 | 1008 | धान दो | रैयती | 0.0453 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 14 | 90 | 1072 | धनहर दो | रैयती | 0.0389 | धनेश्वर मिश्र पिता देवाराम मिश्र एवं देवपति कुंवर पिता जदुवंश मिश्र एवं अवध विहारी मिश्र वो बलराम मिश्र वो गोपाल मिश्र वो बंसंत मिश्र पिता गयादत मिश्र एवं रामेश्वर मिश्र वो अजय मिश्र वो संजय मिश्र पिता जगवंश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 15 | 56 | 1006 | धनहर दो | रैयती | 0.0898 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 16 | 14 | 1005 | धनहर दो | रैयती | 0.0099 | उर्मिला देवी पति विरेन्द्र तिवारी जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 17 | 56 | 1007 | टाड़ दो | रैयती | 0.1773 | जसान्द मिश्र पिता चंन्द्रवंशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 18 | 125 | 998 | धनहर दो | रैयती | 0.0895 | पुरन मिश्र पिता देवा राम मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 19 | 235 | 997 | टाड़ दो | रैयती | 0.0507 | नागेश्वर नाथ तिवारी पिता जगन्नदन तिवारी वैगरह निवासी | – | – | – | – | |
| 20 | 234 | 979 | टाड़ दो | रैयती | 0.0804 | राधेश्वर मिश्र पिता गुप्तेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 21 | 115 | 980 | टाड़ दो | रैयती | 0.0711 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र जाति ब्राहमण एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 22 | 125 | 982 | टाड़ दो | रैयती | 0.0667 | पुरन मिश्र पिता देवा राम मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 23 | 168 | 984 | टाड़ दो | रैयती | 0.0669 | विशेश्वर मिश्र पिता ब्रहमदेव मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 24 | 259 | 985 | धान दो | रैयती | 0.048 | रामलगन सिंह पिता दिलेश्वर सिंह एवं कामेश्वर सिह पिता रामदेनी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 25 | 115 | 986 | धनहर दो | रैयती | 0.0369 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 26 | 168 | 987 | धनहर तिन | रैयती | 0.0173 | विशेश्वर मिश्र पिता ब्रहमदेव मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 27 | 167 | 988 | धान दो | रैयती | 0.0398 | विश्वनाथ सिंह वो लालेश्वर सिंह पिता रामलगन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 28 | 21 | 958 | टाड़ दो | रैयती | 0.1939 | इन्द्रनाथ मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो इन्द्रनाश मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो कुलमनि मिश्र वो जय कुमार मिश्र पिता नरेश राम मिश्र वो मुनेश्वर मिश्र वो रघुविर मिश्र वो यदुविर मिश्र पिता कैलाश मिश्र वो मुकरज पिता कैलाश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 29 | 165 | 957 | टाड़ दो | रैयती | 0.0509 | विश्वनाथ सिंह वो लालेश्वर सिंह पिता रामलगन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 30 | 69 | 903 | टाड़ दो | रैयती | 0.1616 | तपेश्वरी तिवारी वो रामकिशोर तिवारी वो रामकुमार तिवारी पिता महाविर तिवार जाति ब्रहमण | – | – | – | – | |
| 31 | 115 | 901 | टाड़ दो | रैयती | 0.003 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 32 | 228 | 905 | टाड़ दो | रैयती | 0.015 | राजदेव तिवारी व विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलवान तिवारी एवं तपेश्वरी तिवारी व रामकेश्वर तिवारी व राजकुमार तिवारी पिता महाविर तिवारी जाति ब्रहमण | – | – | – | – | |
| 33 | 115 | 906 | टाड़ दो | रैयती | 0.074 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 34 | 228 | 907 | टाड़ दो | रैयती | 0.0531 | राजदेव तिवारी व विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलवान तिवारी एवं तपेश्वरी तिवारी व रामकेश्वर तिवारी व राजकुमार तिवारी पिता महाविर तिवारी जाति ब्रहमण | – | – | – | – | |
| 35 | 228 | 908 | टाड़ दो | रैयती | 0.0663 | तदैव | – | – | – | – | |
| 36 | 56 | 911 | टाड़ दो | रैयती | 0.0561 | कोदू मेहता पिता स्व0 यदु महतो, जाति-कोईरी | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 37 | 56 | 910 | टाड़ दो | रैयती | 0.0391 | तदैव | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 38 | 169 | 913 | टाड़ दो | रैयती | 0.0163 | विशेश्वर मिश्र पिता ब्रहमदेव मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 39 | 234 | 912 | टाड़ दो | रैयती | 0.1991 | रामेश्वर मिश्र पिता गुप्तेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 40 | 228 | 892 | टाड़ दो | रैयती | 0.1012 | राजदेव तिवारी व विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलवान तिवारी एवं तपेश्वरी तिवारी व रामकेश्वर तिवारी व राजकुमार तिवारी पिता महाविर तिवारी जाति ब्रहमण | – | – | – | – | |
| 41 | 69 | 891 | टाड़ दो | रैयती | 0.028 | तपेश्वरी तिवारी वो रामकिशोरतिवारी वो रामकुमार तिवारी पिता महाविर तिवार जाति ब्रहमण | – | – | – | – | |
| 42 | 69 | 877 | टाड़ दो | रैयती | 0.1063 | तदैव | – | – | – | – | |
| 43 | 115 | 875 | टाड़ दो | रैयती | 0.0877 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलि मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 44 | 115 | 874 | टाड़ दो | रैयती | 0.0078 | तदैव | – | – | – | – | |
| 45 | 115 | 872 | टाड़ दो | रैयती | 0.072 | तदैव | – | – | – | – | |
| 46 | 115 | 873 | टाड़ दो | रैयती | 0.0281 | तदैव | – | – | – | – | |
| 47 | 246 | 837 | टाड़ दो | रैयती | 0.0543 | रामपरिख सिंह पिता पुरन सिंह | – | – | – | – | |
| 48 | 244 | 836 | टाड़ दो | रैयती | 0.0814 | रामनरेश सिंह वो साहेबराज सिंह वो हरीनन्दन सिंह पिता धर्मजीत सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 49 | 166 | 838 | टाड़ दो | रैयती | 0.0234 | विश्वनाथ सिंह वो लालेश्वर सिंह पिता रामलगन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 50 | 246 | 839 | टाड़ दो | रैयती | 0.0092 | रामपरिख सिंह पिता पुरन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 51 | 295 | 835 | टाड़ दो | रैयती | 0.1386 | सुरतमानी देवी पिता जग्रनाथ मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 52 | 56 | 834 | टाड़ दो | रैयती | 0.14 | जसान्नद मिश्र पिता चंद्रवशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 53 | 21 | 833 | टाड़ दो | रैयती | 0.1638 | इन्द्रनाथ मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो इन्द्रनाश मिश्र पिता विध्यांचल मिश्र वो कुलमनि मिश्र वो जय कुमार मिश्र पिता नरेश राम मिश्र वो मुनेश्वर मिश्र वो रघुविर मिश्र वो यदुविर मिश्र पिता कैलाश मिश्र वो मुकरज पिता कैलाश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 54 | 90 | 832 | टाड़ दो | रैयती | 0.1617 | धनेश्वर मिश्र पिता देवाराम मिश्र एवं देवपति कुंवर पिता जदुवंश मिश्र एवं अवध विहारी मिश्र वो बलराम मिश्र वो गोपाल मिश्र वो बंसंत मिश्र पिता गयादत मिश्र एवं रामेश्वर मिश्र वो अजय मिश्र वो संजय मिश्र पिता जगवंश मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 55 | 169 | 753 | टाड़ दो | रैयती | 0.0585 | विशेश्वर मिश्र पिता ब्रहमदेव मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 56 | 117 | 681 | टाड़ दो | रैयती | 0.7241 | नारायण मिश्र वो जगदीश मिश्र पिता वासुदेव मिश्र एवं गंगाधर मिश्र वो अयोध्या मिश्र वो प्रदीप मिश्र वो मुरलीधर मिश्र पिता जगेश्वर मिश्र वो पूरण मिश्र वो धनेश्वर मिश्र पिता देवाराम मिश्र वो अवध किशोर मिश्र वो वलीराम मिश्र वो गोपाल मिश्र वो बसंत मिश्र पिता गयादत्त मिश्र वो चन्द्रमणी पति गयादत्त मिश्र वो परमेश्वर मिश्र वो संजय मिश्र वो मुना मिश्र पिता जगवंश मिश्र वो राधेश्वर मिश्र पिता गुप्तेश्वरराम मिश्र वो जसानन्द मिश्र पिता चन्द्रवंश मिश्र वो विशेषवर मिश्र वो रामविलास मिश्र पिता ब्रम्हदेव राम मिश्र | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 57 | 56 | 682 | टाड़ दो | रैयती | 0.1613 | जसान्नद मिश्र पिता चंद्रवशि मिश्र जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 58 | 232 | 683 | टाड़ दो | रैयती | 0.1416 | तपेश्वरी तिवारी वो रामकिशोर तिवारी वो रामकुमार तिवारी पिता महाबीर तिवारी वो राजदेव तिवारी वो विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलावन तिवारी वो विश्वनाथ सिंह वो लालेश्वर सिंह पिता रामलगन सिंह वो नागेश्वर सिंह पिता रामदेनी सिंह | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 59 | 232 | 684 | टाड़ दो | रैयती | 0.1974 | तदैव | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 60 | 232 | 685 | टाड़ दो | रैयती | 0.3957 | ब्रजेश कुमार सिंह वो शम्भु शरण सिंह वो अलख निरंजन सिंह वो कन्हईया दयाल सिंह पिता महेन्द्रनाथ सिंह, जाति-राजपूत | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 61 | 232 | 686 | टाड़ दो | रैयती | 0.1466 | ब्रजेश कुमार सिंह वो शम्भु शरण सिंह वो अलख निरंजन सिंह वो कन्हईया दयाल सिंह पिता महेन्द्रनाथ सिंह, जाति-राजपूत वो राजदेव तिवारी वो विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलावन तिवारी वो विश्वनाथ सिंह वो लालेश्वर सिंह पिता रामलगन सिंह वो नागेश्वर सिंह पिता रामदेनी सिंह | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 62 | 57 | 687 | टाड़ दो | रैयती | 0.3728 | जहुर अंसारी वो जमानु अंसारी पिता खजमलि अंसारी जाति जोलहा | – | – | – | – | |
| 63 | 30 | 689 | टाड़ दो | रैयती | 0.3322 | गुलशेनि जोलहा वो मो जोलहा पिता झुलन जोलहा एवं इमामन जोलहा वो शहिमद जोहला वो रहीमन जोलहा पिता धुटुर जोलहा वो रामपरिखा सिंह पिता बाबु घुरन सिंह, जाति-राजपूत | – | – | – | – | अंचल अधिकारी, मोहम्मदगंज के पत्रांक-548, दि0-27.12.2024 के द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में सुधार |
| 64 | 259 | 630 | टाड़ दो | रैयती | 0.0081 | रामलगन सिंह पिता दिलेश्वर सिंह एवं कामेश्वर सिह पिता रामदेनी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 65 | 259 | 622 | टाड़ दो | रैयती | 0.2243 | तदैव | – | – | – | – | |
| 66 | 259 | 623 | टाड़ दो | रैयती | 0.6022 | तदैव | – | – | – | – | |
| 67 | 5 | 621 | टाड़ दो | रैयती | 0.031 | अमरेश्वर सिंह उर्फ कपिलदेव सिंह पिता रामपरिखा सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 68 | 99 | 620 | टाड़ दो | रैयती | 0.0342 | धर्मजीत सिंह सर्वजित सिंह वो केश्री सिंह वो तपेश्वरी सिंह पिता सुखदेव सिंह जाति राजपुत एवं रामपरिखा सिंह वो रामवंचन सिह पिता धुरन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | |
| 69 | 99 | 580 | टाड़ दो | रैयती | 0.128 | तदैव | – | – | – | – | |
| 70 | 285 | 579 | टाड़ दो | रैयती | 0.1217 | सिता साह पिता धनुकि साह जाति कान्दु | – | – | – | – | |
| 71 | 256 | 525 | टाड़ दो | रैयती | 0.0121 | राम तिवारी वो रामप्रित तिवारी वो जग्रनाथ तिवारी वो अवध तिवारी पिता त्रिवेनी तिवारी एवं बनवारी तिवारी वो नन्कु तिवारी पिता रघुन्नदन तिवारी जाति ब्राहमण | – | – | – | – | |
| 72 | 65 | 562 | टाड़ दो | रैयती | 0.1295 | टुनी लोहार वो विलु लोहार पिता केश्वर लोहार एवं शिधु लोहार वो राघु लोहार वे जगन लोहार पिता नन्कु लोहार जाति लोहार | – | – | – | – | |
| 73 | 210 | 563 | टाड़ दो | रैयती | 0.1744 | मोती साह वो हिरा साहु पिता महगु साहु जाति तेली | – | – | – | – | |
| 74 | 65 | 564 | टाड़ दो | रैयती | 0.1136 | टुनी लोहार वो विलु लोहार पिता केश्वर लोहार एवं शिधु लोहार वो राघु लोहार वे जगन लोहार पिता नन्कु लोहार जाति लोहार | – | – | – | – | |
| 75 | 65 | 566 | टाड़ दो | रैयती | 0.0095 | तदैव | – | – | – | – | |
| 76 | 65 | 561 | टाड़ दो | रैयती | 0.0824 | तदैव | – | – | – | – | |
| 77 | 65 | 559 | टाड़ दो | रैयती | 0.171 | तदैव | – | – | – | – | |
| 78 | 65 | 558 | टाड़ दो | रैयती | 0.2154 | तदैव | – | – | – | – | |
| 79 | 261 | 557 | टाड़ दो | रैयती | 0.1021 | रामशहाय मिस्त्री पिता रघु मिस्त्री जाति लोहार | – | – | – | – | |
| 80 | 210 | 556 | टाड़ दो | रैयती | 0.0286 | मोती साह वो हिरा साहु पिता महगु साहु जाति तेली | – | – | – | – | |
| कुल :- | | | | | 8.6948 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :-

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0................×................ अंचल............×...............जिला...........×.............. क्षेत्रफल ............×............ एकड़................×............... यानि..............×........... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :- ......................×.......................................×..........

कानुनगो
जिला भू-अर्जन, कार्या0 पलामू। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू। अपर समाहर्त्ता, पलामू। उपायुक्त, पलामू।

PR 346481 Palamu(24-25)#D

## बसिया में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन



**बसिया(गुमला)।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में आज बसिया स्थित सुभाषचंद्र बोस पुस्तकालय परिसर में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। अनुमंडल स्तरीय इस मेले का उद्घाटन बसिया की अनुमंडल पदाधिकारी देवगम ने द्वीप प्रज्वलित कर किया जबकि इस मेले में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई। बताते चलें कि बहुप्रचारित इस मेले को लेकर यहाँ के शिक्षाप्रेमियों, शिक्षकों, स्कूली छात्र छात्राओं और लोगों में बहुत उत्सुकता बनी हुई थी। इस उत्सुकता के कारण बड़ी संख्या में भीड़ भी दर्ज की गई परन्तु पूरा आयोजन अंततः निराशाजनक साबित हुआ। इस पूरे आयोजन में कई स्टॉल लगाए गए थे। पुरातात्विक महत्व की थीम के साथ मेले को प्रासांगिक बनाते एकलव्य विद्यालय की गंभीर उपस्थिति जरूर दर्ज की गई परन्तु प्रकाशकों की नगण्य उपस्थिति के कारण सारा आयोजन अंततः विभिन्न विभागों के प्रचार प्रसार, चित्रकारी प्रतियोगिता और वाराणसी से आए क्रियेटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट के मनोरंजक प्रस्तुति में सिमटा नजर आया। सजाए गए स्टॉल में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, एलएमएल सामग्रियों व संचालित पुस्तकालय के पुस्तकों के प्रदर्शन आदि में सिमटा रहा। पूरे कार्यक्रम में बसिया के भूमि सुधार उपसमाहर्ता, बसिया कामडारा व पालकोट के बीडीओ, सीओ आदि तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नावाडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला-लोहरदगा रोड पर नावाडीह के समीप शुक्रवार शाम 6 बजे एक साइकिल सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, वहीं नाक से लगातार खून बहने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने टोटो थाना को जानकारी दी। इसके बाद टोटो थाना के एएसआई इमानुएल कोंगाड़ी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक बेहोशी की हालत में था, जिससे उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, हादसे में उसकी साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राथमिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि कोई वाहन उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घायल युवक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## नागफेनी रापु टोली में जल संकट, एक साल से खराब है जलमीनार

**गुमला।** सिसई प्रखंड के नागफेनी रापु टोली गांव में पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में पिछले एक साल से दो जलमीनार खराब पड़े हैं, जिससे महिलाओं को करीब 1 किलोमीटर दूर कुएं से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। गांव की महिलाओं ने बताया कि इस जल संकट की जानकारी पंचायत मुखिया को भी दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गांव में पांच चापाकल भी कई वर्षों से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार का स्टार्टर मशीन खराब है, लेकिन इसे ठीक कराने में जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। अभी गर्मी शुरू हुई है और आगे पानी की खपत बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो सकती है। गांव की महिलाओं में इस समस्या को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। गर्मियों में अंबा टोली का कुआं भी सूख जाता है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है।

## नागफेनी क्षेत्र में जारी है बालू का अवैध का खनन



**गुमला।** जिले में बालू माफियाओं के खिलाफ पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिसई प्रखंड के विभिन्न नदियों से दिन-रात चोरी-छिपे बालू का उठाव किया जा रहा है। नागफेनी के जगन्नाथ मंदिर, कैंप और पानी टंकी के समीप समेत आसपास के क्षेत्रों में ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध खनन का खेल जारी है। सूत्रों के मुताबिक, बालू माफिया नेशनल हाईवे गुमला-रांची पर पुलिस की रेकी करते हैं और जैसे ही पुलिस की गतिविधि बढ़ती है, ट्रैक्टर चालकों को फोन पर सतर्क कर दिया जाता है। इससे कई बार पुलिस को कार्रवाई करने में मुश्किल होती है। बावजूद इसके, हाल के दिनों में पुलिस ने कई ट्रैक्टर जब्त किए और उनके मालिकों पर मामले दर्ज किए हैं। अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी और केस दर्ज होने के बावजूद बालू माफिया बेखौफ होकर रात-दिन नदियों से बालू उठाने में लगे हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है।


### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डल अन्तर्गत आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– **EE/RDSD/PALAMAU-16/2024-25/GR-02** प्रखण्ड मनातू अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में चार कमरा एवं शौचालय का कार्य, जिसका P. R. संख्या 343754 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू

PR 346504 (District)24-25*D



### कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
### लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा रद्द सूचना**

पत्रांक–144 लातेहार/दिनांक– 15.02.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–Wrd /MIR/Latehar F2-09/2024-25 यथा प्रखंड–लातेहार अन्तर्गत पंचायत–ईचाक के ग्राम–नावाडीह में Renovation of Lalmatiya M.I. Scheme for Canal & Structure ,pucca canal की निविदा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिनका P.R No 344250 Water Resources(24-25) D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 346503 (Water Resource)24-25*D


# अमलिया गांव में हाथियों का आतंक जारी, घर तोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो प्रखंड के अमलिया गांव में बीती रात जंगली हाथियों ने कहर बरपाया। दो हाथियों ने ग्रामीण रामकिशोर सिंह के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें घर का आगे का हिस्सा पूरी तरह ढह गया। घटना में घर में रखा सामान नष्ट हो गया, साथ ही एक बाइक और एक साइकिल भी टूटकर बर्बाद हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक, अमलिया पंचायत में बीते दो महीनों से जंगली हाथियों का आतंक जारी है। जंगल से सटे होने के कारण हाथी धान खाने के लिए गांव में घुसते हैं और घरों एवं फसलों को बर्बाद कर चले जाते हैं। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीण दहशत में हैं। घटना की सूचना मिलने पर वन समिति के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह प्रभावित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें मुआवजे के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं, रामकिशोर सिंह ने वन विभाग से उचित मुआवजा और तत्काल सहायता की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## किसान गोष्ठी का आयोजन, 200 किसानों ने सीखे उन्नत खेती के गुर

**गुमला।** गुमला प्रखंड सभागार में शनिवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में रुद्र एग्री जेनेटिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने फसल उत्पादन, सुरक्षा और उन्नत कृषि तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी में रबी और खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत बीज, खाद प्रबंधन, फसल सुरक्षा और रोग नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। वैज्ञानिकों ने कृषि तकनीक, फसल सुरक्षा योजना और उन्नत खेती के तरीकों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में रुद्र एग्री जेनेटिक के एस.एन. तिवारी, प्रदीप मंडल, जितेंद्र शुक्ला, ङ्श्ङ वैज्ञानिक मृत्युंजय कुमार, आई.पी. पांडे और स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर धरती धन के सुजीत कुमार सहित प्रखंड के एटीएम और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता बैठक का हुआ आयोजन

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट और चैताली कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में संत जोसेफ कॉलेज, कोनबीर नवाटोली मैदान में महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेनगुप्ता ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम होती है, और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक मजबूती आवश्यक है। उन्होंने झारखंड सरकार की मईया सम्मान योजना का जिक्र करते हुए महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाने और कृषि आधारित रोजगार को अपनाने की अपील की। मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और चैताली कॉलेज में बीएड, डीएलएड, नर्सिंग और लॉ कोर्स में नामांकन के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सुनीता देवी, भगवती देवी, वेरोनिका लकड़ा, हीरा देवी,विनीता टोप्पो, ज्योति मिंज सहित कई महिलाओं ने अपने विचार साझा किए और महिलाओं को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## बेतरी गांव में जनप्रतिनिधियों ने किया कंबल वितरण

**गुमला।** जारी प्रखंड के बेतरी गांव में ठंड से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने सैकड़ों जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल प्रदान किए। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर दिलीप बड़ाइक ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ठंड अधिक पड़ती है, और कई बुजुर्गों के पास पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं होते। इसे देखते हुए जारी प्रखंड के सभी गांवों में कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया है, ताकि कोई भी गरीब ठंड से परेशान न हो। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका ग्लोरिया तिग्गा, वार्ड सदस्य सीता मनी एक्का और जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने संयुक्त रूप से कंबल वितरण किया।


### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी, लातेहार, (डी.एम.एफ.टी. कोषांग)
(dmft.ltr@gmail.com)

**शुद्धि – पत्र**

जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक 82/डी0एम0एफ0टी0 दिनांक 01.02.2025 के द्वारा जिलास्तरीय Monitoring App Developmentहेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

| S.no. | Criteria | Correction |
|---|---|---|
| Clause 5.2(7) | Work Experience<br>0 Lakhs -50 lakhs -5 Marks<br>50 Lakhs-100 lakhs-7 marks<br>More than 100 Lakhs-10 marks<br>MSE Seeking **Turnover** Exemption shall be granted 5 marks | Work Experience<br>0 Lakhs -50 lakhs -5 Marks<br>50 Lakhs-100 lakhs-7 marks<br>More than 100 Lakhs-10 marks<br>MSE Seeking **Work Experience**Exemption shall be granted 5 marks |

नोटः–Turnover के स्थान पर Work Experience पढ़ा जाए।
नोट :–**Tender ID- 2025_LEODE_98132_1**
**PR 345664 (LATEHAR) 24-25**
अन्य कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

प्रभारीपदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार

**PR 346453 District(24-25).D**



### पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VII
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :– /भू0अ0, पलामू, दिनांक :–

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ परियोजना प्रयोजन हेतु ग्राम–विरधौर, थाना सं0–276, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में कमोवेश **5.4126 एकड़** यानि **2.1904** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश **5.4126 एकड़** यानि **2.1904** हेक्टेयर है। **ग्राम–विरधौर, थाना सं0–276, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

**ग्राम–ग्राम–विरधौर, थाना सं0–276, कुल रकबा–5.4126 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 67 | 55 | बालू | रैयती | 0.0738 | नकछेदी सहार पिता बालगोविन्द सहार | – | – | – | – |
| 2 | 187 | 56 | बालू | रैयती | 0.1046 | शिवदिहल सहार व कुवेर सहार पिता राम वृक्ष सहार व लक्ष्मी सहार व भौंवरा सहार पिता रामराज सहार जाति भट निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 3 | 124 | 57 | बालू | रैयती | 0.3315 | उपेन्द्र नाथ सहार पिता वरजु सहार व मुंशी सहार वो हीरालाल सहार व विनिन्द्र लाल सहार व सत्येन्द्र नाथ सहार पिता रामलगन सहार व युगल सहार पिता रामसागर सहार व रामजन्म सहार पिता समरण सहार | – | – | – | – |
| 4 | 110 | 54 | बालू | रैयती | 0.3598 | मिश्री सहार व रामदेव सहार पिता त्रिवेणी सहार | – | – | – | – |
| 5 | 110 | 53 | बालू | रैयती | 0.0371 | तदैव | – | – | – | – |
| 6 | 125 | 52 | बालू | रैयती | 0.2804 | रघुनाथ महतो पिता वेजल महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 7 | 67 | 366 | बालू | रैयती | 0.5293 | नकछेदी सहार पिता बालगोविन्द सहार जाति ब्राहम्ण निवासी सहार विहरा | – | – | – | – |
| 8 | 150 | 327/2304 | धान एक | रैयती | 0.001 | रामचन्नर महतो पिता साधु महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 9 | 31 | 365 | धान एक | रैयती | 0.0209 | चन्द्रधन महतो व रामलाल महतो व चलितर महतो व अनुरूध महतो पिता गुली चरध महतो व मथुरा महथो पिता ठाकुर महतो व अकलु महतो पिता राजपति महतो व चन्द्रिका महतो व मुन्द्रिका महतो भिक्षण महतो पिता बलदेव महतो व जगमोहन महतो पिता टिमल रामधनी महतो व मुसमात फुलवा कुवंर पति रामलगन महतो व रघुनाथ महतो व रामवृत महतो पिता टिमल महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 10 | 137 | 449 | धान दो | रैयती | 0.0200 | नागेन्द्र सिंह पिता लालबिहारी सिंह व महेन्द्र सिंह व भोला सिंह भिम सिंह व अर्जुन सिंह पिता कुंज बिहारी सिंह व राजकुमार सिंह पिता पदारथ सिंह व राजमति देवी पति राजकिशोर सिंह व रामलाल सिंह व रामजी सिंह व रूपदेव सिंह पिता गणेश नारायण सिंह व ललन सिंह व कृष्णा सिंह व अभय सिंह पिता दुखी सिंह व विश्वनाथ सिंह व बैजनाथ सिंह व अमरनाथ सिंह पिता धनी सिंह व सगुन देव सिंह इन्द्रदेव सिंह पिता कौलेशर सिंह | – | – | – | – |
| 11 | 137 | 447 | धान दो | रैयती | 0.0021 | तदैव | – | – | – | – |
| 12 | 137 | 448 | धान दो | रैयती | 0.0277 | तदैव | – | – | – | – |
| 13 | 57 | 452 | धान दो | रैयती | 0.0555 | उमा महतो पिता जगन महतो व दामोदर महतो व रागुलाम महतो पिता रामदेव महतो व मोसमात किसमतिया पति रामदेव महतो | – | – | – | – |
| 14 | 57 | 453 | धान दो | रैयती | 0.0539 | तदैव | – | – | – | – |
| 15 | 187 | 455 | धान एक | रैयती | 0.2244 | शिवदिहल सहार व कुवेर सहार पिता राम वृक्ष सहार एवं लक्ष्मी सहार व भौंवरा सहार पिता रामराज सहार | – | – | – | – |
| 16 | 144 | 476 | धान एक | रैयती | 0.0411 | गुप्तेश्वर सहार पिता शम्भु सहार व दरेजा सहार व कामेश्वर सहार पिता अवधेश सहार व धर्मराज सहार पिता हरिहर सहार व बादशाह सहार पिता अम्बिका सहार व राजेश्वर सहार पिता शिव बहाली सहार | – | – | – | – |
| 17 | 102 | 474/2332 | धान दो | रैयती | 0.0165 | भागमती देवी पति कलहट महतो व सुगिया देवी पति.. ............ | – | – | – | – |
| 18 | 45 | 477 | धान एक | रैयती | 0.0295 | छतर महतो व दिला महतो व रामसेवक महतो व रामलखन महतो पिता कुंजी महतो | – | – | – | – |
| 19 | 186 | 475 | धान एक | रैयती | 0.0414 | राजकेश्वर सहार व कर्मदेव सहार व तिवारी सहार व रामकृत सहार पिता गोरखनाथ सहार व विन्देशवरी सहार पिता नवल सहार व श्याम विहारी सहार व कपिल देव सहार व जगनारायण सहार पिता मंगल केश्वर सहार | – | – | – | – |
| 20 | 144 | 478 | धान एक | रैयती | 0.0285 | गुप्तेश्वर सहार पिता शम्भु सहार व दरेजा सहार व कामेश्वर सहार पिता अवधेश सहार वो धर्मराज सहार पिता हरिहर सहार व बादशाह सहार पिता अम्बिका सहार व राजेश्वर सहार पिता शिव बहाली सहार | – | – | – | – |
| 21 | 88 | 480 | धान एक | रैयती | 0.0181 | बादशाह सहार पिता अमेरिका सहार जाति राजभट्ट निवासी निज ग्राम सहार विहरा | – | – | – | – |
| 22 | 161 | 499 | धान एक | रैयती | 0.0159 | अकलु महतो पिता रामकरण महतो व अमरदेव महतो पिता बनवारी महतो व चन्द्रीका महतो पिता लालबिहारी महतो व मुनेश्वर महतो व सहदेव महतो पिता खेलावन महतो व रामबिलास महतो पिता छोटका जगदेव महतो व लंगटु महतो पिता जतन महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 23 | 65 | 500 | धान एक | रैयती | 0.0537 | धनेश्वर महतो पिता भागवत महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 24 | 170 | 501 | धान एक | रैयती | 0.0047 | रामेश्वर सहार पिता शिवबहाली सहार व बादशाह सहार पिता अमेरिका सहार | – | – | – | – |
| 25 | 170 | 503 | धान एक | रैयती | 0.0334 | तदैव | – | – | – | – |
| 26 | 170 | 508 | धान एक | रैयती | 0.0266 | तदैव | – | – | – | – |
| 27 | 22 | 496 | धान एक | रैयती | 0.0117 | गुप्तेश्वर सहार पिता शम्भु सहार व दरेजा सहार व कामेश्वर सहार पिता अवधेश सहार वो धर्मराज सहार पिता हरिहर सहार व बादशाह सहार पिता अम्बिका सहार व राजेश्वर सहार पिता शिव बहाली सहार | – | – | – | – |
| 28 | 170 | 509 | धान एक | रैयती | 0.0173 | रामेश्वर सहार पिता शिवबहाली सहार व बादशाह सहार पिता अमेरिका सहार | – | – | – | – |
| 29 | 13 | 497 | धान एक | रैयती | 0.0071 | कर्मदेव सहार व ईनरदेव सहार पिता श्रीनाथ सहार जाति राजभट निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 30 | 36 | 510 | धान एक | रैयती | 0.0965 | चन्द्रिका महतो व भिक्षण महतो पिता बालदेव महतो व नरेश महतो पिता मुन्द्रिका महतो एवं रूनिया कुंवर पति मुन्द्रिका महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 31 | 76 | 519 | धान एक | रैयती | 0.0952 | पार्वति देवी पिता हरि महतो वो शिव कुमार महतो पिता हरि महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 32 | 33 | 518 | धान एक | रैयती | 0.1126 | चन्द्रधन महतो व रामलाल महतो व चलितर महतो व अनुरूध महतो पिता गुली चरध महतो व मथुरा महथो पिता ठाकुर महतो व अकलु महतो पिता राजपति महतो व चन्द्रिका महतो व मुन्द्रिका महतो भिक्षण महतो पिता बलदेव महतो व जगमोहन महतो पिता टिमल रामधनी महतो व मुसमात फुलवा कुवंर पति रामलगन महतो व रघुनाथ महतो व रामवृत महतो पिता टिमल महतो वो लक्ष्मी नारायण महतो पिता रामयाद महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 33 | 24 | 530 | धान एक | रैयती | 0.0180 | उमेश महतो पिता ववेण महतो व धनश्याम महतो पिता देवकी महतो व पुरनचन्द महतो वो सुन्दर महतो पिता भुवन महतो व विगु महतो पिता जगनाथ महतो | – | – | – | – |
| 34 | 187 | 516 | धान एक | रैयती | 0.017 | शिवदिहल सहार व कुवेर सहार पिता राम वृक्ष सहार एवं लक्ष्मी सहार व भौंवरा सहार पिता रामराज सहार जाति भट निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 35 | 90 | 514/2352 | धान एक | रैयती | 0.0088 | विगु महतो पिता जगनाथ महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 36 | 187 | 517 | धान एक | रैयती | 0.413 | शिवदिहल सहार व कुवेर सहार पिता राम वृक्ष सहार एवं लक्ष्मी सहार व भौंवरा सहार पिता रामराज सहार जाति भट निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 37 | 1 | 586 | धान एक | रैयती | 0.1042 | अकलु महतो पिता रामपति महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 38 | 36 | 588 | टाड दो | रैयती | 0.128 | चन्द्रिका महतो व भिक्षण महतो पिता बालदेव महतो व नरेश महतो पिता मुन्द्रिका महतो एवं रूनिया कुंवर पति मुन्द्रिका महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 39 | 161 | 795 | धान एक | रैयती | 0.0707 | अकलु महतो पिता रामकरण महतो व अमरदेव महतो पिता बनवारी महतो व चन्द्रीका महतो पिता लालबिहारी महतो व मुनेश्वर महतो व सहदेव महतो पिता खेलावन महतो व रामबिलास महतो पिता छोटका जगदेव महतो व लंगटु महतो पिता जतन महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 40 | 161 | 792 | धान एक | रैयती | 0.0622 | तदैव | – | – | – | – |
| 41 | 143 | 791 | धान एक | रैयती | 0.0014 | राजदेव तिवारी व विश्वनाथ तिवारी पिता रामखेलवान तिवारी व तपेश्वरी तिवारी व रामकेश्वर तिवारी व राजकुमार तिवारी पिता महाविर तिवारी जाति ब्राहमण | – | – | – | – |
| 42 | 103 | 791/2364 | धान एक | रैयती | 0.1662 | भागमती देवी पति कलहट महतो व सुगिया देवी पति इन्द्रेव महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 43 | 82 | 786 | धान एक | रैयती | 0.0483 | ब्राह्मण देव महतो व जगा महतो व सुरवाडी महतो पिता बिलेसवर महतो | – | – | – | – |
| 44 | 129 | 790 | धान एक | रैयती | 0.0278 | राजकुमार सिंह पिता पदारथ सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 45 | 109 | 788 | धान एक | रैयती | 0.0374 | माना देवी पति राजा सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्प्रम | – | – | – | – |
| 46 | 140 | 787 | धान एक | रैयती | 0.0519 | राजा सिंह पिता जगविश्वर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – |
| 47 | 33 | 784 | धान एक | रैयती | 0.1787 | चन्द्रधन महतो व रामलाल महतो व चलितर महतो व अनुरूध महतो पिता गुली चरध महतो व मथुरा महथो पिता ठाकुर महतो व अकलु महतो पिता राजपति महतो व चन्द्रिका महतो व मुन्द्रिका महतो भिक्षण महतो पिता बलदेव महतो व जगमोहन महतो पिता टिमल रामधनी महतो व मुसमात फुलवा कुवंर पति रामलगन महतो व रघुनाथ महतो व रामवृत महतो पिता टिमल महतो | – | – | – | – |
| 48 | 33 | 774 | धान एक | रैयती | 0.1293 | तदैव | | | | |
| 49 | 81 | 775/2320 | धान एक | रैयती | 0.032 | बंधीया देवी पति छतर महतो एवं पिता कुवंजी महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 50 | 142 | 773 | धान एक | रैयती | 0.162 | राजेन्द्र महतो व रामकुपाल महतो व राम नरेश महतो पिता सगुनी महतो जाति कोईरी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 51 | 71 | 764 | धान एक | रैयती | 0.0329 | नन्द किशोर महतो व धनेश्वर महतो व कलहट महतो पिता भागवत महतो व भागमति देवी पति कलहट महतो व मंगल महतो व चन्द्रमा महतो व गोविन्द महतो व परदुमन महतो पिता साधु महतो वो लक्ष्मण महतो पिता चुल्हन महतो व शिवन्न महतो पिता करणपक्ष महतो व सकमनिया देवी व देवपतिया देवी व कलवाती देवी पति चुल्हन महतो व सोना देवी पति नन्दकिशोर महतो | – | – | – | – |
| 52 | 71 | 763 | धान एक | रैयती | 0.040 | तदैव | – | – | – | – |
| 53 | 71 | 762 | धान एक | रैयती | 0.024 | तदैव | – | – | – | – |
| 54 | 38 | 775 | धान एक | रैयती | 0.0014 | चन्द्रधन महतो व रामलाल महतो व चलितर महतो व अनुरूध महतो पिता गुली चरध महतो व मथुरा महथो पिता ठाकुर महतो व अकलु महतो पिता राजपति महतो व चन्द्रिका महतो व मुन्द्रिका महतो भिक्षण महतो पिता बलदेव महतो व जगमोहन महतो पिता टिमल रामधनी महतो व मुसमात फुलवा कुवंर पति रामलगन महतो व रघुनाथ महतो व रामवृत महतो पिता टिमल महतो | – | – | – | – |
| 55 | 46 | 765 | धान एक | रैयती | 0.1027 | छतर महतो व दिला महतो रामसेवक महतो व रामलखन महतो पिता कुंजी महतो व प्रेम महतो व शिशि कुमार महतो पिता हरिमहतो व प्रवेश महतो सुरेश महतो व मुंशी महतो पिता किशुन महतो व रामकेश्वर महतो व वृजमोहन महतो व रामनारायण महतो व विशिमठ महतो पिता मुखदेव महतो | – | – | – | – |
| 56 | 71 | 766 | धान एक | रैयती | 0.0827 | नन्द किशोर महतो व धनेश्वर महतो व कलहट महतो पिता भागवत महतो व भागमति देवी पति कलहट महतो व मंगल महतो व चन्द्रमा महतो व गोविन्द महतो व परदुमन महतो पिता साधु महतो व लक्ष्मण महतो पिता चुल्हन महतो व शिवन्न महतो पिता करणपक्ष महतो व सकमनिया देवी व देवपतिया देवी व कलवाती देवी पति चुल्हन महतो व सोना देवी पति नन्दकिशोर महतो जाति कोईरी निवारी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 57 | 71 | 752 | धान दो | रैयती | 0.0088 | तदैव | – | – | – | – |
| 58 | 33 | 719 | धान दो | रैयती | 0.207 | चन्द्रधन महतो व रामलाल महतो व चलितर महतो व अनुरूध महतो पिता गुली चरध महतो व मथुरा महथो पिता ठाकुर महतो व अकलु महतो पिता राजपति महतो व चन्द्रिका महतो व मुन्द्रिका महतो भिक्षण महतो पिता बलदेव महतो व जगमोहन महतो पिता टिमल रामधनी महतो व मुसमात फुलवा कुवंर पति रामलगन महतो जाति निवासी निज ग्राम व रघुनाथ महतो व रामवृत महतो पिता टिमल महतो जाति कोईरी निवासी निज ग्राम | – | – | – | – |
| 59 | 33 | 720 | धान दो | रैयती | 0.0976 | तदैव | – | – | – | – |
| 60 | 33 | 727 | धान दो | रैयती | 0.0491 | तदैव | – | – | – | – |
| 61 | 33 | 721 | धान दो | रैयती | 0.1464 | तदैव | – | – | – | – |
| 62 | 145 | 722 | धान एक | रैयती | 0.1913 | दिलीप कुमार महतो पिता भागवत महतो व रामाधार महतो व राम प्यारी महतो व सिदेनी महतो पिता चन्द्रधन महतो | – | – | – | – |
| | | | | कुल :– | **5.4126** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0................×................. अंचल............. ×...............जिला............×.............. क्षेत्रफल ............×............ एकड़................×............... यानि.............×........... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–

..............................×..............................

..............................×..............................

कानुनगो
जिला भू–अर्जन, कार्या0
पलामू।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
पलामू।

अपर समाहर्त्ता,
पलामू।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 346488 (Palamu) 24-25 (D)




# नवयौवन

नवयौवन!!!!
एक अभिन्न आनंदमय अनुभूति,
जिंदगी के स्वर्णिम पल ,
एक सुखद आत्मानुभूति,
बिल्कुल निशब्द....
आज!!!!
उस नवयौवना के ..
पैर जमीं पर न थे!
इस नवयौवना के!!
जो कली से कब फूल बन गई,
खुशबू से सराबोर हो गई,
उसके सामने संपूर्ण आसमान था,
जहाँ उसका स्वछंद हृदय,
स्वतंत्र खग की तरह ,
विचरण कर रहा था,
बचपन कब बीत गया !
वो !
खुद अनजान थी.......
मुख पे गुलाबी आभा जन्म ले चुकी थी,
बिल्कुल गुलाबी कमल फूलों सी,
उसकी ज़ुल्फें चेहरे पे,
चार चाँद लगा रहे थे,
उसके कजरारे नैन,
बोल पड़े थे,
संपूर्ण मुख मंडल ,
जैसे !
देदीप्यमान हो चला था,
तन-मन ईश्वरीय आभा से,
अभितृप्त हो चला था,
मन मयूर जाग उठा था,
अब !
मन मचलने लगा था,
अपने उभरते उरोजों,
और !
यौवन पे शरमा गयी थी,
गुलाबी होंठ जैसे बोल पड़े थे,
शब्द मन में फूट पड़े थे,
कुछ पंक्तियाँ मचलती रही.....
कोरे मन पर उतरती रही........
बिल्कुल अनजान सी,
खुद से बेखबर,
पर !
कोरे कागज पे उतर न सकी,
उतरने मचलती रही.......
पर उतर नहीं पाती,
क्यों?
क्या स्वयं से अनजान थी ?
वह स्वयं मूक थी ??
या.....
पंक्तियाँ लयबद्ध न हो पाई ???
क्यों !
क्यों उतर नहीं पाती !
क्या अपने यौवन पे शरमा गई ????



पद्मा प्रसाद
"विन्देश्वरी"

## धरोहर

# सोहराई कला





**रीना सिन्हा सलोनी**

धरोहर- सोहराई कला झारखंड का छोटा सा गाँव चिरूडीह सोशल मीडिया पर देखा था इस गाँव के बारे मेंमिट्टी और ईंटों से बने छोटे छोटे झोपड़ीनुमा घर और उनकी दीवारों पर उकेरी सुंदर सोहराई चित्रकला जिसे देखने की उत्कंठा हमें ले चली जमशेदपुर और राँची के बीच बसे इस अनजान गाँव की ओर तमाड़ के मुख्य मार्ग से उतर कर पतली सी पक्की सड़क के साथ चलते हुए, दो तीन छोटे छोटे गाँवों को पार कर हम आ पहुँचे थे चिरूडीह सड़क के दोनों ओर दूर-दूर तक फैले धान, टमाटर तथा अन्य सब्जियों के खेत, छिटपुट जंगल-झाड़ियों और पहाड़ों से घिरा चिरूडीह गाँव झारखण्ड के आम गाँवों जैसा ही थावही खेत-खलिहान और मवेशियों का झुंड और भोले भाले सरल लोग बस अलग है तो यहाँ के घरों की मिट्टी की दीवार पर बनाई गई अनोखी सोहराई चित्रकला जिसे बनाया था यहाँ की महिलाओं, लड़कियों और युवकों नें काले, पीले, गेरुला, सफेद आदि रंगों से बनी ये सुंदर आकृतियाँ बरबस ही देखने वालों का मन मोह लेती हैं। गाँव पहुँचते ही यहाँ के बच्चों ने हमें घेर लिया और धीरे धीरे और भी कुछ लोग जुट आए इन लोगों नें गाँव की चित्रकार लड़के-लड़कियों और महिलाओं से न सिर्फ हमारा परिचय कराया बल्कि जोहार बोलकर पारंपरिक तरीके से हमारा स्वागत भी किया। एक स्त्री पीतल के बड़े से लोटे में हाथ मुंह धोने के लिए ठंडा पानी ले आई और हमें बड़े प्रेम से रस्सी की बुनी खटिया पर बिठाया। यहाँ हमारी मुलाक़ात हुई मनीष कुमार महतो जी से हुई जो राष्ट्रीय स्तर के चित्रकार हैं एक बहुत ही कर्मठ और सकारात्मक सोच वाले युवा जिन्होंने इस सोहराई कला को आगे का बीड़ा उठाया है इनसे ही मार्गदर्शन और प्रेरणा लेकर गाँव की कई महिलाओं और लड़कियों ने इस चित्र कला को न सिर्फ सीखा है बल्कि गाँव की दीवारों को बड़े ही सुंदर तरीक़े से सजाया है । इन लोगों ने ही न सिर्फ सोहराई चित्रकारी करने, बिंदेश्वरी देवी, रेखारानी महतो , काजल कुमारी, गलेशवरी देवी,अमृता कुमारी, नमिता कुमारी, सीता कुमारी, रंगवाला देवी , पूजा कुमारी, रेश्मा कुमारी, यमुना देवी, रीना कुमारी, पुष्कर महतो, पवन मुंडा, रंजीत महतो, नरेंद्र मुंडा आदि प्रमुख हैं । इन्होंने हमें बताया कि यहाँ के लोग मुख्यतः खेती करते हैं और उपज को पास ही के तमाड़ के टमाटर बाजार में बेच आते हैं विकास के नाम पर बिजली और बोरिंग का पानी गाँव तक आ पहुँचा है और कहने को आठवीं तक की कक्षा वाला एक सरकारी स्कूल भी है लेकिन उसमे फिलहाल कोई शिक्षक नहीं है बच्चे या तो पास के किसी प्राइवेट स्कूल में जाते हैं या किसी ट्यूशन टीचर से पढ़ने को मजबूर हैं। यहाँ के घरों की दीवारें कच्ची हैं पर धान फटकती और कूटती स्त्रियों के इरादे पक्के हैं इन्हीं स्त्रियों नें काम धंधे के बाद वक्त निकालकर अपने और अपने आस पड़ोस के घरों की दीवारों को सुंदर चित्रकारी से सजाया है। सोहराई कला एक प्राचीन आदिवासी कला है जिसका प्रचलन आज से कई वर्ष पूर्व झारखंड के हजारीबाग के बादम क्षेत्र से शुरू हुआ।सोहराई चित्रकला आदि काल से त्योहारों, विवाह और फसल के कटाई की खुशी में महिलाओं द्वारा अपने घरों की मिट्टी की दीवारों पर बनाई जाती थी। सोहराई पेंटिंग्स में मुख्यतः प्रकृति और पशु पक्षियों की आकृतियों का समावेश होता है जिसे बनाने के लिए मिट्टी, कोयला और गाय के गोबर आदि से बने प्राकृतिक रंगों का प्रयोग होता है। इन पेंटिंग्स को बनाने के लिए स्थानीय पेड़-पौधों के तनों और उँगलियों को ब्रश के रूप में किया जाता है। इन महिलाओं ने बताया कि इन दिनों समय के आभाव में सोहराई पेंटिंग्स में प्राकृतिक रंगों का स्थान कृत्रिम रंगों ने ले लिया है पर इसके बनाने की कला वही प्राचीन है। अपने आस पास पाए जाने वाले पेड़-पौधे, बेल, लताओं के साथ साथ मोर, हिरण, हाथी, स्त्री-पुरुष और विभिन्न आकृतियाँ इस कला का मुख्य अंग होती हैं। सबसे पहले घर की दीवार को अच्छे के लीप पोत कर साफ सुथरा कर लिया जाता है, फिर खड़िया से उसपर मनपसंद आकृति बनाई जाती है जिनमें ये महिलाएँ उँगलियों, लकड़ी की कूचियों या ब्रश की मदद से भूरे, काले, पीले, सफेद रंगों को भरती हैं और तब जाकर तैयार होती है यह सुंदर चित्रकला। अपने आप में अनोखी सोहराई पेंटिंग्स न सिर्फ झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है बल्कि आदिवासियों के प्रकृति, जंगल और विभिन्न जीव जंतुओं से जुड़ाव को भी इंगित करती है। सोहराई पेंटिंग्स को GI tag भी मिला हुआ है। इन सबके बावजूद बदलते परिवेश में आदिवासियों की सोहराई चित्रकला दुर्भाग्यवश अपना अस्तित्व खो रही है। आधुनिकता के नाम पर उपेक्षा की नजरों से देखे जाने के कारण इस कला को बनाने वाले अब गिने-चुने लोग ही रह गए हैं। ऐसे में चिरूडीह जैसे छोटे से गाँव के मनीष महतो एवं अन्य लोगों द्वारा अपने व्यस्त जीवन शैली में भी झारखंड की इस प्राचीन सोहराई चित्रकला को पुनर्जीवित करते देखना अत्यंत सुखद था सीमित संसाधनों में भी गाँव की महिलाओं द्वारा इस अनमोल धरोहर को सहेजने और आगे बढ़ाने का प्रयास निश्चय ही अत्यंत सराहनीय है पर आज इस कला को और भी आगे लाने की जरूरत है इन कलाकारों की चित्रकला को गाँव से बाहर लाकर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शनी लगाई जानी चाहिए ताकि इन लोगों को इस कला के माध्यम से पहचान और रोज़गार मिले और ये कलाकार भी मुख्य धारा से जुड़ सकें।

**संयोजन - नरेश अग्रवाल**

# मकबरा व गंगा का घाट

करीब करीब प्रतिदिन सी संध्या। कभी अकेला कभी चार पांच मित्रों का संग। पर स्थान नियत था,गंगा के सीढ़ी घाट की वे सीढियां जो नदी के बहाव से थोड़ी ऊपर होतीं और जहाँ से हम छोटे छोटे कंकर पानी में फेंक सकते थे । कहीं कभी कोई मछली उछलती तो उसको निशाना बनाकर कंकर फेंकने का सिलसिला चलता जबतक कि कोई डॉल्फिन दिख न जाये। आज समय के बहुत लंबे अंतराल के बाद खाली खाली सड़कों और खजूर के जंगल की बजाय इमारतों के जंगल के बीच से गुजरता मैं उसी घाट पर था, जो कभी अपना लगता था,चालीस पैंतालीस वर्षों पश्चात सीढ़ियां तो वही थीं पर मेरी गंगा सिकुड़ गई थी डॉल्फिन थे मछलियां भी थीं पर वो नैसर्गिकता ही विलुप्तप्राय थी। पुरानी आदतें यदि बचपन की हो या वय:संधि की,सदा साथ रहती हैं। धुंधलका हो गया तो उठकर सीढ़ियों की ओर बढ़ा और सीढियां चढ़ मंदिर के सामने आ खड़ा हुआ। संध्या आरती हो रही थी,घण्टियों के स्वर वातावरण में पवित्रता का नैसर्गिक सा वातावरण बना रहे थे,महंत जी के सहायक घण्टी बजाते बजाते ठिठक से गए, मेरी ओर देखा,आंखों में पुराने परिचय की चमक कौंधी और इशारा किया रुकने का और फिर संध्या आरती में व्यस्त हो गए। थोड़ी देर बाद,वह आये,थोड़ा ठाकुरजी का भोग लेकर। चरण स्पर्श कर मैंने कहा-हाँ आता भी हूँ तो यहां घाट या मन्दिर तक आ ही नहीं पाता। देखो, समय कितना बदल गया, कहीं एक रत्ती भर जमीन नहीं बची वो खजूर बन, बगीचा सब खत्म। सिर्फ मकान और फ्लैट। बस मकबरा बचा है जहां तुमलोग बैठा करते थे। मकबरे की ओर देखा, धुंधलके में ऐसा लग मानो अतीत धीरे धीरे धुँध में खो रहा हो। यह वही मकबरा है,जहाँ सीढ़ी घाट से लौटकर हम सभी मित्र बैठा करते। इस मकबरे में कुछ, तकरीबन चालीस सीढ़ियां हैं जो ऊपर की बारादरी में ले जाती हैं। सम्भवत: यह मकबरा औरंगजेब के भाई शाह सूज़ा के द्वारा बनवाया गया था, किसी पटरानी की याद में। यह क्षेत्र शाह सूज़ा को ओरंगजेब ने दिया था बंगाल और ओडिसा के साथ। शायद, यहां के मुख्य बाजार का नाम भी इसीलिए शुजागंज है। इसी मकबरे पर बैठकर शरत बाबू की लेखनी प्रस्फुटित हुई थी। वो शरत बाबू की बातें फिर कभी। हमलोगों को भी यह स्थान उतना ही प्रिय था जितना संभवत: शरत बाबू को रहा होगा । यहाँ से खजूर बन्ना और उससे लगती नीचे गंगा माँ की धारा,मन को मंत्रमुग्ध कर देते। हम लोग जाने कितनी देर तक शांत सुरम्य वातावरण में प्रकृति को आंखों में भर उसकी सुरम्यता को अंतरात्मा तक भरने का प्रयत्न करते। नीचे के मेहराब खण्डों में पहले भी कुछ दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर और कुछ रिक्शा चलनेवाले अपना बरसाती नुमा आशियाना बनाकर रहते थे, उनमें एक था मंगल। आज वर्षों बाद उसे देखा हमने। अरे, मंगल ही हो न तुम पूछ ही लिया हमने मंगल की कमर झुक गई थी,बच्चे बड़े हो गए थे,पत्नी शायद अब नहीं रही। दुनियावी मोह माया को त्याग नश्वर संसार से कूच कर चुकी थी। मंगल देर तक रोता रहा सम्भवत: मैंने पत्नी के बारे में पूछकर उसकी दुखती रग को छू दिया था। मंगल ने बताया कि मंदिर के महंत जी ने आधा खजूर बन्ना, हथिया लिया था मन्दिर के नाम पर और तकरीबन पन्द्रह कट्ठे जमीन पर फ्लैट्स बनवाकर एक कॉम्प्लेक्स बनवा लिया था । सारे कागज फर्जी और जुगाड़ से बनवाये हुए,सरकारी जमीन थी तीस फीट नीचे गंगा का बहाव और बगल में कॉम्प्लेक्स की चहारदीवारी। बोला गरीब तो हम भी थे साहेब,पर क्या मकबरे के आसपास तक कि किसी जमीन पर हक़ जताया क्या ? आज भी उसी मेहराब में रहते हैं,हम ही नहीं ये सारे मेरे साथ के पूरे बाशिंदे ।मैं देखता रहा उसकी आँखों में छिपे सत्य की चमकार को। तो,आजकल मन्दिर के महंत कौन हैं? महंत तो वही हैं साहेब, पर अब दो सहायक महंत हैं जो पूजा पाठ और मन्दिर के प्रबंधन को संभालते हैं। मैं सोचता रहा आदमी की नीयत और फिदरतें कैसे बदल जाती हैं वक्त के साथ। घर की ओर कदम बढ़े, घर तो अब घर ही न था, एक कॉम्प्लेक्स बन चुका था, बाबूजी और दीदी (मां) के नाम के पहले लेटर्स के साथ, जे बी पैलेस। जब वो सचमुच का पैलेस था तब तो वो घर था हमारा। शानो- शौकत ही कुछ और थी, उस पैलेस की और आज जब वो पैलेस ही जमींदोज होकर कॉम्प्लेक्स की शक्ल अख्तियार कर चुका तब उसका नाम रखा गया जे बी पैलेस। यथार्थ की अजीब विडम्बना थी। पर सच तो यही था जो सम्मुख था अपने बहुमंजिले स्वरुप के साथ। भारी कदमों के साथ लिफ्ट में सवार हो अपने फ्लैट तक आया और निढाल हो कुर्सी पर पसर गया । जीवन के खुलेपन की सारी अनुभूतियाँ फ्लैट की दीवारों में सिमटकर रह गई थी और उन दीवारों पर न गुजरे वक्त की कोई दास्ताँ थी और न थे अतीत के निशाँ । अतीत मुंह छिपाता रहा और वर्तमान ठहाके लगाता रहा ।



**सुरेश चंद्र झा**

# त्रिवेणी तट

त्रिवेणी का करने दर्शन।
जाने का हमको भी है मन।।
जहाँ मिले गंगा और जमुना।
कुछ पल को चित तुम भी थमना।।
कुछ गोते में उसमें लगाऊं।
जीवन के हर कष्ट मिटाऊं।।
कृपा प्रभु की जो मिल जाती।
खुशियां जीवन में खिलजाती।।
चित में कितना हर्ष समाया।
शब्दों में दिल कह नहीं पाया।।
बजरंगी को शीश नवाऊं।
मन का कुछ मैं हाल सुनाऊं।।
रहे न मन में दुविधा कोई।
जागे फिर किस्मत ये सोई।।
कर्म क्षेत्र में मैं रम जाऊं।
तब जीवन का सुख मैं पांऊ।।
पाप नाशनी गंगा जमुना।
करना हम पर भी तू करुना।।
तेरी भक्ति में रम जाऊं।
तब जीवन का अर्थ मैं पांऊ।।
भूल चूक जो हुई हो हमसे।
मांग रही मैं क्षमा हूं तुमसे।।
बालक मैं नादान आप की।
क्षमा मांगती सभी पाप की।।
शरण तिहारी मैं आई हूं।
विनती चित में कुछ लाई हूं।।
करो याचना मैं भगवान।
गाऊँ तुम्हारे हूँ गुणगान।।
गंगा जमुना बहती कल-कल।
चित हर्षाती सबका पल-पल।
मात सरस्वती लुप्त रहती।
हो उधर सभी का कहती।।
त्रिवेणी में शीश नवाओ।
जीवन के हर कष्ट मिटाओ।।
मां ममता के सागर देती।
नहीं कभी कुछ तुमसे लेती ।।



पूनम शर्मा स्नेहिल

## काव्य कोना

# बियाबान में गुनगुनाना

रात की धड़कनें निशब्दता को आवाज दे रही
तारे की टिमटिमाहट उनका साथ दे रही
बड़े जुगत से हमने सुलाया इन्हें, फिर भी
हमारे सपने हम से पहले जाग जा रहे हैं।
बाजार में आज चारों तरफ सन्नाटा पसरा है
कोई जुलूस भी तो निकला नहीं बाजार से
आवाज़ों को बड़ी मुश्किल से चुप करवाया
मूक चेहरे खुद ही आवाज देने लगे हैं।
बियाबान जंगल में टिटहरी की टी-टी खो गई
ज़माने भर की परेशानियाँ साथ में आवाज
देने लगीं
गीतों को बहुत तकलीफ़ हुई चुप होने में
बोल खुद ही बियाबान में गुनगुनाने लगे।

**नाग मणि**

# जड़

बड़े भैया की आवाज़ फोन के दूसरी तरफ़ से आई और कानों में पिछले कुछ दिनों की गूंज चैतन्य हो गई। छह भाई बहनों में सबसे छोटा मैं मां का सबसे दुलारा और अजीज़ था। अब डिमेंशिया के धुंधलके में मां मुझे भी नहीं पहचानती तो वहां भागलपुर की बड़ी कोठी में अकेले नौकरों के साथ कैसे रहती? सबकी सहमति बुझे मन से तो थी ही कि, अब बाबूजी की आखिरी निशानी इस कोठी को बेच ही देना चाहिए। सबने पावर आफ एटार्नी बड़े भैया को दे दी और रिश्तेदारों की गिद्ध नज़र भी प्रापर्टी पर जम गई। "छोटे, तू सुन भी रहा है कि नहीं!" भैया की आवाज़ से मेरी तंद्रा भंग हुई। भैया कह रहे थे- "छोटे, चार महीने बाद रिटायरमेंट है। मैं भागलपुर में ही रहूंगा मां के साथ। मां का सबसे ज्यादा अधिकार है बाबूजी की यादों पर। अब कुछ हो जाए, मेरा फैसला अडिग है। मैं मां के साथ घर पर रहूंगा। हमारा घर नहीं बिकेगा।" "पर भैया, भाभी तैयार होंगी क्या बंगलोर छोड़ने के लिए?" मैंने सशंकित स्वर में पूछा। भैया का दो टूक जवाब आया- "जड़ कट जाए तो क्या पत्तियां बलखा सकतीं हैं, छोटे! मैं मां को उसके आखिरी पलों में उसकी सांसों से जुदा करने का पाप नहीं करुंगा। मैं मां के साथ घर पर ही रहूंगा और तेरी भाभी अपने बेटे के साथ मुंबई शिफ्ट हो जाएगी। यह हमदोनों का संयुक्त फैसला है।" भैया की बातों का विश्वास अब मेरे मन के कोने में भी लहरों की तरह हिलोरें मारने लगा। "क्या जड़ के बिना पत्तियां बलखा सकतीं हैं?"



डॉ आकांक्षा चौधरी

# आया बसंत

आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है ॥
पीली सरसों महके चारो ओर हैं।
प्यारी चिड़िया चहके चारो ओर हैं।
छाई दुनिया वसंत, कसक दिल ने पाया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।
लेकर सुगंध बहता सन-सन पवन है।
यह जग सुकंत कहता उपवन धवन है।
छाई शोभा अनंत, गया पतझड़ साया है।
यह मन मेरा मलंग, नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।
भौरें गाते हैं, गुनगुनाते हैं।
सुरभित सुमनों पर मँडराते हैं।
देखो स्नेहिल सुगंध, यहाँ भी दर्शाया है। यह मन मेरा मलंग नहीं बिरहा भाया है।
आया मौसम बसंत, नहीं प्रीतम आया है।।



खुशबू बरनवाल
'सीपी'

## व्यंग्य वार्ता

# साहित्य में शॉर्ट्स और रील्स काल



**ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र**




आजकल विश्व का साहित्य और उसके साथ हिंदी साहित्य भी एक संक्रमण काल से गुजर रहा है। जब से कोरोना काल बीता है, तब से संक्रमण कहने में भी डर लगता है। इसलिए हम उसे रूपान्तरण या अवस्थान्तरण काल कह सकते हैं। हिंदी साहित्य में साहित्यिक प्रवृत्तियों के आधार पर काल को चार भागों में बाँटा गया है: आदिकाल, भक्तिकाल, रीति काल और आधुनिक काल।

मेरी समझ में आधुनिक काल जिसमें हम लोग अभी जी रहे हैं, वह कई कालों को स्वयं में समाहित किए हुए है। उसमें सबसे अर्वाचीन शॉट्स या रील्स काल है।

शॉट्स की सुविधा यूट्यूब द्वारा और रील्स की सुविधा फेसबुक द्वारा प्रदान की गई है, जिसमें अधिकतम डेढ़ मिनट में कुछ ऐसा कहना या दिखना - दिखाना होता है कि सुनने या देखने वाला बस कह उठे 'वाव' (Wow) या वाह! अभी साहित्य में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्ति देखने में आ रही है। पाठकों का एक वर्ग यह चाहने लगा है कि कुछ ऐसा लिखा मिल जाय, जिसे कुछ मिनटों में ही पढ़कर बस कह उठे 'मजा आ गया', 'क्या धाँसू लिखा है'। इसे कहेंगे 'फटाफट मजा काल', या 'इंस्टेंट मजा काल'। आप अपने लेखन को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डालते हैं, ताकि लोग उसे पढ़े और अपने विचार दे सकें। अभी हो क्या रहा है? आपने अपना लेखन सोशल मिडिया पर डाला नहीं कि उसपर लाइक्स और व्यूज की वर्षा होने लग जाए। यही अपेक्षा रहती है। इसके लिए आप उसे अपने मित्रों और सम्बन्धियों को टैग भी करते हैं। जैसे क्रिकेट के T-20 फॉर्मेट में रनों की बरसात हो रही हो, तो दर्शक अपना पैसा वसूल समझता है, वैसे ही साहित्य को पढ़कर बस मजा आ जाए, तो टाइम का निवेश व्यर्थ नहीं गया, ऐसा माना जाने लगा है। व्यूज और लाइक्स को हम क्रिकेट के 'रन' जैसा समझने लगे हैं। अब लाइक्स और व्यूज रूपी 'रन' को ही रण के मानक के रूप में मानने लगे हैं और सोशल मीडिया को रणस्थली समझने लगे हैं। परेशानी तब होने लगती है, जब देखते हैं कि हमसे घटिया कंटेंट डालने वाले अन्य साहित्यकारों को अधिक व्यूज और लाइक्स मिल रहे हैं। हमने भी तो शॉट्स फॉर्मेट में ही अपनी रचना डाली थी। लगता है कि उनका शॉट्स मेरे शॉट्स से भी शार्ट था, इसीलिये उनके व्यूज और लाइक्स अधिक हैं।

लोगों के पास मोबाइल पर फिजूल के शॉट्स और रील्स देखने का समय है, लेकिन बढ़िया कंटेंट को पढ़ने का समय नहीं है. यह तो वही बात हुई कि लोगों को पान, गुटखा, सिगरेट पर खर्च करने के लिए पैसे हैं, लेकिन किताबें खरीद कर पढ़ने के पैसे नहीं हैं। लोग OTT (नेटफ्लिक्स, जी 5, अमेज़न प्राइम ) को सब्सक्राइब करने, सिनेमा हॉल में पैसे खर्च कर सिनेमा देखने, पैसे खर्च कर आई पी एल के मैच देखने के लिए धन राशि है, किताबें खरीदने के लिए पैसे नहीं है। और कहेंगे यार पढ़ने लायक कुछ छप ही नहीं रहा है।

कहानियों में भी अभी लोग वैसा ही कंटेंट ढूढ़ रहे हैं। बस चाहते हैं कि जल्दी मजा आ जाये। जैसे कि आजकल 'शॉट्स' (यू ट्यूब पर) और रील्स (फेसबुक पर ) आ रहा है। शॉट्स या रील्स देखा, बड़ा मजा आया। वैसी ही कहानियाँ चाहिए। बड़ा मजा देने वाली।

मैं कुछ कहानियाँ पढ़ रहा था जो नई कहानी आंदोलन (सत्तर - अस्सी के दशक) की धारा के प्रवर्तक बने। जैसे निर्मल वर्मा की "परिंदे", कृष्णा सोबती की "बादलों के घेरे" या कमलेश्वर की 'खोई हुई दिशाएं' आदि। इन सभी कहानीकारों की कहानी दो लाइन में कही जा सकती है। फिर इन दस पन्नों में कहानीकार ने क्या डाल दिया है? आज के जमाने का पाठक कहेगा कि 'बकवास' भरा हुआ है। आज इस टाइप की टाइप कहानी चाहिए कि घटनाएं बदलती रहें। पात्रों के मनोभाव को बताने की क्या आवश्यकता है? फिजूल की बातों को पढ़ने को लोग कहते हैं, कि लेखक ने बहुत पकाया यार, बोर हो गए। आरम्भ धमाकेदार हो, घटनायें घटती रहे, तेजी से घटती रहें, रहस्य शिखर पर हो, हमारी दुनिया से परे दूसरी दुनिया के बारे में ही क्यों न हो, वास्तविकता से कोई वास्ता ना भी हो, चलेगा। रील, शॉट्स देखा, समय अच्छा कटा, बोर नहीं हुए। आपने समय दिया उसके बदले आपको मिला क्या? कोई नया शब्द, कोई नई कल्पना, कोई नया रूपक, कोई नई व्यंजना। नहीं मिला। लेकिन मजा बहुत आया। मजा आया और प्राप्ति शून्य। इसी भटकाव में रहने को मजा कहते हैं।

# आज का दोहा

आये, बैठे, उड़ गये, ज्यों पंछी हर बार।
ऐसे ही कुछ जिंदगी, देता है संसार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

# प्रेम गीत

जमशेदपुर, झारखंड!
क्या जाने दर-दर भटकाये!
या फिर मंज़िल तक पहुँचाये!
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
नित-नित नये दिलासे बनकर
सूरज इन आँखों में उतरे,
चाँद उगे नित तो सपनों के
रंगारंग परों को कुतरे,
पल-पल कुदरत भी भरमाये!
मन मसोसकर नित रह जाये!
यों ही करता चले गुज़ारा,
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
हम दिखलाते किसको वो मन
जिसमें कोई और बसा हो,
बहुत निकाला मगर न निकला
तब सोचा, जो हो, होने दो,
हाल हमारा कौन सुनाये?
कब-कब रोये, कब मुस्काये?
आख़िर क्या जीता, क्या हारा??
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!
शायद, दिन फिर जायें अपने
आस कि अब भी जगी हुई है,
उनकी राह जोहनेवाली
नज़र कि अब भी लगी हुई है,
जब-जब धोखा हो, वो आये!
राह हमारी हँसी उड़ाये!
करता क्या-क्या नहीं गवारा??
प्यार हमारा...प्यार हमारा!!



लखन विक्रांत

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुनर्मिलन का संगम भी महाकुंभ, अपनों से मिले 20 हजार से ज्यादा लोग

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**




महाकुंभ अपने भव्य स्वरूप और 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति के साथ ही ऐतिहासिक आयोजन बन चुका है। इस दिव्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अनुकरणीय पहल की है। इस बार महाकुंभ में खोए हुए लोगों को शीघ्रता से उनके परिवारों से मिलाने के लिए योगी सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है, जिससे अब तक 20 हजार से अधिक खोए हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है। 144 साल बाद पुण्य संयोग में आयोजित हो रहे इस बार के महाकुंभ के विराट मेले में अपनों से बिछड़े हुए कुल 20,144 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने में योगी सरकार को सफलता मिली है। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। यही नहीं पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने खोए हुए सभी 8,725 लोगों को उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया है। इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) को खोए हुए 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) को 813 श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की मदद से उनके परिजनों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 10 हजार से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 दिसंबर 2024 को डिजिटल प्रणाली के जरिए खोया-पाया केंद्रों का शुभारंभ किया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन और मेला प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो।

## महाकुंभ 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अनमोल उदाहरण है : पीयूष गोयल

**महाकुंभ नगर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्वभर के लोगों की आस्था देखकर आनंद की अनुभूति हो रही है। महाकुंभ पहुंचे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद भी ग्रहण किया।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुंभ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुंभ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुंभ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुंभ का यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर श्रद्धालुओं के आगमन की बात करें तो हर गुजरते दिन के साथ रिकॉर्ड बन रहा है।



## अखिलेश यादव ने की सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल से जुड़े मामले में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा गलत भाषा का प्रयोग करेगी तो सपा भी उन्हीं शब्दों में जवाब देगी। सपा मुखिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा के व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि अब वह सपा मीडिया सेल का हिस्सा नहीं हैं। हमारी ओर से पहले गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया गया। भाजपा लगातार भाषा की मर्यादा तोड़ रही है। अगर भाजपा के लोग अपने में सुधार लाएंगे तो सपा के लोग भी अपने आपको सुधारेंगे, ऐसा समझौता हुआ था। लेकिन, भाजपा के लोग गलत शब्द का इस्तेमाल करेंगे तो उसी भाषा में उन्हें जवाब मिलेगा।अखिलेश यादव ने सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सरकार से अपील है कि कई बुजुर्ग स्नान नहीं कर पाए हैं। सम्राट हर्षवर्धन के समय में कुंभ 75 दिन का होता था, जिसमें दूर-दूर से लोग आकर स्नान करते थे। सरकार से मांग है कि कुंभ का समय बढ़ा दें। उन्होंने एक बार फिर महाकुंभ के आंकड़ों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आंकड़ों को लेकर झूठ बोलते हैं। हमारी जानकारी के अनुसार 60 करोड़ लोग स्नान कर चुके होंगे। मैनेजमेंट की स्टडी की जाए तो उनकी असफलता की जानकारी सामने न आ जाए। महाकुंभ में फौज की मदद ली जाती तो हालात इतने खराब नहीं होते। यह सरकार अन्याय कर रही है। लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी है। जाम से बहुत दिक्कत हुई है। प्रयाग का पुलिस कमिश्नरेट फेल हुआ है। पुलिस को भाजपा की टोपी पहनकर बैठना चाहिए। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक सीट पर अन्याय कर सकते हैं, 403 पर बेईमानी नहीं चलेगी। यूपी सरकार का बजट आने वाला है। बहुत सारी बातें बजट से साफ हो जाएंगी।

### दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल की बढ़ी मुश्किलें

# फ्लैग स्टाफ बंगला नवीनीकरण मामले में मिले जांच के आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती हुई नजर आ रही है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने उनके आवास, 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण मामले में जांच का आदेश दिया है। आदेश 13 फरवरी को जारी किया गया, जब केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा एक तथ्यानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार, सीपीडब्ल्यूडी को यह जांच करनी है कि क्या इस आलीशान महल (जिसे 'शीश महल' कहा जा रहा है) के निर्माण में भवन निर्माण के नियमों की अनदेखी की गई थी। इस बंगले का नवीनीकरण 40,000 वर्ग गज (करीब 8 एकड़) में किया गया है और आरोप है कि इसके निर्माण के दौरान कई नियमों की अवहेलना की गई।

यह जांच खासतौर पर इस बात को लेकर की जाएगी कि क्या फ्लैगस्टाफ बंगले के नवीनीकरण के लिए निर्धारित भवन निर्माण नियमों को तोड़ा गया था, ताकि यह आलीशान महल बनाया जा सके। इस दौरान इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्या सार्वजनिक धन का सही तरीके से उपयोग हुआ है और क्या इस निर्माण में कोई वित्तीय अनियमितताएं पाई गईं। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के नवीनीकरण को लेकर पहले भी विवाद उठ चुके हैं। भाजपा ने दिल्ली में 6 फ्लैग स्टाफ बंगले को 'शीशमहल' कहा है। यह दिल्ली के मुख्यमंत्री का सरकारी आवास है, जहां 2015 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल रहे हैं। बीजेपी का आरोप है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए आवास में नवीनीकरण में करोड़ों खर्च किए हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा और कांग्रेस ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था।सीवीसी की जांच से अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के लिए कानूनी संकट और बढ़ सकता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सीवीसी की जांच में क्या निष्कर्ष सामने आते हैं और इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।



- सीवीसी उनके आवास, 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण मामले की जांच करेंगी
- बीजेपी का आरोप है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए आवास में नवीनीकरण में करोड़ों खर्च किए हैं

## लव जिहाद कानून संविधान के खिलाफ, व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला : अबू आजमी

**लखनऊ।** महाराष्ट्र सरकार लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार का मानना है कि इस कानून के माध्यम से लव जिहाद के नाम पर ज्यादती से लोग बचेंगे। सरकार के इस कदम को समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। अबू आजमी ने महाराष्ट्र सरकार की इस कोशिश को संविधान और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ये मनमानी का एक तरीका है, इस तरह से आजादी पर रोक लगाई जा रही है। हमें कोई ऐतराज नहीं है अगर वह कानून बनाना चाहते हैं, लेकिन यह संविधान के अधिकारों से छेड़छाड़ करना है। उन्होंने आगे कहा, "हम देख रहे हैं कि मुस्लिम लड़के भी हिंदू धर्म अपना रहे हैं, मुस्लिम लड़कियां भी हिंदू लड़कों से शादी कर रही हैं। अगर यह सब संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत हो रहा है तो इसमें क्या गलत है? सरकार का इस पर कानून बनाना व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास है, जो देश के संविधान के खिलाफ है।

# प्रयागराज में भीषण सड़क हादसा, महाकुंभ आ रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। हादसे में महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 19 घायल हो गए। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर एक कार और बस की टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। डीसीपी (यमुनानगर) विवेक चंद्र यादव ने आईएएनएस से बताया कि छत्तीसगढ़ से महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जा रही कार और बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा थाना क्षेत्र में हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा क्षेत्र के मनु का पूरा के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर जाम की स्थिति बन गई। सभी महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज आ रहे थे। वहीं, मध्य प्रदेश की बस संगम स्नान के बाद श्रद्धालुओं को लेकर मिर्जापुर की ओर जा रही थी। इस दौरान बस और कार में जोरदार टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। आस-पास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, जिसने शवों को गैस कटर की मदद से बाहर निकाला और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया।




**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय**
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**''इच्छा की अभिव्यक्ति'' (EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति-अल्पकालीन)**

समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Ministry of social Justice and Empowerment, Govt. of India वर्ष 2021–2022 द्वारा नामित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) हेतु चतरा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल–168 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survery) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से ''ईच्छा की अभिव्यक्ति'' (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | विशय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्य का नाम | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 168 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति 168 ग्रामो में सर्वेक्षण –(Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना। |
| 2 | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक–28.02.2025 पूर्वाहन् 11:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–03.03.2025 पूर्वाहन् 03:00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, विकास भवन, चतरा। |
| 6 | विज्ञापनदाता का नाम | उप विकास आयुक्त, चतरा |
| 7 | आय–व्ययक (बजट) | प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तेयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत् चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 8 | अग्रधन की राशि | 50,000/– (पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट उप विकास आयुक्त, चतरा के पक्ष में एवं बैंक ऑफ इंडिया, शाखा विकास चतरा में भुगतेय होगा। |
| 9 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पादन अवधि | 45 दिन अन्तर्गत |

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वार अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में केन्द्र प्रायोजित पायलॅट परियोजना के रूप में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त एवं जानकारी चतरा NIC Portal- https://chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, चतरा

PR 346454 Rural Development(24-25)#D


# महाकुंभ की भीड़ से ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

- दिल्ली से तीन दिन में आने वाली माल गाड़ियां 10-12 दिन में पहुंच रही हैं
- ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को 30 दिन में लगभग 60 करोड़ का नुकसान
- रोज 2 करोड़ के कारोबार वाले काशी में केवल 20 लाख का काम हो रहा

**वाराणसी।** महाकुंभ पलट प्रवाह के बीच हाईवे पर लंबा जाम और डायवर्जन के चलते वाराणसी में ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित है। दिल्ली से तीन दिन में आने वाली माल गाड़ियां 10-12 दिन में वाराणसी पहुंच रही हैं। खाद्य और दवा की गाड़ियां भी किसी तरह शहर पहुंच पा रही हैं। ई-वे बिल फेल होने से जीएसटी अधिकारियों की ओर से गाड़ियों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इससे ट्रांसपोर्टर और गाड़ी मालिकों के साथ श्रमिक वर्ग भी परेशान हैं।पहले रोजाना 200 से 250 गाड़ियों की आवाजाही होती थी, जिनकी संख्या अब 40-50 तक रह गई है। किराना, कपड़े, क्रॉकरी और टेंट सामान, टाइल्स, लोहे, रेशम, फर्नीचर समेत अन्य गाड़ियों को पहुंचने में भी 10 से 12 दिन का समय लग रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को 30 दिन में लगभग 60 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। वाराणसी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी तिवारी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट के लिए बुरे दिन हैं। रोज दो करोड़ के कारोबार वाले वाराणसी में केवल 20 लाख का काम हो रहा है। गाड़ियां 10 से 12 दिनों में पहुंच रही हैं। दिल्ली, पंजाब, मुंबई, सूरत समेत अन्य जगहों से आने वाली गाड़ियों की चाल भी थम गई है। ई-वे बिल फेल हो रहा है। सिर्फ तीन दिन के लिए ई-वेल बिल मिलता है। प्रयागराज और वाराणसी के लिए माल बुक करने के लिए कोई तैयार नहीं है। एक हफ्ते में मुश्किल से चार से पांच गाड़ी किसी तरह नो एंट्री खुलने पर पहुंच रही हैं। वैवाहिक सीजन के दौरान बाजार में माल की आवक ठप है। व्यापारियों की ओर से पुराना स्टॉक खपाया जा रहा है।यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वाराणसी मंडल प्रभारी सूर्यमणि तिवारी ने बताया कि 10 से 12 दिन गाड़ियों के फंसे रहने से ट्रांसपोर्टर और मालिकों को दिक्कत हो रही है। चालक और परिचालक का अलग खर्चा और गाड़ियों में माल लोड होने से चिंता बढ़ गई है। फतेहपुर, कानपुर, लखनऊ समेत अन्य शहरों में ही गाड़ियां खड़ी कराई जा रही हैं। प्रयागराज होकर आने वाली गाड़ियों को डाइवर्ट करके निकाला जा रहा है। इससे अतिरिक्त ईंधन और टोल का खर्च बढ़ रहा है। माल नहीं आने से आठ से 10 दिन तक ट्रांसपोर्ट बंद कराने से मजदूर भी परेशान हैं। इससे उनकी जीविका पर भी संकट आ चुका है। वाराणसी में 200 ट्रांसपोर्टर हैं, जिनसे दो से ढाई हजार लोग जुड़े हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इ्क्षचता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# सीबीएसई बोर्ड एग्जाम दे रहे छात्रों ने माना 'परीक्षा पे चर्चा' ने तनाव मुक्त होने में की मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**




10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो चुकी है। कुछ बच्चे उत्साहित भी दिखे तो कुछ आशंकित भी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कई ऐसे भी मिले जिन्होंने माना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम ने उनके स्ट्रेस लेवल को काफी हद तक कम करने में मदद की है। पूर्वी दिल्ली स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा ने कहा कि पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा ने उसका बल बढ़ाया है। छात्रा ने कार्यक्रम की भी तारीफ करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारे स्ट्रेस को कम करता है। हमारा बोर्ड का एग्जाम रहता है, तो कई लोग बार-बार हमें यह याद दिलाते हैं कि तुम्हारा बोर्ड का एग्जाम है, जिससे हमारे जेहन में जहां एक तरफ कई तरह के सवाल आते हैं, तो दूसरी तरफ एक तरह का मानसिक दबाव भी पैदा होता है। जिसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम हमारे लिए काफी हेल्पफुल साबित होता है। 10वीं के छात्र अभिषेक ने बताया कि पहले काफी स्ट्रेस रहता था। इस बार पीएम मोदी ने माता-पिता को भी जरूरी टिप्स दिए। मेरे पेरेंट्स ने भी सुना और मैंने बदलाव महसूस किया। मम्मी-पापा ने खूब मदद की। मेरे दोस्तों ने भी मुझे ऐसा ही कुछ बताया है। छात्र वायद ने कहा कि मुझे अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा है। मैं पास हो जाऊंगा। मैंने परीक्षा की तैयारी में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा भी हमारे लिए काफी हेल्पफुल रहा है। इससे हमारा स्ट्रेस कम हुआ। 10वीं की छात्रा अश्विनी नेगी ने कहा कि हमने परीक्षा को लेकर अपनी पूरी तैयारी की है। तैयारियों के दौरान हमने अपना पूरा बेस्ट दिया था। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा रिजल्ट बेहतर रहेगा। परीक्षा पे चर्चा ने भी हमें तनाव मुक्त रहने के फायदे बताए हैं। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने जो 5-4-3-2-1 गेम खिलाया था, मैंने और मेरे दोस्तों ने उसे आजमाया और काफी बदलाव महसूस किया। अपने बच्चे को एग्जामिनेशन सेंटर में छोड़ने आए विमलेश यादव ने कहा कि बच्चे की तैयारी पूरी है, उम्मीद है कि नतीजा भी अच्छा आएगा। कमल सिंह नेगी ने कहा कि मैंने अपने बच्चे को किसी भी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं दिया। मैंने खुद अपने बच्चों को कहा कि आप किसी भी प्रकार का स्ट्रेस मत लो।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-16/2024-25/RE-01

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | प्रखण्ड मनातू अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में चार कमरा एवं शौचालय का कार्य। | 4617800.00 | 95000.00 | 5000.00 | 04 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2025 से दिनांक 24.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 346507 Rural Development(24-25).D

# इंग्लैंड के पास 50 ओवर के मैचों का इतना अनुभव नहीं है कि उसे दावेदार कहा जा सके : मार्क बुचर



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर का मानना है कि जोस बटलर की अगुआई वाली टीम के पास 50 ओवर के मैच खेलने का इतना अनुभव नहीं है कि उसे 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का गंभीर दावेदार कहा जा सके।

2023 पुरुष वनडे विश्व कप के बाद से, इंग्लैंड ने 14 में से सिर्फ.चार वनडे जीते हैं और हाल ही में भारत में 0-3 से सीरीज स्वीप का सामना किया, जो कि व्हाइट-बॉल हेड कोच के तौर पर ब्रेंडन मैकुलम की पहली सीरीज थी। चैंपियंस ट्रॉफी में, इंग्लैंड अपने लीग मैचों में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा - ये वे टीमें हैं जिन्होंने 2023 वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण में उन्हें हराया था। पहले दो वनडे के दौरान मेरे दिमाग में जो पहली बात आई, वह यह थी कि 50 ओवर के प्रारूप में हमारा अधिकांश क्रिकेट कितना भोला-भाला है। मैंने सोचा 'ऐसा क्यों हो सकता है?'।

ऐसा इसलिए है क्योंकि हम कोई भी मैच नहीं खेलते हैं। खेल को जिस गति से लगातार खेला जाना चाहिए, उसमें बहुत अंतर है। मेरा मतलब यह नहीं है कि गति एक कठोर ग्राफ है जो केवल ऊपर ही जाती है, गति को 50 ओवर के क्रिकेट में उतार-चढ़ाव की आवश्यकता होती है, जबकि 20 ओवर के क्रिकेट में इसकी आवश्यकता नहीं होती है। उस कौशल और समझ और खेल के प्रति जागरूकता का होना, यह जानना कि कब पैर नीचे रखना है और कब थोड़ा आराम करना है, लेकिन कब बैठना है और कब कड़ी मेहनत करनी है, यह कुछ ऐसा है जो केवल बहुत अधिक खेलने से ही आता है। मुझे याद है कि 90 के दशक में जब इंग्लैंड गर्मियों के दौरान तीन टेक्साको ट्रॉफी मैच खेलता था।

# जानिक सिनर पर तीन महीने का लगा प्रतिबंध



**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)।** विश्व नंबर एक जानिक सिनर ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ समझौता कर लिया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अखंडता एजेंसी (आईटीआईए) के एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने पाया कि मार्च 2024 में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल के लिए दो बार सकारात्मक परीक्षण किए जाने के बाद भी सिनर पर कोई दोष या लापरवाही नहीं थी। वाडा के बयान में कहा गया है, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) पुष्टि करती है कि उसने इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर के एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया है, जिसमें खिलाड़ी ने डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए तीन महीने की अयोग्यता की अवधि स्वीकार की है, जिसके कारण मार्च 2024 में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल के लिए उसका परीक्षण सकारात्मक आया था। सिनर के अनुसार, यह पदार्थ एक सहायक कर्मचारी के संपर्क में आने के बाद उसके शरीर में प्रवेश कर गया, जो एक 'ओवर द काउंटर स्प्रे' लगा रहा था, जिसमें क्लोस्टेबोल की थोड़ी मात्रा थी और उक्त सहायक कर्मचारी द्वारा बार-बार मालिश करने के कारण संदूषण हो गया। बयान में कहा गया है, वाडा स्वीकार करता है कि सिनर का धोखा देने का इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से उसे कोई प्रदर्शन-बढ़ाने वाला लाभ नहीं मिला और यह उसके साथियों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ। जनवरी में 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को 9 फरवरी से 4 मई तक तीन महीने का प्रतिबंध झेलना होगा, जिसमें से चार दिन पहले ही अंतिम निलंबन के तहत सजा काट चुके हैं, और उन्हें 13 अप्रैल से प्रशिक्षण पर लौटने की अनुमति दी जाएगी। 4 मई को उनकी वापसी उन्हें रौलां गैरो में सीजन के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भाग लेने की अनुमति देगी, जो फ्रेंच ओपन का स्थल है, जो 19 मई से 8 जून तक पेरिस, फ्रांस में होता है। समझौते की शर्तों के तहत, सिनर 9 फरवरी, 2025 से 4 मई, 2025 को रात 11:59 बजे तक अपनी अयोग्यता की अवधि पूरी करेंगे।

# रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना

**20 फरवरी** को है पहला मुकाबला

टीम के सभी ग्रुप ए मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे

**23 फरवरी** को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलेगी।

**भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।





**मुंबई(आईएएनएस)।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मुंबई से दुबई के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम के सभी ग्रुप ए मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ली गई तस्वीरों में रोहित एंड कंपनी और सहयोगी स्टाफ दुबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पर चेक-इन करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आईएएनएस को पता चला है कि टीम की शुरूआती योजना दो-दो के बैच में दुबई जाने की थी, लेकिन पिछले महीने जारी बीसीसीआई की नीति दिशा-निर्देशों के अनुसार टीम अपने विदेश दौरों के लिए एक साथ यात्रा करेगी, इसलिए यह तय किया गया कि टीम मुंबई से आठ टीमों की प्रतियोगिता के लिए एक साथ रवाना होगी। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, जो पिछले महीने सिडनी में पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हर्षित राणा को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है, जबकि कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है, जो मूल रूप से प्रोविजनल टीम में थे। जायसवाल अब मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे के साथ गैर-यात्रा करने वाले विकल्पों में से एक हैं। दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने 2025 अभियान की शुरूआत करेगी, उसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलेगी। भारत 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप ए मैच खेलेगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी

# पाकिस्तान के हेड कोच आकिब जावेद ने किया बाबर आजम का समर्थन



**कराची (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद ने बाबर आजम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में ओपनिंग बल्लेबाज बनाए रखने का समर्थन किया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हार मिली। इसके बाद बाबर को ओपनिंग भेजने के फैसले पर सवाल उठे। लेकिन जावेद ने टीम प्रबंधन के इस कदम का समर्थन किया और उम्मीद जताई कि पूर्व कप्तान इस नई भूमिका में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विदेशी दौरे में बाबर को हर मैच में पहले ही ओवर में बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। फिर सैम अयूब चोटिल हो गए, जिससे बाबर को टेस्ट मैचों में भी ओपनिंग करनी पड़ी। इन पिचों पर बल्लेबाजों के लिए शुरूआत में कोई परेशानी नहीं होती, इसलिए हमने अपने सबसे अच्छे बल्लेबाज को पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने के लिए भेजा। यह हमारे लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि इन परिस्थितियों में बाबर को ओपनिंग करनी चाहिए और मुझे भरोसा है कि वह महत्वपूर्ण मैचों में बड़ी पारियां खेलेंगे।

हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को सिर्फ एक ही जीत मिली थी, लेकिन इसके बावजूद जावेद ने टीम पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, ३चैंपियंस ट्रॉफी में यह टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। अगर हमारी बल्लेबाजी सामान्य रही, तो हम 350 रन बना सकते हैं। अगर हारिस रऊफ फिट होकर फॉर्म में आ जाएं और नसीम, शाहीन और हमारे स्पिनर्स के साथ मिलकर प्रदर्शन करें तो यह टीम किसी को भी हरा सकती है।

# 'स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग करनी चाहिए' : गिलक्रिस्ट



**मेलबर्न(आईएएनएस)।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ को वनडे टीम में ओपनर के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान में होने वाले मैचों में वह अधिक से अधिक गेंदों का सामना कर सकेंगे। श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की 2-0 की वनडे सीरीज में हार के दौरान स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर 12 और 29 रन बनाए थे। लेकिन युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क के खराब फॉर्म को देखते हुए गिलक्रिस्ट को लगता है कि स्मिथ को ओपनिंग करनी चाहिए, हालांकि उन्हें लगता है कि मैट शॉर्ट शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ जोड़ी बनाने के लिए एक दिलचस्प विकल्प हैं। गिलक्रिस्ट ने शनिवार को एबीसी समर ग्रैंडस्टैंड शो में कहा, ह्लफिलहाल यह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन स्टीव स्मिथ को ओपनिंग करनी चाहिए। मुझे नहीं लगा कि श्रीलंका के खिलाफ मैच में उन्हें कहां रखा गया है। जाहिर है, ट्रैविस वहां होंगे - वह तरोताजा और फिट हैं। उन्होंने कहा,"मुझे मैट शॉर्ट का भी साथ पसंद है - वह बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बना सकते हैं - मेरे लिए यही बेहतर विकल्प होगा। लेकिन मुझे लगता है कि स्टीव स्मिथ ओपनिंग कर सकते हैं।

# कतर ओपनः ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक को चौंकाकर फाइनल में जगह बनाई



**दोहा(आईएएनएस)।** इगा स्वीयाटेक के खिलाफ सेमीफाइनल में जाने से पहले, जेलेना ओस्टापेंको को मैच जीतने और शुक्रवार को कतर ओपन के फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा था। ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक के खिलाफ अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा और सीधे सेटों में जीत के साथ लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता ओस्टापेंको ने मैच के बाद कोर्ट पर दिए गए अपने साक्षात्कार में कहा, मुझे पूरा भरोसा था कि मैं उसे हरा दूंगी क्योंकि हमने बहुत सारे मैच खेले हैं और मुझे पता है कि उसके खिलाफ कैसे खेलना है।" उन्होंने कहा, ३मैं खुद पर और मुझे जो करना था उस पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही थी। मैं इस सप्ताह अपनी भावनाओं को संभालने के तरीके से खुश हूं। लातवियाई ओस्टापेंको ने सेमीफाइनल में 6-3, 6-1 की शानदार जीत के साथ नंबर 2 सीड को हराया, जिससे तीन बार की गत विजेता स्वीयाटेक का टूर्नामेंट में 15 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म हो गया। इस जीत के साथ, ओस्टापेंको अपने करियर के 17वें डब्ल्यूटीए टूर फाइनल में पहुंच गईं, जो दोहा में दूसरे और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर या उससे ऊपर (दोहा 2016, रौलां गैरो 2017 और मियामी 2018 के बाद) चौथे स्थान पर है।

## 'हमें पूरा भरोसा है कि वह पास हो जाएंगे' : स्मिथ

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि वह स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन के श्रीलंका टेस्ट सीरीज के दौरान संदिग्ध एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बारे में जानकर ३हैरान३ हैं। कार्यवाहक कप्तान ने टीम के साथी को सभी टेस्ट पास करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह साबित हो सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है और वे बेदाग निकले। स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। वह आठ साल से पेशेवर क्रिकेट खेल रहे हैं और इतने समय में उनके बारे में कुछ नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा, मैं उनके बारे में सोच रहा हूं। फिलहाल, उन्हें प्रक्रिया से गुजरना होगा। हमें पूरा भरोसा है कि वह पास हो जाएंगे। वह घर वापस जाकर इस प्रक्रिया से गुजरेंगे। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# कनिका और ऋचा दोनों ने शानदार पारी खेली : मिताली



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने शुक्रवार को गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बल्लेबाजों ऋचा घोष और कनिका आहूजा की रिकॉर्ड-तोड़ रन चेज में खेली गई धमाकेदार पारियों की सराहना की। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर गुजरात को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी (56) और कप्तान एश्ले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 201/5 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की। जवाब में, एलिस पेरी ने 34 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 57 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 27 गेंदों में चार छक्कों और सात चौकों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। कनिका ने भी 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 30 रन बनाकर टीम को नौ गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे सफल चेज था क्योंकि आरसीबी ने छह विकेट की जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरूआत की। अमूल क्रिकेट लाइव, जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से बात करते हुए, मिताली राज ने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के बारे में बताया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ओपनएआई ने एलन मस्क का 97.4 अरब डॉलर का खरीद प्रस्ताव ठुकराया



**सैन फ्रांसिस्को(आईएएनएस)।** ओपनएआई ने एलन मस्क का 97.4 बिलियन डॉलर में कंपनी खरीदने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ओपनएआई को सैम ऑल्टमैन चला रहे हैं। ओपनएआई के बोर्ड चेयरमैन ब्रेट टेलर ने कहा कि मस्क का यह प्रस्ताव सिर्फ. अपने प्रतिस्पर्धियों को बाधित करने की कोशिश है। टेलर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,ओपनएआई बिक्री के लिए नहीं है, और बोर्ड ने सर्वसम्मति से मिस्टर मस्क के प्रतिस्पर्धा को बाधित करने के नवीनतम प्रयास को खारिज कर दिया है। टेलर ने ओपनएआई के बॉर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की तरफ से कहा, किसी भी तरह का पुनर्गठन ओपनएआई को और मजबूत करेगा, ताकि एजीआई (आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस) का लाभ पूरी मानवता को मिल सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनएआई ने मस्क के वकील को एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया कि यह प्रस्ताव उनकी संस्था के उद्देश्यों के अनुकूल नहीं है। इससे पहले मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई और कुछ निवेशकों ने मिलकर ओपनएआई के गैर-लाभकारी संगठन को 97.4 अरब डॉलर में खरीदने की पेशकश की थी, लेकिन ओपनएआई के बोर्ड ने इसे खारिज कर दिया। ओपनएआई के वकील एंडी नुसबॉम ने कहा कि मस्क का प्रस्ताव गैर-लाभकारी संस्था के लिए कोई उचित मूल्य तय नहीं करता और यह संस्था बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। गौरतलब है कि मस्क ओपनएआई के सह-संस्थापक रह चुके हैं, लेकिन अब उन्होंने ओपनएआई और सैम आल्टमैन पर मुकदमा दायर किया है। मस्क का आरोप है कि ओपनएआई ने प्रतिस्पर्धा को दबाने और धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों में संलिप्तता दिखाई है। पिछले साल अक्टूबर में भी मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की थी।

# भारत फोर्ज ने एयरोस्पेस बिजनेस में 50 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का रखा लक्ष्य

**हमें उम्मीद है कि इस साल एयरोस्पेस से हमारी तिमाही संख्या 100 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी।**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत फोर्ज लिमिटेड अपने क्षमता विस्तार और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि ऐसा करने के साथ उसके एयरोस्पेस व्यवसाय में 50 प्रतिशत तक की राजस्व वृद्धि होगी। भारत फोर्ज के वाइस चेयरमैन और संयुक्त प्रबंध निदेशक अमित कल्याणी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल एयरोस्पेस से हमारी तिमाही संख्या 100 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी। एनडीटीवी प्रॉफिट से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 से इस व्यवसाय में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत, 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। अमित कल्याणी के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य भारत में मैन्युफैक्चरिंग को स्थानांतरित करने का सबसे अच्छा समय है।

उन्होंने कहा, लंबे समय तक चीन और उसके बाद वियतनाम के बाद मुझे लगता है कि अब भारत की बारी है। भारत और भारतीय मैन्युफैक्चरिंग - लाभ स्पष्ट हो रहे हैं। भारत से बाहर हमारे व्यवसाय के विकास को काफी हद तक तेज करने के अवसर हैं।

कंपनी ने अपनी तीसरी तिमाही की आय निवेश प्रस्तुति में लैंडिंग गियर कम्पोनेंट्स के लिए एक डेडिकेटेड मशीनिंग लाइन और हाई-परिशुद्धता फोर्जिंग के निर्माण के लिए एक रिंग मिल स्थापित करने की योजना की घोषणा की।

कंपनी की इन पहलों का उद्देश्य ग्लोबल ऐरोस्पेस इंडस्ट्री से जेट इंजन कम्पोनेंट की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

भारत फोर्ज को उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक नई क्षमताएं ऑनलाइन आ जाएंगी।

अमित कल्याणी ने कहा कि लैंडिंग गियर लाइन में, हम अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं और उन उत्पादों के लिए अधिक वैल्यू एडिशन कर रहे हैं जो हम पहले से ही सप्लाई कर रहे हैं। ऑटो कंपोनेंट प्रमुख भारत फोर्ज लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ 346 करोड़ रुपये दर्ज करवाया, जिसमें सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के तीसरी तिमाही प्रदर्शन में गिरावट की वजह यूरोप में आर्थिक स्थिति रही, जिसका असर कंपनी के परिचालन और क्षेत्र के निर्यात पर पड़ा। इस चुनौती से निपटने की योजनाओं के बारे में बात करते हुए कल्याणी ने कहा कि भारत फोर्ज इस क्षेत्र के हितधारकों से बात करने के बाद अगले छह महीनों में एक बड़ा निर्णय लेगा।

# वैश्विक मछली उत्पादन में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 'भारत' दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** देश की केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी दी कि भारत वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और देश ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 60,523.89 करोड़ रुपये मूल्य के 17,81,602 मीट्रिक टन (एमटी) समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात किया है। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, निर्यात मूल्य में 2003-04 के 609.95 करोड़ रुपये की शानदार वृद्धि देखी गई है। 2004 से 2024 की अवधि में ऐसे मील के पत्थर रहे हैं, जिन्होंने वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 2,703.67 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल वार्षिक बजटीय समर्थन प्रस्तावित किया गया है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने कहा कि यह जलीय कृषि और समुद्री खाद्य निर्यात में भारत की उपलब्धि का प्रमाण है। देश में मछली उत्पादन 2003-04 में 63.99 लाख टन और 2013-14 में 95.79 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 184.02 लाख टन हो गया, जो 10 वर्षों (2014-24) में 88.23 लाख टन की वृद्धि दर्ज करता है, जबकि 2004-14 में 31.80 लाख टन की वृद्धि हुई थी। अंतरदेशीय और जलीय कृषि मछली उत्पादन में 2004-14 में 26.78 लाख टन की तुलना में 2014-24 में 77.71 लाख टन की जबरदस्त वृद्धि हासिल की गई। समुद्री मछली उत्पादन 2004-14 में 5.02 लाख टन से दोगुना होकर 2014-24 में 10.52 लाख टन हो गया। ब्लू रिवॉल्यूशन स्कीम मत्स्य पालन क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में पहला कदम था। मंत्रालय के अनुसार, अपनी बहुआयामी गतिविधियों के साथ, ब्लू रिवॉल्यूशन स्कीम मुख्य रूप से अंतदेर्शीय और समुद्री दोनों जलीय कृषि और मत्स्य संसाधनों से मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है।

## लगातार तीसरे सप्ताह भारत के 'विदेशी मुद्रा भंडार' में उछाल

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.6 बिलियन डॉलर बढ़ा और 7 फरवरी तक 638 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि दर्ज हुई है। पिछले सप्ताह 1.05 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद, 31 जनवरी तक भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 630.607 बिलियन डॉलर हो गया था। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले साल सितंबर में 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2023 में शानदार उछाल आया, जो लगभग 58 बिलियन डॉलर बढ़ा। 20 बिलियन डॉलर का रिजर्व बढ़ने के साथ यह वृद्धि 2024 तक जारी रही, जो निरंतर पूंजी प्रवाह और मजबूत बाहरी स्थिति को दशार्ता है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो कुल भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### धर्मेंद्र तिवारी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**रांची।** राजकली फाउंडेशन के सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने शुक्रवार को राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और शॉल प्रदान कर उनका सम्मान किया और संस्था की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी।

### पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग पर सुनवाई कल



**रांची।** ईडी द्वारा रांची की पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। इडी ने अदालत से आग्रह किया है कि वह मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न सौंपे। इडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार पूजा सिंघल को कोई विभाग देती है, तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर सकती हैं, जिससे मामले की जांच प्रभावित हो सकती है। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से अपना जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद दोनों पक्षों की बहस की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इडी ने पूजा सिंघल को साल 2022 में गिरफ्तार किया था। इससे पहले, 5 मई 2022 को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जहां नकदी और निवेश से जुड़ी जरुरी जानकारी मिली थी। खासतौर पर, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से करीबन 20 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई थी।

### जोन्हा गौतमधारा जलप्रताप मन मोहक दृश्य : देवेन्द्र नाथ महतो



**रांची।** जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने 15 फरवरी को अनगड़ा प्रखण्ड के गौतमधारा जलप्रताप में आयोजित घूरती टुसू मेला एवं घूरती सतीघाट टुसू मेला में शामिल हुए। गौतमधारा जलप्रताप टुसू मेला में संबोधन करते हुए कहा कि हम सभी झारखंड की खूबसूरत वादियों के बीच मौजूद हैं। जोन्हा को प्रकृति का असीम कृपा मिली है। यहां मौजूद हरियाली, घने जंगल, मनमोहक वादियां, खूबसूरत झरने सम्पूर्ण देश के लोगों का आकर्षण का केंद्र है। यहां आने वाले लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। घूरती सतीघाट टुसू मेला को संबोधित करते हुए कहा कि राढू नदी, कांची नदी, और स्वर्ण रेखा नदी त्रिसंगम सतीघाट प्रयागराज महाकुंभ जैसा तीर्थ स्थल है। सतीघाट पवित्र स्थल में प्रतिवर्ष हजारों लोग मकर स्नान के लिए आते हैं, यह स्थल झारखंड का धरोहर है। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी रेहान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अनुज सिंह, खगेन, सुकदेव, हरेश के अलावा अन्य लोग भी अपना विचार रखें।

### ढोल-नगाड़ा वादन के साथ सरना पूजा स्थल का शुद्धिकरण 23 को

**रांची।** महाराजा मदरा मुंडा, सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की ओर से 23 फरवरी को सभी सरना पूजा स्थल का शुद्धिकरण किया जाएगा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन के साथ सरना समाज के लोग विधानपूर्वक अनुष्ठान करेंगे। इस मौके पर मुर्गा की बलि दी जाएगी। पूजा स्थल शुद्धिकरण प्रदीप पाहन के सान्निध्य में होगा। आरोप है कि पूजा स्थल को पिछले 12 फरवरी को दुर्गावती ओड़ेया के नेतृत्व में प्रार्थना सभा के लोगों एवं स्वयंभू धर्मगुरु व धर्म बहनों द्वारा चर्च की तरह प्रार्थना कर अशुद्ध किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम हेमंत सोरेन ने...**

के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को हर संभव समर्थन प्रदान करेगी।

**समाज के सभी वर्गों को...**

कहा कि पूर्वी भारत के पायनियर इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में बीआईटी ने उच्चस्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता की अपनी परंपरा वर्षों से बनाए रखी है। खनन प्रधान और मैन्युफैक्चरिंग वाले क्षेत्र में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पहला इंजीनियरिंग संस्थान है, जहां देश में सबसे पहले वर्ष 1964 में स्पेस टेक्नोलॉजी और रॉकेटरी का विभाग स्थापित हुआ था।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर बेहद खुशी हुई है कि इस संस्थान ने अब इंजीनियरिंग के ट्रेडिशनल पाठ्यक्रमों के अलावा क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स, डाटा साइंस, ह्यूमनिटीज, एनीमेशन और मल्टीमीडिया के क्षेत्र में पाठ्यक्रम शुरू किए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें खुशी होती है कि इस संस्थान के छात्रों, फैकल्टी और एलुमनाई ने समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। इंजीनियरिंग, उद्योग, उद्यमिता, अनुसंधान, नवाचार, प्रशासन, साहित्य, खेल और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी इस संस्थान से निकले लोग शीर्ष पर पहुंचे हैं। एआई और मशीन लर्निंग की बदौलत अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आ रहे बदलाव को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की सरकार ने भी बदलते परिदृश्य में इन तकनीकों के उपयोग की दिशा में कई जरूरी कदम उठाए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले राष्ट्रपति ने संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। समारोह को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार एवं अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

**तेलंगाना बनी विजेता, तीसरे...**

दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला। विडिओ ग्राफी प्रतियोगिता में तमिलनाडु पहले स्थान पर और महाराष्ट्र पुलिस दुसरे स्थान पर रहा। कंप्यूटर अवेयरनेस में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। वहीं बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी।

**मंत्री ने विजेताओं को सौंपा ट्रॉफी :** प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने वाले सभी पुलिस टीमों को उपस्थित मंत्री राधा कृष्ण और सुदिव्य कुमार के हाथों दिया गया।

---

# पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :– /भू0अ0, पलामू, दिनांक :–

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ परियोजना प्रयोजन हेतु ग्राम–पंसा, थाना सं0–262, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में कमोवेश **13.7307 एकड़** यानि **5.5567** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश **13.7307 एकड़** यानि **5.5567** हेक्टेयर है। **ग्राम–पंसा, थाना सं0–262, थाना–मोहम्मदगंज, अंचल–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू** में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

**ग्राम–पंसा, थाना सं0–262, कुल रकबा–13.7307 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 82 | 470 | धान दो | रैयती | 0.0154 | चन्द्रधन सिंह व बनवारी सिंह पिता धर्मदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 2 | 419 | 448 | धान दो | रैयती | 0.2235 | सीता राम महतो व शिरी महतो पिता गजाधर महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | 9 पेड़ |
| 3 | 428 | 446 | धान दो | रैयती | 0.025 | सुखाडी साह पिता जगदेव साह जाति तेली | – | – | – | – | – |
| 4 | 414 | 447 | धान दो | रैयती | 0.1283 | सरयु राम व गंगाराम पिता विगु राम जाति कहार | – | – | – | – | – |
| 5 | 419 | 449 | धान दो | रैयती | 0.1478 | सीता राम महतो व शिरी महतो पिता गजाधर महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 6 | 428 | 450 | धान दो | रैयती | 0.0063 | सुखाडी साह पिता जगदेव साह जाति तेली | – | – | – | – | – |
| 7 | 429 | 444 | धान दो | रैयती | 0.0554 | सुर्दशन महतो पिता रामदेव महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 8 | 308 | 452 | धान दो | रैयती | 0.1245 | रहमत मियां पिता गुलाम रसुल मिंया जाति चुनिया वो शान्ति देवी पति महेन्द्र चौधरी | – | – | – | – | – |
| 9 | 300 | 453 | धान दो | रैयती | 0.0063 | रघुविर यादव पिता रूपुयादव जाति यादव | – | – | – | – | – |
| 10 | 266 | 443 | धान दो | रैयती | 0.0016 | महेश महतो पिता दिलचन्द महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 11 | 353 | 430 | धान दो | रैयती | 0.0579 | रामप्रसाद महतो व रामदास महतो व रक्षया महतो व नन्हकु महतो पिता मुखदेव महतो जाति कोईरी वो अर्जुन मेहता वो आन्नद मेहता वो संजय मेहता पिता जयमुनी मेहता | – | – | – | – | – |
| 12 | 266 | 429 | धान दो | रैयती | 0.2384 | महेश महतो पिता दिलचन्द महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 13 | 326 | 428 | धान दो | रैयती | 0.0093 | रामप्रसाद महतो व चन्द महतो व रामनन्दन महतो पिता रामेश्वर महतो जाति कोईरी वो उमा मेहता पिता रामचन्द्र मेहता वगैरह | – | – | – | – | – |
| 14 | 353 | 431 | धान दो | रैयती | 0.0022 | रामप्रसाद महतो व रामदास महतो व रक्षया महतो व नन्हकु महतो पिता मुखदेव महतो जाति कोईरी वो अर्जुन मेहता वो आनन्द मेहता वो संजय मेहता पिता जयमुनी मेहता वगैरह | – | – | – | – | – |
| 15 | 364 | 1391 | टाड़ दो | रैयती | 0.0421 | रामविलास सिंह पिता राजकुमार सिंह एवं कामेश्वर सिंह वो प्रभु सिंह वो मिथलेश सिंह वो अखलेश्वर सिंह पिता केश्वरी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | बोर |
| 16 | 82 | 1392 | टाड़ दो | रैयती | 0.0323 | चन्द्रधन सिंह वो बरवारी सिंह पिता धर्मदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | बोर |
| 17 | 364 | 1387 | टाड दो | रैयती | 0.4168 | रामविलास सिंह पिता राजकुमार सिंह जाति राजपुत एवं कामेश्वर सिंह वों प्रभु सिंह वों मिथलेश सिंह वो अखलेश्वर सिंह पिता केश्वरी सिंह जाति राजपुत वो तेतरी देवी पति कृष्ण कुमार मेहता | – | – | – | – | – |
| 18 | 82 | 1389 | टाड दो | रैयती | 0.4160 | चन्द्रधन सिंह वों बरवारी सिंह पिता धर्मदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 19 | 364 | 1386 | टाड दो | रैयती | 0.6471 | रामविलास सिंह पिता राजकुमार सिंह एवं कामेश्वर सिंह वों प्रभु सिंह वों मिथलेश सिंह वों अखलेश्वर सिंह पिता केश्वरी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 20 | 315 | 1418 | टाड दो | रैयती | 0.1607 | रामकवल सिंह वो रामजन्म सिंह पिता जगदीश सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 21 | 403 | 1420 | टाड दो मकान | रैयती | 0.2746 | शिव प्रसाद सिंह वो गोपाल सिंह पिता जगनारायण सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 22 | 44 | 1422 | टाड दो | रैयती | 0.2221 | केशरी बढई पिता देवचन्द्र बढ़ई जाति बढई | – | – | – | – | – |
| 23 | 251 | 1469 | धान दो | रैयती | 0.0791 | भानु बढई वो रामदेव बढई पिता रतन बढई जाति बढई | – | – | – | – | – |
| 24 | 142 | 1431 | धान दो | रैयती | 0.1756 | नकछेदि भगत पिता योगि भगत जाति गडेरी | – | – | – | – | – |
| 25 | 82 | 1466 | धान दो | रैयती | 0.0749 | चन्द्रधन सिंह वों बरवारी सिंह पिता धर्मदेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 26 | 59 | 1467 | टाड दो | रैयती | 0.0399 | कृष्णा सिंह वो सुदामा सिंह वो ईश्वरी सिंह वों उमेश सिंह वों सुरेश सिंह वो बंसत सिंह वो कुन्डल सिंह पिता गोरी सिंह जाति राजपुत एवं मो0 राधका कुवंर पति गौरी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 27 | 14 | 1465 | धान दो | रैयती | 0.1845 | अशोक सिंह पिता सोनावचा सिंह वो मो0 सुमनि कुवंर पिता सोनावचा सिंह जाति राजपुत वो उदय प्रसाद मेहता पिता स्व0 रामदवे मेहता वगैरह | – | – | – | – | – |
| 28 | 364 | 1464 | धान दो | रैयती | 0.3675 | रामविलास सिंह पिता राजकुमार सिंह जाति राजपुत एवं कामेश्वर सिंह वो प्रभु सिंह वो मिथलेश सिंह वो अखलेश्वर सिंह पिता केश्वरी सिंह जाति राजपुत वो तेतरी कुवंर पति कृष्ण कुमार मेहता वो सुशील कुमार मेहता पिता बासदेव मेहता | – | – | – | – | – |
| 29 | 59 | 1463 | टाड दो | रैयती | 0.0524 | कृष्णा सिंह वो सुदामा सिंह वो ईश्वरी सिंह वों उमेश सिंह वों सुरेश सिंह वो बंसत सिंह वो कुन्डल सिंह पिता गौरी सिंह जाति राजपुत एवं मो0 राधिका कुवंर पति गौरी सिंह जाति राजपुत वो कृष्ण कुमार मेहता पिता राजेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 तपेश्वर मेहता वगै0 | – | – | – | – | – |
| 30 | 74 | 1438 | टांड दो नई परती | रैयती | 0.0083 | गिरवर सिंह वो उमराउ सिंह वो मुखलाल सिंह वो भरत सिंह वो भानु प्रताप सिंह पिता विशुन्देव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 31 | 64 | 1451 | धान दो | रैयती | 0.1666 | गनेश सिंह पिता धनुकधारी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | 3 पेड़ |
| 32 | 64 | 1459 | धान दो | रैयती | 0.0145 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 33 | 64 | 1457 | धान दो | रैयती | 0.0799 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 34 | 64 | 1455 | धान दो | रैयती | 0.079 | तदैव | – | – | – | – | 2 पेड़ |
| 35 | 217 | 1454 | धान दो | रैयती | 0.0138 | बिलकेश्वर सिंह वो रामदहिन सिंह वो नरेश सिंह पिता राजनारायण सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 36 | 102 | 1600 | टांड दो | रैयती | 0.1108 | जमुना राम पिता औरिक राम वो रामसागर राम पिता तुलसी राम वो अरूण कुमार राम पिता स्व0 कन्हाई राम वो राजकुमार राम पिता भुनेश्वर राम वगै0 जाति दुसाध | – | – | – | – | – |
| 37 | 12 | 1603 | टाड दो | रैयती | 0.0119 | अशोक सिंह वो रामरेखा सिंह वो शंकर सिंह पिता नागदेव सिह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 38 | 102 | 1601 | धान दो | रैयती | 0.0818 | जमुना राम पिता औरिक राम वो रामसागर राम पिता तुलसी राम वो अरूण कुमार राम पिता स्व0 कन्हाई राम वो राजकुमार राम पिता भुनेश्वर राम वगै0 जाति दुसाध | – | – | – | – | – |
| 39 | 435 | 1602 | धान दो | रैयती | 0.0502 | सुर्यदेव सिंह वो मालदेव सिंह वो श्यामदेव सिंह वो वृजदेव सिंह पिता गनपत सिंह वो सुशील सिंह पिता नरेश सिंह वगैरह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 40 | 195 | 1615 | टांड दो | रैयती | 0.1646 | बाबुलाल साह पिता धाना साह जाति तेली वो उपेन्द्र सिंह पिता कैलाश सिंह वो उमराव सिंह पिता किशुन देव सिंह | – | – | – | – | – |
| 41 | 134 | 1614 | टांड दो | रैयती | 0.1726 | देवचंद साह वो विश्वनाथ साह पिता अलम्मी साह जाति तेली वो मो0 यसोदा देवी पति अलम्मी साह जाति तेली | – | – | – | – | – |
| 42 | 355 | 1625/ 4194 | टांड दो | रैयती | 0.1577 | कपिलदेव सिंह पिता रामनरेश सिंह वो नागेन्द्र सिंह पिता लक्ष्मी सिंह वै0 एवं मनोज प्रजापति पिता बुधन प्रजापति | – | – | – | – | – |
| 43 | 355 | 1625 | टांड दो | रैयती | 0.2111 | रामप्रित सिंह पिता चमरू सिंह जाति राजपुत वो लक्ष्मी सिंह वो नरेश सिंह वो कैलास सिंह पिता लालधारी सिंह वो रामधनी सिंह पिता कवल सिंह जाति राजपुत वो मनोज प्रजापति पिता बुधन प्रजापति वगैरह | – | – | – | – | – |
| 44 | 100 | 1626 | टांड दो | रैयती | 0.2818 | जबित ठाकुर वो लक्ष्मण ठाकुमर वो ननकु ठाकुर वो उमेश ठाकुर पिता बाबुराम ठाकुर जाति हजाम | – | – | – | – | – |
| 45 | 134 | 2006 | धान दो | रैयती | 0.0834 | देवचंद साह वो विश्वनाथ साह पिता अलम्मी साह वो मो0 यसोदा देवी पति अलम्मी साह जाति तेलि | – | – | – | – | – |
| 46 | 134 | 2005 | धान दो | रैयती | 0.072 | बाबुलाल साह पिता धाना साह जाति तेली वो उपेन्द्र सिंह पिता कैलाश सिंह वो उमराव सिंह पिता विशुनदेव सिंह वगैरह | – | – | – | – | – |
| 47 | 195 | 2004 | धान दो | रैयती | 0.0045 | रामप्रित सिंह पिता चमरू सिंह जाति राजपुत वो लक्ष्मी सिंह वो नरेश सिंह वो कैलास सिंह पिता लालधारी सिंह जाति राजपुत वो रामधनी सिंह पिता कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 48 | 355 | 1665 | धान दो | रैयती | 0.0624 | विगन सिंह पिता सुखदेव सिंह एवं धरम सिंह पिता बलदेव सिंह एवं इश्वरधन सिंह पिता मुखदेव सिंह एवं नागदेव सिंह ईन्द्रेव सिंह पिता उदय नाथ सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 49 | 206 | 1666 | धान दो | रैयती | 0.0661 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 50 | 206 | 1667 | धान दो | रैयती | 0.0498 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 51 | 227 | 1668 | धान दो | रैयती | 0.0379 | बुटन लोहार पिता जगत दयाल लोहार जाति लोहार | – | – | – | – | – |
| 52 | 314 | 1670 | धान दो | रैयती | 0.0355 | रामकवल मिस्त्री वो रामचन्द्र मिस्त्रर पिता जिवनन्दन मिस्त्री जाति लोहार | – | – | – | – | – |
| 53 | 314 | 1669 | धान दो | रैयती | 0.0821 | कुलदिप लोहार पिता शिव नन्दन लोहार जाति लोहार | – | – | – | – | – |
| 54 | 150 | 1673 | धान दो | रैयती | 0.1084 | नन्दकिशोर सिंह पिता स्वर्जित एवं केशो सिंह वो युगल किशोर सिंह पिता दुबरी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 55 | 303 | 1884 | धान दो | रैयती | 0.1065 | रघुविर सिंह पिता रामेश्वर सिंह एवं शिवनारायण सिंह वो हरीनारायण सिंह पिता प्रमेश्वर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 56 | 435 | 1885 | धान दो | रैयती | 0.1226 | सुर्यदेव सिंह वो मालदेव सिंह वो श्यामदेव सिंह वो वृजदेव सिंह पिता गनपत सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 57 | 241 | 1888 | धान दो | रैयती | 0.0857 | बंशि धर सिंह पिता जैयन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 58 | 435 | 1886 | टाड दो | रैयती | 0.05 | सुर्यदेव सिंह वो मालदेव सिंह वो श्यामदेव सिंह वो वृजदेव सिंह पिता गनपत सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 59 | 355 | 1887 | टांड दो | रैयती | 0.1274 | रामप्रित सिंह पिता चमरू सिंह एवं लक्ष्मी सिंह वो नरेश सिंह वो कैलास सिंह पिता लालधारी सिंह एवं रामधनी सिंह पिता कवल सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 60 | 276 | 1891 | टाड दो | रैयती | 0.0127 | मुकदेव सिंह पिता कुवंर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 61 | 303 | 1892 | टाड दो | रैयती | 0.2078 | रघुविर सिंह पिता रामेश्वर सिंह एवं शिवनारायण सिंह वो हरीनारायण सिंह पिता प्रमेश्वर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 62 | 303 | 1895 | टांड दो | रैयती | 0.2673 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 63 | 303 | 1904 | टांड दो | रैयती | 0.1818 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 64 | 303 | 1926/ 4250 | टांड दो | रैयती | 0.0088 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 65 | 303 | 1903 | टांड दो | रैयती | 0.0062 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 66 | 48 | 1905 | टांड दो | रैयती | 0.1187 | कैलाश महतो वो सुदर्शन महतो पिता दहिन महतो एवं ढोडी महतो पिता देवचंन्द्र महतो एवं श्ररण महतो वों भरग महतो पिता बुधन महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 67 | 423 | 1906 | टांड दो | रैयती | 0.0862 | सिता राम महतो पिता मोहन महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 68 | 48 | 1907 | टांड दो | रैयती | 0.0926 | कैलाश महतो वो सुदर्शन महतो पिता दहिन महतो एवं ढोडी महतो पिता देवचंन्द्र महतो एवं श्ररण महतो वो भरग महतो पिता बुधन महतो जाति कोईरी | – | – | – | – | – |
| 69 | 1 | 1909 | टांड दो | रैयती | 0.0039 | अजय सिंह कृष्णा सिंह वो शिजय सिंह वो विजय सिंह पिता अमरदेव सिंह एवं गनपत सिंह पिता भजन सिंह एवं श्री सिंह वो दलु सिंह पिता रमन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 70 | 241 | 1908 | टांड दो | रैयती | 0.3984 | बंशिधर सिंह पिता जैयन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 71 | 276 | 1862 | टांड दो | रैयती | 0.1369 | मुकदेव सिंह पिता कुवंर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 72 | 305 | 2314 | धान दो | रैयती | 0.129 | रघुवंश सिंह वो रामनन्दन सिंह वो सुरेश सिंह वो कृष्णा सिंह पिता ईन्द्रेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 73 | 105 | 2987 | धान दो | रैयती | 0.0393 | जय गोविन्द सिंह पिता राजनाथ सिंह व बालगोविन्द सिंह पिता मथुरा सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 74 | 298 | 2990 | धान दो | रैयती | 0.1497 | रघुनाथ सिंह पिता जगदेव सिंह एवं तपेश्वरी सिंह पिता बैजनाथ सिंह जाति राजपुत एवं मो0 झलक राजकुवंर पति बैजनाथ सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 75 | 298 | 2984 | धान दो | रैयती | 0.1005 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 76 | 305 | 2994 | टांड एक | रैयती | 0.2049 | रघुवंश सिंह वो रामनन्दन सिंह वो सुरेश सिंह वो कृमणा सिंह पिता ईन्द्रेव सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 77 | 105 | 2993 | टांड दो | रैयती | 0.01 | जय गोविन्द सिंह पिता राजनाथ सिंह जाति राजपुत व बालगोविन्द सिंह पिता मथुरा सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 78 | 165 | 2995 | टांड दो | रैयती | 0.258 | नागेन्द्र सिंह पिता रामचरीत्र सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 79 | 236 | 3001 | धान दो | रैयती | 0.0781 | वृजकिशोर सिंह वो सुरदेव सिंह वो उदय सिंह पिता नोरंग सिंह एवं मुरली सिंह वो विश्वनाथ सिंह वो अनुरोध सिंह पिता रघुविर सिंह एवं मोसोमात हरीदया कुवंर पति रघुविर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 80 | 236 | 3002 | धान दो | रैयती | 0.0767 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 81 | 10 | 3005 | धान दो | रैयती | 0.0843 | अवधनारायण सिंह पिता द्वारीका सिंह जाति राजपजुत | – | – | – | – | – |
| 82 | 26 | 3006 | धान दो | रैयती | 0.3426 | कामता सिंह वो रामप्रवेश सिंह पिता नरेश सिंह एवं लक्ष्मी नारायन सिंह पिता रघुनन्दन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 83 | 80 | 3026 | धान दो | रैयती | 0.0889 | गोपाल सिंह वो नारायणदेव सिंह पिता राजकिशोर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 84 | 80 | 3027 | धान दो | रैयती | 0.0956 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 85 | 255 | 3028 | धान दो | रैयती | 0.1815 | भुनेश्वर सिंह वो कैदार सिंह पिता देवनन्द सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 86 | 26 | 3045 | धान दो | रैयती | 0.0303 | कामता सिंह वो रामप्रेश सिंह पिता नारनेश सिंह एवं लक्ष्मी नारायन सिंह पिता रघुनन्दन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 87 | 96 | 3044 | धान दो | रैयती | 0.1507 | जगनारायण सिंह वो हरि नारायण सिंह पिता रामजन्म सिंह एवं अखजु सिंह पिता अमीर सिंह एवं जतन सिंह पिता शिववरण सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 88 | 165 | 3033 | टांड दो | रैयती | 0.0317 | बृजकिशोर सिंह वो सुर्यदेव सिंह वो उदय सिंह पिता नोरंग सिंह एवं मुरली सिंह वो विश्वनाथ सिंह वो अनुरूध सिंह पिता रघुवीर सिंह एवं मो0 हरीदया कुवंर पति रघुवीर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 89 | 26 | 3043 | धान दो | रैयती | 0.1325 | कामता सिंह वो रामप्रेश सिंह पिता नरेश सिंह एवं लक्ष्मी नारायन सिंह पिता रघुनन्दन सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 90 | 80 | 3040 | धान दो | रैयती | 0.0717 | गोपाल सिंह वो नारायणदेव सिंह पिता राजकिशोर सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 91 | 80 | 3039 | धान दो | रैयती | 0.0009 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 92 | 390 | 3041 | धान दो | रैयती | 0.0417 | श्याम किशोर पाठक पिता रामदत पाठक जाति ब्राम्हण | – | – | – | – | – |
| 93 | 35 | 3037 | धान दो | रैयती | 0.1231 | कैइल सिंह वो ईश्वरी सिंह वो रमेश सिह पिता नरसिंह नारायण सिंह एवं जनार्दन सिंह वो मनोज सिंह पिता विकम सिंह एवं रामपरीखा सिंह पिता दोबरी सिंह जाति राजपुत | – | – | – | – | – |
| 94 | 172 | 3735 | धान दो | रैयती | 0.0992 | परीखा सिंह पिता दलजित सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम अधौरा | – | – | – | – | – |
| 95 | 222 | 3734 | धान दो | रैयती | 0.1496 | विशुनदेव सिंह पिता राम परीखा सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम | – | – | – | – | 9 पेड़, बोर |
| 96 | 165 | 3728 | धान दो | रैयती | 0.1522 | नागेन्द्र सिंह पिता राम चरित्र सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम टोला वरडीहा | – | – | – | – | बोर |
| 97 | 298 | 3725 | धान दो | रैयती | 0.1571 | रघुनाथ सिंह पिता जगदेव सिंह जाति राजपुत एव तपेशरी सिंह पिता बैजनाथ सिंह जाति राजपुत एवं मोसमात झलक राज कुवंर पति बैजनाथ सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम वो परमानन्द सिंह पिता भुनेश्वर सिंह | – | – | – | – | – |
| 98 | 305 | 3723 | धान दो | रैयती | 0.0529 | रघुवंश सिह व रामनन्दन सिंह व सुरेश सिंह व कृमणा सिंह पिता इन्दरदेव सिंह अंश समान जाति राजपुत निज ग्राम वरडीहा | – | – | – | – | – |
| 99 | 305 | 3720 | धान दो | रैयती | 0.0545 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 100 | 305 | 3719 | धान दो | रैयती | 0.0696 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 101 | 305 | 3718 | धान दो | रैयती | 0.0686 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 102 | 159 | 3717 | धान दो | रैयती | 0.1488 | नरेश पाठक व गणेश पाठक व परेसा पाठक व धनेश पाठक पिता रामदत पाठक व सहदेव पाठक पिता सविलास पाठक वो हरीस कुमार पाठक पिता नन्द किशोर पाठक वगैरह वो ललन सिंह पिता वृजनारायण सिंह | – | – | – | – | – |
| 103 | 363 | 3716 | धान दो | रैयती | 0.1276 | राम वृक्ष सिंह व रामनन्दन सिंह पिता धर्मजित सिंह वो सुरेन्द्र सिंह पिता सरयु सिंह वो विनोद सिंह पिता चन्द्रमा सिंह वगै0 | – | – | – | – | – |
| 104 | 298 | 3714 | धान दो | रैयती | 0.1022 | रघुनाथ सिंह पिता जगदेव सिंह जाति राजपुत एव तपेशरी सिंह पिता बैजनाथ सिंह जाति राजपुत एवं मोसमात झलक राज कुवंर पति बैजनाथ सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम वो ललन सिंह पिता मुनेश्वर सिंह वगै0 | – | – | – | – | मकान बोर |
| 105 | 165 | 3713 | धान दो | रैयती | 0.3062 | नागेन्द्र सिंह पिता राम चरित्र सिंह | – | – | – | – | पोल |
| 106 | 291 | 3710 | धान दो | रैयती | 0.0735 | मुरली सिंह व विश्वनाथ सिंह व अनुरूध सिंह पिता रघुवीर सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम | – | – | – | – | |
| 107 | 222 | 3709 | धान दो | रैयती | 0.028 | विशुनदेव सिंह पिता राम परीखा सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम | – | – | – | – | स्मारक 1 |
| 108 | 238 | 3706 | धान दो | रैयती | 0.1229 | वृज नारायण सिंह व ब्रह्मदेव सिंह व प्रभुनाथ सिंह पिता बैंकुंठ नारायण सिंह जाति राजपुत निवासी निज ग्राम | – | – | – | – | – |
| 109 | 363 | 3829 | धान दो | रैयती | 0.4595 | राम वृक्ष सिंह व रामनन्दन सिंह पिता धर्मजित सिंह वो सुरेन्द्र सिंह पिता सरयु सिंह वगै0 | – | – | – | – | – |
| 110 | 105 | 3702 | धान दो | रैयती | 0.2255 | जय गोविन्द सिंह पिता राजनाथ सिंह व बालगोविन्द सिंह पिता मथुरा सिंह | – | – | – | – | – |
| 111 | 105 | 3698 | धान दो | रैयती | 0.2944 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 112 | 105 | 3699 | धान दो | रैयती | 0.0386 | तदैव | – | – | – | – | – |
| 113 | 305 | 3690 | धान दो | रैयती | 0.0082 | रघुवंश सिंह व रामनन्दन सिंह व सुरेश सिंह व कृमणा सिंह पिता इन्दरदेव सिंह | – | – | – | – | – |
| 114 | 105 | 3697 | धान दो | रैयती | 0.0449 | जय गोविन्द सिंह पिता राजनाथ सिंह व बालगोविन्द सिंह पिता मथुरा सिंह | – | – | – | – | – |
| 115 | 105 | 3696 | धान दो | रैयती | 0.0773 | तदैव | – | – | – | – | – |
| | | | | कुल :– | 13.7307 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम.........×......... थाना.........×......... थाना सं0.........×......... अंचल.........×.........जिला.........×......... क्षेत्रफल .........×......... एकड़.........×......... यानि.........×......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–

.........×.........

.........×.........

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्या0 पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 346499 (Palamu) 24-25 (D)

### संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने कहा

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सौर महाशक्ति' बना भारत

● नेट जीरो एमिशन पाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप



**पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही भारत की ऊर्जा यात्रा**

पिछले 10 वर्षों में भारत की ऊर्जा यात्रा ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रही है। सौर पैनल, सौर पार्क और छत पर सौर परियोजनाओं जैसी पहलों ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत पर सौर ऊर्जा को एक घरेलू वास्तविकता बना रही है और यह स्थायी ऊर्जा में एक गेम-चेंजर है, जो हर घर को क्लीन एनर्जी से सशक्त बनाती है। वर्ष 2024 में लांच की गई यह योजना 9 लाख छत पर सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों के करीब है, जिससे देश भर के घरों में स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद मिलेगी। देश के सौर ऊर्जा क्षेत्र में पिछले दशक में क्षमता में 3,450 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2014 में 2.82 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में 100 गीगावाट हो गई है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत प्रयासरत है। वहीं, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील के अनुसार, भारत पहले ही एक 'सौर महाशक्ति' बन चुका है।

शनिवार को राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए, स्टील ने कहा कि जहां कुछ सरकारें बात करती हैं, वहीं भारत सस्टेनेबल ग्रोथ और एनर्जी सिक्योरिटी को प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई करता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक ग्लोबल लीडर बन गया है।

स्टील ने ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 में क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने की भारत की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

स्टील ने कहा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के दौरान ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत क्लीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है, कार्बन तीव्रता में कटौती कर रहा है और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नेट जीरो एमिशन पाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप है, जो सस्टेनेबिलिटी के प्रति भारत के समर्पण को प्रदर्शित करती है।

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष कार्यकारी ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक जलवायु कार्रवाई तेज होती जा रही है, भारत सस्टेनेबिलिटी, क्लीन टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट फाइनेंस में मजबूत बन रहा है और खुद को भविष्य के क्लीन एनर्जी सुपरपावर के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल क्लीन एनर्जी बूम को और भी मजबूती से अपनाने से भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु प्रमुख ने भारत से अपनी संपूर्ण अर्थव्यवस्था को कवर करने वाली एक महत्वाकांक्षी जलवायु योजना विकसित करने का भी आग्रह किया।

देश ने पहले ही 100 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को पार करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है, जिससे रिन्यूवेबल एनर्जी में ग्लोबल लीडर के रूप में देश की स्थिति मजबूत हुई है। 31 जनवरी तक, भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 100.33 गीगावाट है, जिसमें 84.10 गीगावाट कार्यान्वयन के अधीन है और अतिरिक्त 47.49 गीगावाट टेंडरिंग के अधीन है।

# काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु व काशी के बीच संबंधों को मजबूत : मोदी

**एजेंसी। वाराणसी**



काशी तमिल संगमम-3 की सफलता के लिए वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामना संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इन संगम को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है। यह जानकर खुशी हो रही है कि इस वर्ष हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाया जाएगा। काशी-तमिल संगमम-3 का आयोजन 15 से 24 फरवरी तक किया गया है।

प्रधानमंत्री ने यह शुभकामना संदेश अपने अमेरिका दौरे में लिखा। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा कि वाराणसी में काशी तमिल संगमम-3 के आयोजन के बारे में जानना आनंददायक है। प्रयागराज में महाकुंभ के बीच होने के कारण यह अवसर और भी महत्वपूर्ण हो गया है। तमिलनाडु और काशी के बीच, कावेरी और गंगा के बीच का अटूट संबंध हजारों साल पुराना है। पिछले दो संगमों के दौरान लोगों की हार्दिक भावनाओं और अनुभवों ने भारत की विविध संस्कृति की सुंदरता के साथ-साथ लोगों के बीच मजबूत संबंधों को भी प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों को महाकुंभ का अनुभव करने के साथ-साथ अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन भी करने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि सभी प्रतिभागी इन स्थानों की दिव्यता से धन्य महसूस करेंगे। जैसे-जैसे राष्ट्र विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, काशी तमिल संगमम जैसे प्रयास हमारी विविधता का जश्न मनाते हुए हमारी एकता को मजबूत करने में सर्वोपरि हो जाते हैं। काशी आने वाले तमिलनाडु के लोग जीवन भर याद रखने योग्य महान यादें लेकर वापस जाएं।

# दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में 11 जगहों पर सीबीआई रेड

### साइबर क्राइम मामले में हुई कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में 9 जगहों पर और हरियाणा के हिसार में दो जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई की यह छापेमारी साइबर क्राइम से संबंधित एक जांच के तहत की गई।

सीबीआई ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि यह अभियान आरसी 14/2023 के तहत चल रहा है, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी और 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66डी के तहत पंजीकृत था। विश्वसनीय सूत्रों से सीबीआई को जानकारी मिली थी कि आरोपी सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश कर और क्रिप्टो फ्रॉड करने के लिए कंप्यूटर संसाधनों और क्रिप्टो उपकरणों का उपयोग कर रहे थे।

इसके अलावा, वे भारत और विदेशों में लोगों को धोखा दे रहे थे, उन्हें नकली तकनीकी सहायता प्रदान कर और क्रिप्टो करेंसी के रूप में पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखाधड़ी से प्रेरित कर रहे थे। इसके बाद यह धन कई क्रिप्टो वॉलेट्स के माध्यम से मार्गदर्शित किया गया और नकदी में बदल दिया गया। सीबीआई ने पहले ही इस मामले में आरोपपत्र दायर किया है, जिसमें तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 420 और 384, साथ ही आईटी अधिनियम की धारा 66डी के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## 'आप' के पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन वीरेंद्र सचदेवा ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद आम आदमी पार्टी के कई पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद प्रेस वार्ता में वीरेंद्र सचदेवा ने कई आप नेताओं के भाजपा में शामिल होने का संकेत भी दिया। दावा किया, "मुझसे आप के कई नेता मुलाकात करके गए हैं। वो भी जल्द ही भाजपा का दामन थामेंगे। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में काम कर रहे हैं।"

### कटरा में एसएमवीडीयू के 10वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा

# जम्मू-कश्मीर में शुरू हुई है एक नई यात्रा

**बोले उपराष्ट्रपति**

● अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं

● बदलाव की हवा शांति और प्रगति लेकर आई है, यह अदृश्य नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष है



**दो वर्षों में मिला 65,000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बताया कि केवल दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर को 65,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो इस क्षेत्र में मजबूत आर्थिक रुचि के संकेत हैं। वर्ष 2019 के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। यह क्षेत्र आत्मविश्वास और पूंजी का संगम है।

**एजेंसी। कटरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के बाद जम्मू और कश्मीर में एक नई यात्रा शुरू हुई है। पवित्र क्षेत्र अब संघर्ष क्षेत्र नहीं माना जाता। यहां के लोगों की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। उन्होंने भाजपा के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संदर्भ देते हुए कहा कि धरती के एक महान सपूत ने एक बार 'एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' की मांग उठाई थी। वह सपना अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पूरा हुआ है।

उन्होंने कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां अब हम वास्तविक व्यवस्था और स्थिरता देख रहे हैं। अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के साथ जब अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं तो नई पीढ़ियों को आकांक्षाओं को पंख लग गए हैं। माता वैष्णो देवी की पवित्र भूमि में एक नई तीर्थयात्रा शुरू हुई- अलगाव से एकीकरण की यात्रा। अनुच्छेद 370 संविधान में एक अस्थायी अनुच्छेद था।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान के निर्माता बीआर अंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को छोड़कर सभी अनुच्छेदों का मसौदा तैयार किया था। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में जाएं, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने क्यों मना कर दिया था। भारतीय राजनीतिक क्षितिज के एक ओर विशाल दिग्गज सरदार वल्लभभाई पटेल ने जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर भौतिक राज्यों को एकीकृत करने का कार्य अपने ऊपर लिया। धनखड़ ने कहा कि अब बदलाव की हवा शांति और प्रगति लेकर आई है। धरती के एक महान सपूत ने एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान की मांग की थी और वह पूरी हो गई है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह पहली बार 1980 के दशक की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर आए थे, जब उन्होंने अपने परिवार के साथ गुलमर्ग, सोनमर्ग और अन्य स्थानों का दौरा किया था। उन्होंने कहा, दूसरी यात्रा में एक बहुत ही दर्दनाक अनुभव था। मैं वर्ष 1989 में संसद के लिए चुना गया था। मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में श्रीनगर आया था। हमने श्रीनगर की सड़कों पर दर्जनों लोगों को भी नहीं देखा, जो कि दृश्य एक उदासी भरा था। उन्होंने कहा कि देखिए हम अब कहां हैं।

## स्वदेश लौट रहे नेपाली सेना के मेजर जनरल पर लेबनान में जानलेवा हमला



**काठमांडू।** संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में लेबनान में कार्यरत नेपाली सेना के मेजर जनरल चोक बहादुर ढकाल अपना दो वर्षों का कार्यकाल पूरा कर वापस लौट रहे थे, इस दौरान बेरुत के पास उनपर हिजबुल्लाह के आतंकियों ने जानलेवा हमला किया। शुक्रवार मध्य रात्रि संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन से विदाई के बाद विमान स्थल लौटने के क्रम में मेजर जनरल पर यह जानलेवा हमला हुआ है। इस बारे में शनिवार को नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर गौरव केसी ने बताया कि बेरुत विमानस्थल पर पहुंचने से थोड़ी देर पहले ही मेजर कार्ला के काफिले को रोक कर उसमें आगजनी की गई। सैन्य प्रवक्ता केसी के मुताबिक सुरक्षा दस्ते और स्कार्टिंग के साथ विमानस्थल पहुंचने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में हिज्बुल्लाह के आतंकियों ने मेजर जनरल ढकाल की गाड़ी को रोक कर उसमें आगजनी कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि आगजनी के दौरान गाड़ी से सुरक्षित निकले मेजर जनरल को आतंकियों ने पकड़ कर उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

## इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा

**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं-अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद ने कैद में उनके कई वीडियो जारी किए हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल ने कहा कि फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन, रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रोफानोव और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न को रिहा करेगा। हमास के कैदी मीडिया कार्यालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि इसके बाद इजराइल 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। यह ताजा घोषणा इस सप्ताह गाजा संघर्ष विराम समझौते पर हमास और इजराइल के बीच विवाद के बाद आई है। हमास ने कहा था कि वह कथित इजराइली उल्लंघनों के कारण योजना के अनुसार शनिवार को इजराइली बंधकों को रिहा नहीं करेगा।



# पाक में जस्टिस डोगर की ताजा नियुक्ति के खिलाफ जजों व वकीलों ने मोर्चा खोला

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जजों और वकीलों ने जस्टिस सरदार मोहम्मद सरफराज डोगर की नई नियुक्ति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जस्टिस डोगर को कल इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इससे पहले वो लाहौर हाई कोर्ट में जज थे।

डान समाचार पत्र के अनुसार, आईएचसी के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डोगर के शपथ ग्रहण समारोह का साथी जजों ने बहिष्कार किया। यही नहीं संघीय राजधानी के वकीलों के संगठन ने भी शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाए रखी। वकीलों के संगठन ने कहा कि जस्टिस डोगर की नियुक्ति उन्हें अस्वीकार्य है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलने के बावजूद इस्लामाबाद हाई कोर्ट के पांच जस्टिस नहीं पहुंचे। इनमें जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस तारिक महमूद जहांगीरी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार इजाज इशाक खान और जस्टिस समन रफत इम्तियाज शामिल हैं। दिलचस्प यह है कि जस्टिस कयानी ने राष्ट्रपति भवन से कुछ दूरी पर शीर्ष अदालत की इमारत में आयोजित सुप्रीम कोर्ट के नए न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उनसे एक पत्रकार ने यहां पूछा कि क्या वह अपने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, तो उन्होंने जवाब दिया कि "मैं यहां सहज हूं"।

## गायक प्रतुल मुखोपाध्याय का 82 वर्ष की आयु में निधन



**कोलकाता।** गायक और संगीत निर्देशक प्रतुल मुखोपाध्याय का शनिवार को कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। गायक को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। उनके इलाज के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था।

### भारत को नए युग के उद्योगों में प्रतिस्पर्धा के लिए खोखले भाषणों की नहीं आवश्यकता

# मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन उसे अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए नई तकनीक में औद्योगिक कौशल का निर्माण करने के लिए मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है, न कि खोखले भाषणों की। राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे चीन ने ड्रोन का उत्पादन शुरू किया है जो दुनियाभर में युद्ध में क्रांति ला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए एक रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ ड्रोन तकनीक पर नौ मिनट का एक वीडियो भी टैग किया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है लेकिन ड्रोन सिर्फ एक टेक्नोलॉजी भर नहीं है वह एक मज़बूत इंडस्ट्रियल सिस्टम द्वारा ज़मीनी और छोटे-छोटे स्तर पर उत्पादित होने वाला नवाचार है।

राहुल ने कहा कि ड्रोन्स ने टैंक, तोप और यहां तक कि एयरक्राफ्ट कैरियर के महत्व को भी कम कर दिया है। एयर पावर को प्लाटून लेवल तक ला दिया है और युद्धक्षेत्र में खुफिया तंत्र एवं सटीकता को नया रूप दिया है लेकिन यह क्रांति सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है बल्कि यह उद्योग, एआई और अगली पीढ़ी की तकनीक की भी बात है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री इसे समझने में असफल रहे हैं। ऐसे समय में जब वह एआई पर सिर्फ़ 'टेलीप्रॉम्प्टर' से पढ़कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे कंपिटिटर्स नई टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर रहे हैं। भारत को खोखले भाषणों की नहीं बल्कि मजबूत उत्पादन बेस की ज़रूरत है। असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं, बल्कि उनके पीछे की इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन तंत्र को नियंत्रित करने में है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में नहीं बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम एआई या तकनीक में नेतृत्व नहीं कर सकते अगर हमारा उत्पादन पर नियंत्रण नहीं है। हमने अपनी उपभोक्ता डेटा सौंप दी है। हम मुख्य कंपोनेंट्स नहीं बनाते हैं और जब बाकी दुनिया भविष्य गढ़ रही है तब हम सिर्फ असेंबल करने तक ही सीमित हैं। राहुल ने कहा कि भारत के पास अद्भुत प्रतिभा, विशाल क्षमता और जबरदस्त इच्छाशक्ति है लेकिन खोखली बातों से कुछ नहीं होगा। हमें स्पष्ट दृष्टि और असली औद्योगिक ताकत चाहिए। भविष्य ऊपर से नहीं बनेगा, यह जमीनी स्तर से उभरेगा। अब वक्त है कि भारतीय युवा कदम बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि भारत पीछे न छूटे।

